सुप्रभात
रांची, गुरुवार
17.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 124

भारत और न्यूजीलैंड सीरीज कल से




झारखंड राज्य स्थपना दिवस
एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के
पावन अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



## वैद्यनाथ राम

झामुमो विधायक लातेहार



आईये
हम सभी मिलकर
हेमंत सरकार द्वारा
चलायी जा रही लोक
कल्याणकारी योजनाओं
को धरातल पर उतारने
का काम करें।

हेमंत
सरकार वादे नहीं
बल्कि झारखंड के संपूर्ण
विकास के इरादे के साथ आयी
है। चुनाव के समय किये गये
हर एक वादे को पूर्ण कर
रही है हेमंत सरकार।

झारखंड राज्य स्थपना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के
पावन अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आरके ट्रांसपोर्ट




रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे
अमित कुमार गुप्ता



झारखंड राज्य स्थपना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के
पावन अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



## चेतलाल रामदास

भाजपा नेता सह
भावी विधायक
प्रत्याशी लातेहार
विधानसभा क्षेत्र



झारखंड राज्य स्थपना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के
पावन अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



## मुकेश सिंह

भाजपा नेता सह
व्यवसायी लातेहार

आईये हम सभी
मिलकर
माननीय
प्रधानमंत्री नरेन्द्र
मोदी के हांथो को
मजबूत करें।

झारखंड राज्य स्थपना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के
पावन अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## प्रकाश राम


भाजपा नेता सह पूर्व
विधायक लातेहार

जनता की आवाज बनकर क्षेत्र
की समस्याओं को दूर करने
को लेकर कृतसंकल्पित



खबर एक नजर में

## हाईकोर्ट में सशरीर हाजिर हुए देवघर डीसी



नए सिरे से हलफनामा दायर करने का निर्देश

**रांची।** देवघर जिले के रामपुर इलाके में गोचर लैंड से जुड़े मामले में देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री बुधवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन एवं जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने देवघर डीसी को नए सिरे से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। यह मामला बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए गोचर लैंड पर प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने का है। इसको लेकर देवघर जिले में काफी हंगामा हुआ था। जिसके बाद देवघर जिले के बाड़ा इलाके में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता रत्नेश कुमार ने पक्ष रखा।

## भाकपा माले ने बगोदर की जनता को दी बधाई

**रांची।** भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने विनोद सिंह को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुने जाने पर बगोदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई दी है। भाकपा माले ने कहा है कि विधायक विनोद सिंह ने आंदोलनरत जनता के संघर्ष और आवाज को सड़क और सदन में बुलंद किया है। भाकपा माले ने भरोसा जताया है कि विनोद सिंह एक जन प्रतिनिधि के बतौर और जनता के हितों के लिए लड़नेवाले अगुआ योद्धा के बतौर महेंद्र सिंह की क्रांतिकारी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। भाकपा माले राज्य कमिटी ने चयन समिति को धन्यवाद दिया है।

## जेबीवीएनएल के सीएमडी हाईकोर्ट तलब

**रांची।** दुमका के रानी सती राइस मिल के बकाया भुगतान से संबंधित मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के सीएमडी को 23 नवंबर को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। यह मामला रानी सती राइस मिल के बकाया भुगतान से जुड़ा है। रानी सती राइस मिल पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर 30 लाख की वसूली की गई थी। इस मामले में सक्षम न्यायालय ने रानी सती मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसले के बाद जेबीवीएनएल को वसूली के 30 लाख लौटाने थे। पैसा वापसी नहीं होने पर यह मामला हाईकोर्ट में पहुंचा है।

## होम गार्ड जवानों की सेवा मुक्ति का आदेश रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रवि मुखर्जी एवं अन्य होमगार्ड जवानों को वर्ष 2017 में होमगार्ड मुख्यालय के द्वारा सेवा मुक्त किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया है। सेवामुक्ति के आदेश के खिलाफ रवि मुखर्जी, अखिलेश सिन्हा एवं अन्य होमगार्ड जवानों ने हाईकोर्ट में वाद दायर की थी। कोर्ट ने 8 सप्ताह के अंदर होमगार्ड मुख्यालय को कार्रवाई करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई। इसके साथ ही अदालत ने राजीव कुमार तिवारी और कृष्णा यादव को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने दोनों को सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में अग्रिम बेल दी है।

## पंकज मिश्रा की जमानत पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध कमाई के मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी पर बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल किया। इसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने जवाब पढ़ने के लिए समय की मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 22 नवंबर निर्धारित की। बता दें कि पंकज मिश्रा 121 दिनों से न्यायिक हिरासत में है। उसने 17 अक्तूबर को जमानत अर्जी दाखिल की है। वहीं पंकज के सहयोगी बच्चू यादव की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई होगी।

### कांग्रेस विधायकों की बैठक में दिखी सीएम के प्रति एकजुटता

# महागठबंधन के सभी विधायक हेमंत सरकार के साथ रहेंगे : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में उत्पन्न राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के विधायकों की बैठक विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के अवास पर बुधवार को हुई। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सभी विधायक एकजुट हैं। महागठबंधन के सभी विधायक मजबूती से हेमंत सरकार के साथ बने रहेंगे। सीएम हाउस में मीटिंग में आगे की रणनीति तय होगी। मंत्री बन्ना गुप्ता ने भोजपुरी में कहा कि चिंता के बात नैखे। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षित है, अब सीएम के साथ मिल कर आगे की योजना पर अमल होगा।



### महागठबंधन धर्म का होगा पालन : आलमगीर आलम

आलमगीर आलम ने कहा कि महागठबंधन धर्म का पालन होगा। सब एकजुट हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कल ईडी की सीएम से पूछताछ में कैबिनेट मंत्री और महागठबंधन के नेता भी एकजुटता दिखाने को जायेंगे, उन्होंने कहा कि ईडी ने केवल सीएम को बुलाया है। राहुल और सोनिया गांधी को पूर्व में ईडी की पूछताछ में पार्टी की ओर से विरोध के मसले पर कहा कि उस समय की परिस्थिति कुछ और थी, अभी कुछ और। रणनीति बहुत स्पष्ट है। जनता के सवालों को हल करने में महागठबंधन अपना धर्म निभायेगा।

### जनता चाहेगी सीएम के साथ जाने को तो मैं जरूर जाऊंगा...

राजेश ठाकुर ने इस पर कहा कि जनता चाहेगी सीएम के साथ जाने को तो वो जरूर जायेंगे। सारे मसले पर सीएम हाउस में ही बात होगी। बैठक में इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, विक्सल कोंगाड़ी को छोड़ बाकी सभी विधायकों के शामिल होने की सूचना है। बैठक में अंबा प्रसाद, पूर्णिमा नीरज सिंह, मंत्री बादल, आलमगीर आलम, दीपिका पांडेय, भूषण बाडा, प्रदीप यादव, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, अनूप जयमंगल सिंह और अन्य भी उपस्थित थे।

## भाजपा और आजसू प्रदेश कार्यालय की सुरक्षा बढ़ी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड स्थित भाजपा मुख्यालय और आजसू कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अरगोड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसा कोई इनपुट नहीं मिला है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर यह व्यवस्था की गयी है। भाजपा ऑफिस में 12 पुलिस जवानों और आजसू ऑफिस में 10 जवानों को तैनात किया गया है।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने 17 नवंबर को सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीएम हाउस से ईडी कार्यालय जाने के रूट में ही भाजपा और आजसू पार्टी के प्रदेश मुख्यालय है। गुरुवार को हेमंत सोरेन और झामुमो के हजारों समर्थक भी रांची पहुंचेंगे।

उधर, आजसू भी गुरुवार को राज्य के जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन करने वाली है। ऐसे में राजधानी में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घटे, इसे लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

### सीएम से मिलीं दीपिका पांडेय, रखी मांग

## अडाणी पावर से गोड्डा को दिलाएं 10 प्रतिशत बिजली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अडाणी पावर लिमिटेड से उत्पादित होने वाली बिजली का लाभ गोड्डा जिले को भी दिए जाने की मांग की है। सीएम हाउस में बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर इसके लिए आवेदन भी दिया और उनसे पहल की अपील की। इसमें कहा है कि महागामा और गोड्डा जिले में बिजली की कमी बड़ी समस्या है। गोड्डा में अडाणी पावर द्वारा 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन की तैयारी है परंतु गोड्डा जिले को बिजली देने की उसकी मंशा नहीं दिखती। स्थानीय युवाओं को



रोजगार दिए जाने में भी उदासीनता है। ईसीएल में भी निजी क्षेत्र में 75 सीटों पर स्थानीय को नौकरी के प्रावधान के बावजूद नौकरी नहीं दी जा रही। ऐसे में सरकार पहल करे और अडाणी पावर से 10 प्रतिशत बिजली गोड्डा को दिलाएं। उसमें और ईसीएल में नौकरी भी स्थानीय बेरोजगारों को दी जाये।

## अभिषेक झा ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

**रांची।** मनरेगा घोटाला की प्रमुख आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने हाईकोर्ट से अपनी जमानत के लिए गुहार लगायी है। अभिषेक झा ने क्रिमिनल मिसलेनियस पिटिशन दाखिल की है। याचिका में उन्होंने अपनी अग्रिम जमानत के साथ उनके खिलाफ इडी कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान को भी रद्द करने की मांग की है। वहीं उन्होंने इडी कोर्ट द्वारा जारी किये गये समन को भी चुनौती दी है। बता दें कि इससे पहले 5 नवंबर को अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को रांची इडी की कोर्ट ने खारिज कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा आरोपी हैं। उनके विरुद्ध इडी कोर्ट से समन जारी हुआ है। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है।

### आज आजसू पार्टी का राज्यव्यापी आंदोलन

## सभी जिला मुख्यालय में होगा विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आजसू पार्टी आज गुरुवार को राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि निकाय चुनावों में ओबीसी के हितों को लेकर सरकार से अविलंब हक और अधिकार सुनिश्चित कराने की मांग के साथ जिला मुख्यालयों में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक आंदोलन करेंगे।

डॉ. भगत ने कहा कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ।





आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए राज्य सरकार कभी गंभीर नहीं रही। आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव की तैयारी की जा रही है। इस हकमारी के खिलाफ पिछड़ों में सरकार के खिलाफ रोष है।

## दुष्कर्म के आरोपी सौतेले पिता को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी सौतेला पिता इतवा उरांव उर्फ अमित उरांव को बुधवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर ₹20 हजार का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उसे एक साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने 10 नवंबर को दोषी ठहराया था। घटना को लेकर पीड़िता ने अभियुक्त के खिलाफ डोरंडा थाने में फरवरी 2018 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एपीपी मोहन कुमार ने अदालत के समक्ष ठोस गवाही दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर अभियुक्त को दोषी पाकर सजा सुनाई। घटना के दिन पीड़िता की मां शादी समारोह में गई थी।


**कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी के द्वारा आमंत्रित ई.-निविदा आमंत्रण सूचना सं.- WRD/MID/KHUNTI/F2-14/2022-23 Date :- 17.10.2022, (पी.आर. सं.-280255 Minor Irrigation (22-23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4(4.4A)(B) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:-

Earth Work - 2085.10 $M^3$
Boulder Masonry - 383.495 $M^3$
Boulder Pitching - 43.275 $M^3$
P.C.C/R.C.C - 265.955 $M^3$

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगें।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 282377 Minor Irrigation (22-23)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी


## बीएड कॉलेजों में दाखिले का रिजल्ट प्रकाशित

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने सरकारी एवं गैर सरकारी बीएड संस्थानों में 2022-24 सत्र के लिए नामांकन को लेकर आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। यह परीक्षा 23 अक्टूबर को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका तथा पलामू के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

## आरोपी सत्यम कुमार की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त एके राय की अदालत ने अवैध हथियार और गोला बारूद के आरोप में जेल में बंद सहरसा निवासी सत्यम कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जगन्नाथपुर पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के साथ बीते 30 अगस्त के उसे गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी रिवाल्वर और 67 पीस कारतूस जब्त किया था। इससे पूर्व न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत से भी जमानत अर्जी खारिज हो चुकी थी। मामले में जांच पूरी करते हुए आरोपी सत्यम कुमार, बंटी कुमार एवं शौर्या राज के खिलाफ आरोप गठन किया गया है।

# सिल्ली विस के राहे प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए सुदेश महतो ने सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को सिल्ली विधानसभा के प्रखंड राहे को सूखागस्त घोषित किए जाने को लेकर पत्र लिखा। इस साल मॉनसून की दगाबाजी और समय पर बारिश नहीं होने के कारण राज्य के बड़े हिस्से को संकट का सामना करना पड़ा है। हालात के मद्देनजर राज्य सरकार ने पिछले महीने 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया है। साथ ही सूखा प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 रुपये अग्रिम के रूप में बतौर सहायता देने का निर्णय लिया गया



है। सरकार का दावा है कि राहत के लिए और भी योजनाएं चलाई जाएंगी।

उन्होंने लिखा है कि उनके सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के राहे प्रखंड को इस सूची से बाहर रखा गया है जबकि इस प्रखंड में किसानों और खेतिहर मजदूरों ने भी व्यापक सूखा का सामना किया है। खेती ने उन्हें पहले ही निराश किया है और अब राहे प्रखंड को सूखाग्रस्त सूची से बाहर रखे जाने पर किसान हताश हैं जबकि राहे की बड़ी आबादी धान की खेती पर ही निर्भर करती है। इस प्रखंड में छोटे और सीमांत किसानों की बहुलता है। उधर राहे के अगल-बगल और सटे सभी प्रखंडों को सूखाग्रस्त सूची में शामिल किया गया है। इससे भी ग्रामीण परेशान होकर अपनी व्यथा बता रहे हैं।

वैसे सरकार ने कृषि विभाग की ग्राउंड ट्रूथिंग रिपोर्ट (जमीन आकलन) के आधार पर राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा ग्रस्त घोषित किया है लेकिन एक जनप्रतिनिधि के नाते गांव-गांव में लगातार दौरे और ग्रामीणों से चर्चा में यह पता चलता है कि राहे के हालात को लेकर जमीनी आकलन करने में चूक हुई है। सूखा के वक्त वैकल्पिक खेती अथवा अन्य जरूरी मदद उपलब्ध नहीं होने से भी किसान मुश्किल हालात से गुजरते रहे हैं। उन्होंने इस पत्र के माध्यम से अनुरोध किया कि इस मामले में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए राहे प्रखंड को भी सूखाग्रस्त की सूची में शामिल किया जाए, ताकि प्रभावित और आर्थिक तौर पर कमजोर किसानों मजदूरों को सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का सीधा लाभ मिल सके।


**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या – 02/2022-23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक – 22-11-2022 एवं 23-11-2022 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25-11-2022 को 3.00 बजे अपराहन तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25-11-2022 को 3.30 बजे अपराहन में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रखण्ड केरसई के पाकरटोली से बिरिंगाटोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | केरसई | 24.49000 | 50000 | 5000 | 30 days |

8. निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0
सिमडेगा।

PR 282432 (NREP) 22-23 (D)


### मुख्यमंत्री आवास के इर्द-गिर्द घूम रही महागठबंधन की गतिविधियां

# झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने बढ़ायी तपिश यूपीए सरकार के प्याले में राजनीतिक तूफान

उदय चौहान

**रांची।** गुलाबी ठंड के बावजूद राज्य की राजनीतिक पारा लगातार गर्म हो रहा है। यह सब कुछ माइनिंग लीज मामले में ईडी द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को समन किये जाने के कारण हो रहा है। एक तरफ सत्ताधारी यूपीए में बैठकों का दौर चल रहा है तो दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा राजनीतिक घटनाक्रम में पैनी निगाह रखे हुए है। भाजपा में आपातकालीन बैठक बुलायी गयी और भावी राजनीतिक रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। दरअसल, पिछले 48 घंटे से यहां का राजनीतिक वातावरण काफी गर्म हो गया है। राज्य स्थापना दिवस समारोह में पहले राष्ट्रपति ने मुख्य समारोह में आने से मना कर दिया। इसके बाद राज्यपाल रमेश बैस ने मोराबादी के समारोह से दूरी बना ली। आशंका और संभावना की उधेड़बुन में बीते मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह के बाद



सीएम ने झामुमो विधायकों की बैठक बुलायी और राजधानी में ही जमे रहने का निर्देश दिया।

इधर, राजभवन और सरकार के बीच की तल्खी अब सबके सामने खुलकर आ गयी है। मंगलवार को झारखंड स्थापना दिवस पर राज्यपाल का मुख्य समारोह का मंच शेयर नहीं करना सत्ताधारी दल को खल रहा है। सत्ताधारी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी अपने विधायकों का महाराष्ट्र दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सभी विधायकों को सीएम के साथ ईडी कार्यालय जाने में साथ रहने को कहा है। दरअसल, 17 नवंबर को सीएम रोड शो करते हुये ईडी कार्यालय जाने वाले हैं। इस बाबत झामुमो कार्यकर्ताओं का महाजुटान मोरहाबादी मैदान में हो रहा है। जाहिर है ईडी के सीएम को समन को लेकर यूपीए के प्याले में महातूफान आ गया है। साथ ही, इसका असर भाजपा की राजनीति में भी स्पष्ट हो रहा है।

### भाजपा की है राजनीतिक घटनाक्रमों पर पैनी नजर

भाजपा ने बुधवार को अचानक वर्चुअल बैठक बुलायी। इस बैठक के बाद सूबे का राजनीतक तापमान और बढ़ गया है। भाजपा सूत्रों का दावा है कि पूरे राजनीतिक घटनाक्रम पर उनकी पैनी नजर है। सीएम हेमंत सोरेन को ईडी की पूछताछ के बाद भावी राजनीतिक परिस्थिति के लिए भाजपा पूरी तरह तैयार है।

## कंपिटेंट बने रहने के लिए सीएम रोड शो करते जायेंगे ईडी दफ्तर

सूत्रों के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन गुरूवार को हिनू स्थित ईडी दफ्तर जाने के क्रम में शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे। वह सीएम आवास से रोड शो करते हुए ईडी दफ्तर जायेंगे। इस दौरान झामुमो के तमाम जिलों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं का आना भी शुरू हो गया है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने अपने दल के विधायकों के साथ पूरे मामले पर रायशुमारी की है। सूत्रों के अनुसार बुधवार को महागठबंधन बैठकों विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा हुई। बुधवार को पहले मुख्यमंत्री झामुमो विधायकों और पार्टी के बड़े नेताओं के साथ बैठक की। शाम को कांग्रेस अपने विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर महागठबंधन के विधायकों की बैठक होनी है।


**झारखण्ड सरकार**
**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**आम निलामी सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र एवं भण्डरिया प्रक्षेत्र के कार्यालय कैम्पस में (शेश बचे लॉट) जप्त प्रकाष्ठ जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो) गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। प्रकाश्ठ लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते **https://garhwa.nic.in/** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 – **8789831419** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | नीलामी स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट, प्रकाष्ठ की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 51 लौट प्रकाष्ठ |
| 2 | रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 5 लौट प्रकाष्ठ |
| 3 | भण्डरिया प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.12.2022<br>18.12.2022 | 11 लौट प्रकाष्ठ एवं 4 लौट प्रकाष्ठ |
| 4 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र के गोदरमाना नर्सरी कैम्पस | 08.12.2022<br>19.12.2022 | 7 लौट प्रकाष्ठ/ जलावन |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 282417 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)#D

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
17.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 124

12 भारत को जी-20 की कमान, मोदी बोले-आज का युग जंग का नहीं

### दो आइपीएस अफसरों को मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची। पुलिस मुख्यालय की ओर से दो आईपीएस अधिकारी को अपने कार्य के अलावा अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है। जैप- 10 के कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह को एसपी अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं आईआरबी -2 के कमांडेंट संजय रंजन सिंह को एसपी सीटीसी मुसाबनी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अवैध शराब की फैक्टरी का खुलासा

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र के सेहरा गांव के एक घर में छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। छापेमारी के क्रम में 15 कार्टून विदेशी शराब, 50 लीटर स्प्रिट, विभिन्न कंपनी का खाली बोतल, कोर्क, ढक्कन,अलग-अलग कंपनी का लेबल, सिलिंग मशीन, स्टीकर बरामद किया हैं।

### खदान में दब कर 12 की मौत, दो झारखंड के

आइजोल। मिजोरम में पत्थर की खदान का एक बड़ा हिस्सा गिरने से 12 लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो झारखंड के भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक आठ शव निकाले जा चुके हैं। राज्य आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि एक निजी कंपनी की पत्थर की खदान का एक बड़ा हिस्सा पत्थर के गड्ढे में काम करने के दौरान अचानक गिरने से कम से कम 15 श्रमिक दब गये। शवों को निकालने के लिए तलाशी अभियान जारी है। पत्थर के बड़े-बड़े पत्थर और अन्य चुनौतियां बचावकर्मियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। 12 श्रमिकों में से पांच पश्चिम बंगाल के, तीन असम के और दो-दो झारखंड और मिजोरम के थे।

## झामुमो के मिलन समारोह में गरजे सीएम हेमंत सोरेन, कहा

# षड्यंत्रकारियों को करेंगे बेनकाब

- झारखंड विरोधियों ने 20 साल तक जनता से किया खिलवाड़
- यहां झारखंडियों का राज चलेगा या विरोधियों का यह आपको तय करना है

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को दमदार राजनीतिक उपस्थिति का एहसास कराया। भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को झामुमो में शामिल कराया। भाजपा के साथ- साथ कई दूसरी पार्टी के नेताओं ने सीएम के सामने जेएमएम का दामन थाम लिया है। सीएम ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा का पार्टी में स्वागत किया। उनके साथ बगोदर क्षेत्र से शत्रुघ्न मंडल ,राजद के प्रदेश महासचिव विजय महतो अपने समर्थकों के साथ जेएमएम में शामिल हो गये। इस अवसर पर सीएम आवास के बाहर मिलन समारोह आयोजित किया गया। सीएम ने कहा, हमें मिलकर लड़ाई लड़नी है। राज्य का विकास करना है। आप सभी को झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में स्वागत करते हैं। सीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि साजिश रचने वालों को बेनकाब करने का समय आ गया है। समय आ गया है कि राज्य के आदिवासियों और मूल वासियों को एक छत के नीचे आना होगा। सभी को मिलकर राज्य का विकास करना है। उन्होंने किसी भी पार्टी का नाम लिये बगैर कहा कि षड्यंत्रकारियों की पनडुब्बी पानी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। उसको बेनकाब करने की तैयारी कर रहे हैं। इसका जवाब आप लोगों को देना है। आपको यह तय करना है कि षड्यंत्रकारियों का राज चलेगा या यहां के आदिवासियों और मूल वासियों का।



### झारखंड विरोधियों ने जनता से खिलवाड़ किया

सीएम ने कहा कि राज्य तो हमने ले लिया, लेकिन, दुर्भाग्य से राज्य की दिशा देने का काम ऐसे लोगों के हाथ में चला गया, जो राज्य के घोर विरोधी रहे हैं। जिन लोगों का यहां के जल, जंगल, जमीन से कोई लेना-देना नहीं रहा। वे लोग इस राज्य के बारे में कैसे संवेदनशील हो सकते हैं। 20 साल का समय काल दर्दनाक और पीड़ादायक रहा। कई घटनाओं से इसका अंदाजा लगा सकते हैं। यहां के किसान, मजदूर, पढ़े लिखे नौजवान सब के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। यहां के कर्मचारियों तक को नहीं छोड़ा गया। अधिकार के लिए सड़कों पर उतरने वालों पर लाठियां बरसायी गयी। हक और अधिकार की मांग करते हुए कई लोग शहीद हो गये। पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को बहुत कष्ट उठाने पड़े।

### आपने हम पर भरोसा किया सरकार उसे पूरा कर रही है

सीएम ने कहा कि 2019 के राजनीतिक लड़ाई में हम लोगों ने मजबूत गठबंधन कांग्रेस, राजद और झामुमो के साथ मिलकर बनाया। जनता ने हमारी बातों पर विश्वास किया। सत्ता संभालते ही कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना हुआ। अचानक लॉक डाउन लग गया। दूसरे प्रदेशों में काम कर रहे हैं प्रवासी मजदूरों को निकाल दिया गया। लोग अपने घर भी नहीं आ पा रहे थे। ऐसी स्थिति में हमने अपने मजदूरों को बस, ट्रेन और हवाई जहाज से लायाण सभी को मुफ्त में भोजन उपलब्ध कराया। राज्य बनने के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब गांव गांव पंचायत पंचायत अधिकारी जा रहे हैं। ऑन स्पॉट आवेदन का निपटारा हो रहा है।

### षड्यंत्रकारियों को बाहर जाना होगा

सीएम ने कहा कि षडयंत्रकारियों को पता है कि अगर यह आदमी (हेमंत सोरेन) 5 साल तक काम किया तो यहां के आदिवासी मूलवासी को इतना मजबूत कर देगा कि उनको (विपक्ष) बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सब को मिल कर लड़ाई लड़नी है। आप सबको यह तय करना होगा कि झारखंड में आदिवासियों और मूलवासियों का राज चलेगा या षड्यंत्रकारियों का। इन्हें पता है कि मैंने अगर पांच साल काम किया तो आदिवासी मूलवासी को इतना मजबूत कर दूंगा कि षड्यंत्र करने वालों को बाहर जाना होगा। राज्य के विकास के लिए सभी मिलकर साथ आएं। आप खड़े रहिये आप डटे रहिए मैं इन सबको एक-एक करके देखा लूंगा। आज हमें एक लड़ाई और लड़नी है राज्य लिया अब राज्य के विकास के लिए लड़ना होगा।

# आज इडी दफ्तर जायेंगे सीएम

### यूपीए विधायकों संग रोड शो करते पहुंचेगे हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन गुरूवार को ईडी दफ्तर जायेंगे। बुधवार को यूपीए विधायकों की बैठक के बाद यह घोषणा की गयी। सीएम हेमंत सोरेन के साथ यूपीए के विधायक भी साढ़े 11 बजे जुलूस की शक्ल में हिनू की ओर रवाना होंगे। सीएम रोड शो करते हुए इडी दफ्तर पहुंचेंगे।

उधर, इडी दफ्तर में भी सीएम से पूछताछ के लिए खास तैयारी की गयी है। दिल्ली के ईडी मुख्यालय से एक जॉइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। वे इस पूरी पूछताछ की देख रेख करेंगे। इडी कार्यालय की सुरक्षा भी चाक-चौबंद की गयी है। अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। झामुमो ने विरोध मार्च और रैलियों का आयोजन किया है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भाजपा व आजसू कार्यालय के बाहर भी अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है।

### इडी ने आज पूछताछ को बुलाया है



इसके पहले सीएम ने इडी दफ्तर में पेश होने के लिए 17 की जगह 16 नवंबर की तारीख का अनुरोध किया था। इसे इडी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया था। स्थापना दिवस की रात में ही सीएम श्री सोरेन ने झामुमो विधायक दल की बैठक की। दरअसल, हेमंत सोरेन एक तरफ चुनाव आयोग की तरफ से होने वाली कार्रवाई तो दूसरी तरफ ईडी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। चुनाव आयोग के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में उन्होंने अब हाईकोर्ट का रुख किया है तो दूसरी तरफ अवैध खनन मामले में उन्हें इडी के सामने पेश होना है। सूत्रों का दावा है कि सीएम के खिलाफ भी कई सबूत मिले हैं। हेमंत सोरेन को पहले ईडी ने 3 नवंबर को बुलाया गया था। उस वक्त व्यस्त कार्यक्रमों का हवाला देकर सीएम ने 15 दिन का समय मांगा था। इसके बाद ईडी ने 17 नवंबर का समय पूछताछ के लिए दिया है।

### ... तबतक सीएम आवास में रहेंगे विधायक

यूपीए विधायक दल की बैठक ये भी फैसला लिया गया कि जबतक सीएम ईडी के दफ्तर में रहेंगे तब तक यूपीए के सभी विधायक सीएम आवास पर ही रहेंगे। सीएम के लौटने के बाद ही यूपीए विधायक आगे की रणनीति पर काम करेंगे। यूपीए की बैठक से पहले कांग्रेस विधायकों ने भी बैठक की। बैठक के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने यूपीए ने सभी विधायकों को रांची में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इडी को हमलोग सहयोग करने के लिए तैयार हैं। अब इडी समझे कि वो किसको सहयोग कर रही है। हमलोग हर परिस्थिति से सामना करने के लिए तैयार हैं। वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि 'हम हर तरह के परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि 'ईडी के समक्ष मुख्यमंत्री जायेंगे, हमलोग हर परिस्थिति से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

### ईंट भट्ठा की दीवार गिरी, तीन मौत

गुमला। डुमरी प्रखंड के उदनी पंचायत में बुधवार को ईंट भट्ठा में दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गयी। मृतकों में एक नाबालिग भी है। हादसे में कई लोग घायल भी हैं। बुधवार शाम को हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मृतकों में चंदावल गांव के विजय मुंडा, हुटाप गांव की अनीता देवी और हुटाप गांव की हीरामुनी कुमारी शामिल हैं। घटना की पुष्टि करते हुए डुमरी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया है कि महुआडांड़ से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित उदनी के सीताराम साहू द्वारा संचालित शुभम ईंट भट्टे में हादसा हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वह डुमरी मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों के अनुसार हादसा शाम करीब पांच बजे उस समय हुआ, जब चेंबर की सफाई करने के लिए सभी मजदूरों को उतारा गया था। इसी दौरान अचानक ईंट पकाने के लिए खड़ी की गयी दीवार मजदूरों के ऊपर गिर गयी। जिससे कई मजदूर उसमें दब गये।

### चांडिल डैम नौका विहार में घुसा हाथी, अफरातफरी

जमशेदपुर। झुंड से बिछड़ा एक हाथी बुधवार की सुबह चांडिल डैम पहुंच गया। हाथी ने चांडिल डैम के बोराबिंदा जंगल से निकल कर डैम रोड- पॉलिटेक्निक कॉलेज चांडिल होते हुए चांडिल डैम के नीचे स्वर्णरेखा नदी का पार किया। इसके बाद हाथी चांडिल डैम नौका विहार घुस गया। वहीं, नौका विहार के पार्किंग बैरियर को तोड़ दिया है। जंगली हाथी को देखकर नौका विहार में लोग इधर-उधर भागने लगे। हाथी नौका विहार के समीप जंगल में घुस गया है। चांडिल डैम के जंगल में डेरा डाले हुए है। इसकी सूचना प्रशासन को दे दी गयी है।


# शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल की धूम



संजय शारदा (चेयरमैन)

प्रत्येक बच्चा अपूर्व एवं अद्वितीय होता है। वह इस संसार को सुन्दर से सुन्दरतम् एवं अद्भुत बनाने के लिए अपना उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करता है। हम सभी शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों की शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ उनकी क्रियात्मक एवं रचनात्मक उपलब्धियों को तरासते है ताकि वे इस प्रतिस्पर्धात्मक संसार में अग्रणी रहें।
हम 14 नवंबर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू की याद में प्रतिवर्ष 'बाल दिवस' मनाते है क्योंकि उनका यह विष्वास था कि बच्चे भारत का भविष्य हैं और आगे आने वाली पीढ़ियों को नेतृत्व प्रदान करने वाले है।



दीपक बंका (डायरेक्टर)

बच्चे एक सशक्त देश के निर्माता होते हैं। यह बाल दिवस बच्चों के प्रति किए गए संकल्पों जैसे उत्तम स्वास्थय, उचित देखभाल एवं शिक्षा के प्रति उचित मार्गदर्शन की याद दिलाता है। चाचा नेहरू बच्चों के आदर्श हैं क्योंकि चाचा नेहरू का स्नेह एवं प्यार बच्चों को स्नेहसिक्त करता रहा है। इस बाल दिवस पर शारदा ग्लोबल स्कूल ने छात्रों के मनोरंजन की वो सामग्रियां 'कार्निवल' के रूप में शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित की जहां उन्होंने भिन्न-भिन्न प्रकार के गेम्स प्रदर्शनियों का आनन्द उठाकर इस बाल दिवस को यादगार बनाया।



डा. (श्रीमती) रंजना स्वरूप (डायरेक्टर एकेडमिक्स)

शिक्षा एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है परन्तु शिक्षा की निरन्तरता को कोविड 19 ने छिन्न-भिन्न कर दिया जिससे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के समान सबसे अधिक धाराशयी शिक्षा का क्षेत्र हुआ। इस कोविड 19 ने सबसे दुखद प्रभाव डाला छात्रों पर, स्कूलों पर, कॉलेजों एवं महाविद्यालयों पर। लेकिन शारदा ग्लोबल स्कूल ने सकारात्मक एवं दृढ़ संकल्प से छात्रों को नए प्रभात का संदेश दे उनके स्वप्नों को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ताकि छात्र-स्कूल एवं छात्र-शिक्षक की दूरी घट इन दोनों के बीच पुनः सही सामन्जस्य स्थापित किया जा सके।



श्रीमती जसमीत कौर (प्राचार्या)

"शिक्षा वह नींव है, जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं" शिक्षा बुद्धि और नैतिक शिक्षा का वह सम्मिश्रण है जो छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को तरासती है। व्यक्तित्व विकास के लिए सही मार्गदर्शन, उचित शिक्षा की व्यवस्था एवं सुविधा तथा अनुकुल वातावरण आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा का वास्तविक प्रयोजन हीं है। छात्रों के विवेक को जागृत करनाए उसे अपनी कार्य शक्तियों का ज्ञान करा कर उसकी जानकारियों के स्रोतों और क्षेत्रों को विकसित करना ताकि वे भविष्य में सुयोग्य नागरिक बनकर राष्ट्र और मानवता का कल्याण कर सके।



अनुज रंजन (डायरेक्टर)

शारदा ग्लोबल स्कूल की परिकल्पना एक ऐसे विद्यालय की स्थापना थी जहाँ छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु गुणवत्ता-युक्त शिक्षा की सुविधा एवं उचित वातावरण प्राप्त हो सके। आज शिक्षा के प्रति हमारा दृष्टिकोण एवं संकल्प अत्यधिक प्रभावी एवं सफल रहा है क्योंकि हमारे विद्यालय के छात्र शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य प्रतिस्पर्धाओं में सफल हो नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं जो एक विद्यालय के गौरव की बात है। साथ हीं विद्यालय की इस सफलता ने न केवल झारखण्ड राज्य बल्कि अन्य राज्यों में भी अपनी पहचान बनाई हैं। विद्यालय ने छात्रों के उत्साहवर्धन एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बाल दिवस के अवसर पर 'विन्टर कार्निवल' का आयोजन किया ताकि छात्र नवीन स्फूर्ति एवं प्रेरणा से अध्ययन के प्रति अधिक से अधिक समर्पित हो सकें।

### उपलब्धियां

विद्यालय की एकेडेमिक्स डायरेक्टर डा. (श्रीमती) रंजना स्वरूप, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में छात्रों ने बोर्ड्स की 10वीं एवं 12वीं की परिक्षाओं में न केवल उत्तम परिणाम दिए बल्कि अनेक स्पर्धाओं में जैसे- आई. आई. टी. में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### विद्यालय के मुख्य केन्द्र बिन्दु

- स्वच्छ हरियाली युक्त, सुरक्षित शहर के कोलाहल से दूर शान्तिपूर्ण विशाल कैम्पस
- ऑडियो विजुअल कक्षाएं
- शिक्षण के साथ-साथ क्रियात्मक अभिरूचियों को निखारने पर बल
- प्रशिक्षित एवं कर्मठ शिक्षाविद्
- ट्रांसपोर्ट की सुविधा एवं हॉस्टल की सुविधा
- व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक छात्र की क्षमता पर बल
- स्पोर्टस एवं गेम्स, योगा, डान्स, संगीत एवं अन्य रचनात्मक क्रियाओं पर फोकस
- समय-समय पर अभिभावकों के साथ छात्रों की प्रगति पर चर्चा



### शारदा ग्लोबल स्कूल में मनाया गया विन्टर कार्निवल

बाल दिवस के उपलक्ष्य में शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्निवल में जहाँ छात्रों के लिए मनभावन सामग्रियाँ जैसे ट्वाय ट्रेनए मेल्ट डाउनए जुम्बिंगए बैलुन शूट आदि खेल उपलब्ध तो वहीं अभिभावकों के लिए टैलेन्ट परफॉरमेंसए सेल्फी कॉर्नरए आर्ट कॉर्नरए बुक स्टॉल एवं झारखंड की परम्परागत संस्कृतिए कला एवं प्राकृतिक सुंदरता को दर्षाती ष्हेरिटेज कॉर्नरष् जैसे आकर्षण भी मौजूद थे। जादूगर की जादूगरी एवं टैटू बनवाने की होडसी लगी रही। छात्रों एवं अभिभावकों ने कार्निवल का जम कर लुत्फ उठाया और फूड कॉर्नर से स्वादिष्ट पकवानों का भी रसास्वादन किया।

कोविड 19 के बाद उभरे हुए गैप के समन्वय के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम किए गए ताकि छात्रों का विद्यालय एवं षिक्षकों के साथ पुन: वैसा हीं तालमेल बैठ सके जैसा कोविड 19 के पहले था।

कार्यक्रम स्थल पर झारखण्ड हाईकोर्ट के माननीय जज श्री अपरेष कुमार सिंहए श्रीमती वन्दना सिंहए श्री एवं श्रीमती विपुल मुंजालए श्री एवं श्रीमती डा0 प्रणय रॉयए डा0 मनोज महतो उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त शारदा ग्लोबल स्कूल के मैनेजमेंट ग्रुप षिक्षकगण तथा अभिभावकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।











## स्पीड न्यूज

### मालवाहक के धक्के से पति-पत्नी गंभीर



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन रोड स्थित महावीर मंदिर के समीप एनएच 98 पर बुधवार को मालवाहक मैजिक वाहन के धक्के से बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गये। औरंगाबाद जिला के बालूगंज थाना अंतर्गत कुआं खेड़ा निवासी रमेश साव (30) तथा उनकी पत्नी राधा देवी (21) शामिल हैं। दोनों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर कर दिया गया है। पति-पत्नी बाइक से छतरपुर की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे मैजिक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें रमेश का दाहिना पैर टूट गया। साथ ही सिर में गंभीर चोट है। इस घटना की सूचना मिलते ही एस आई रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर मैजिक वाहन को जब्त कर लिया है।

### कर्मा को हराकर चांपी बना चैंपियन



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह के अधमनीया टोला में मलय डैम के स्पिल वे के समीप सरना खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच चांपी फुटबॉल टीम बनाम करमा फुटबॉल टीम खेला गया। इसमें चांपी ने कर्मा को 2-0 से हरा दिया। अतिथियों ने विजेता टीम को खस्सी तथा शील्ड देकर पुरस्कृत किया। कहा कि खेल हमेशा खेल भावना से खेलनी चाहिए। खेल में हार-जीत होती रहती है। हार से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। हारने वाली टीम एक दिन विजेता निश्चित बनती है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, लालू यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, जिप सदस्य कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादव, अजय उरांव, अशोक यादव, पचु उरांव, सीटू उरांव, महिंद्र उरांव, दिनेश साहू, विजय यादव, उमेश यादव मौजूद थे।

### वाइजेके ने प्रतिकुलपति को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने विपिन यादव के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के प्रतिकुलपति दीपनारायण यादव को विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिनमें स्नातक सेमेस्टर 4 एवं स्नाकोत्तर सेमेस्टर 4 के परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों में जल्द सुधार करना था। प्रतिकुलपति ने कहा कि बहुत जल्द इनका निवारण कर दिया जायेगा। वे खुद मामले को संज्ञान में लेकर इसका निवारण करेंगे। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने कहा कि विवि विद्यार्थियों के साथ लगातार खेल रहा है और विद्यार्थी विवि के इस रवैये से काफी परेशान हैं। अगर ऐसा चलता रहा तो जल्द ही विवि हमारा उग्र रूप देखेगा। लंबित सत्रों को भी जल्द समाप्त करें, ताकि विद्यार्थी नियुक्तियों के लिए आवेदन कर सकें। मौके पर विपिन यादव, एके सिंह कॉलेज, जपला अध्यक्ष निरंजन सिंह ने कहा कि छात्रों की समस्या का निदान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। मौके पर रंजीत, अनुज, दीपक, नंदिनी, निखिल, सोहेल, सुष्मिता, गौतम, प्रभात, पंकज व दर्जनों विद्यार्थी थे।

### वार्ड 33 के ग्रामीण आरक्षित सीट को जेनरल करने को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के शाहपुर वार्ड 33 के पंचायत भवन में बुधवार को प्रताप तिर्की की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी ग्रामीण शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वार्ड 33 के रिजर्व सीट को जनरल करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी व राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। कहा कि वार्ड 33 की जनता के साथ छलावा कर कुछ बिचौलिये अपनी फायदा को देख अनुसूचित जाति के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो सरासर गलत है। जबकि अन्य जातियों का अनुसूचित जाति से भी ज्यादा संख्या है लेकिन जिला कार्यालय से चंद किलोमीटर की दूरी पर ही बिचौलिया लोगों ने शासन पर शासन प्रशासन का आंख में धूल झोंकने का काम किया है लेकिन अब जनता जाग चुकी है अब और छलावा जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर सुदेश्वर चौधरी, अजय राम, पूर्व उपप्रमुख नौशाद आलम, नन्हा चौधरी, श्रीकांत कुमार, विजय चंद्रवंशी, प्रभु राम, छोटेलाल चौधरी, राजपूती निया, दीपक कुमार, कृष्णा चौधरी, नंदलाल राम, नंदू चौधरी, असगर मियां, सुजीत कुमार, आकाश कुमार, धीरज कुमार, मुस्ताक मियां, कलाम मियां, राजकुमार राम, रंजीत कुमार, दूध चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग बैठक में शामिल थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छतरपुर अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी, नोडल पदाधिकारी मित्तल सिंह, बीएलओ व कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल थे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 वर्ष के युवक-युवतियों को ऑन द स्पॉट मतदाता सूची में नाम दर्ज करने पर बल दिया गया। नये युवाओं का नाम जोड़ने व मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। सीओ ने नये वोटरों को लोकतंत्र को मजबूत कराने के लिए मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। कहा कि अक्तूबर 2005 तक जिनका जन्म तिथि है उनका नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा रहा है। मोबाईल फोन से भी लोग खुद नाम दर्ज कर सकते हैं अन्यथा अपने बीएलओ से संपर्क कर प्रपत्र छह भरकर नाम जोड़ा जा रहा है। प्लस टू व कॉलेज के विद्यार्थी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़वायें। छतरपुर प्लस टू व डाली प्लस टू उवि में भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करने व युवा वोटरों को जागरूक किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

# त्रुटिहीन मतदाता सूची बनाने में निभायें अपनी सहभागिता : आयुक्त

जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त **पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023**

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची आयुक्त ने की बैठक






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची में कोई अशुद्धि नहीं रहनी चाहिए। यह एकुरेट हो, इसमें सभी मिलकर प्रयास करें। डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़कर, हटाकर मतदाता सूची में एकुरेसी लायें। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से मतदाता सूची में नाम, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि कार्य किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 12 एवं 13 नवंबर तथा 19 एवं 20 नवंबर को विशेष अभियान दिवस के तहत सभी मतदान केंद्रों पर कैंप लग रहा है। यह बातें मतदाता सूची प्रेक्षक सह आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे समाहरणालय सभागार में पलामू जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभियान दिवस के दिन बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर पंजीकरण, सुधार आदि के लिए दावा आपत्ति संबंधित प्रपत्र प्राप्त करें और निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अभियान दिवस की मॉनिटरिंग करें। मतदाता सूची में नाम रहने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखें। पदाधिकारी के साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इसपर ध्यान दें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करें। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मतदान केंद्रवार बूथ लेबल एजेंट की सूची जिला को उपलब्ध करायें, ताकि उसे निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके। पदाधिकारी एवं राजनीतिक दल आपसी समन्वय से जिले की मतदाता सूची त्रुटिहीन कराने में अपनी सहभागिता निभायें। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ जागरूकता पोस्टर लगवाना, अक्टूबर-2023 अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिकों का मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करें।

**ये भी थे उपस्थित**

बैठक में मतदाता सूची प्रेक्षक सह आयुक्त जटा शंकर चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, पांकी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, डालटनगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, छतरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह छतरपुर एसडीओ नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, हुसैनाबाद के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**अहर्ता रखनेवाले सभी नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़ें : उपायुक्त**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की सूक्ष्मता को देख मतदाता सूची त्रुटिहीन बनाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने को कहा। उन्होंने बीएलओ को अहर्ता रखने वाले सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया।

**मतदाता सूची कार्य का लक्ष्य करें हासिल : शैलेश कुमार सिंह**

उप निर्वाचन पदाधिकारी- सह-नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। कहा कि मतदाता सूची के नाम जोड़ने के लक्ष्य को पूरा बीएलओ करें।

**पलामू : अशोक लीलैंड का सर्विसिंग सेंटर खुला, पलामू एसी ने किया संबोधित**

# सर्विसिंग सेंटर खुलने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : सुरजीत सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावा बाजार पलामू।** पड़वा मोड़ के पास स्थित प्रसिद्ध मोटर्स में अशोक लीलैंड का ऑथोराइज्ड प्रमंडल स्तरीय सर्विसिंग सेंटर खुला। बुधवार को इसका उद्घाटन कंपनी के जोनल मैनेजर सुभाशीष चटर्जी ने किया।



सर्विसिंग सेंटर का उद्घाटन करते एसी व जोनल मैनेजर।

जोनल मैनेजर शुभाशीष ने कहा कि वर्तमान समय में अशोक लिलैंड के बड़े वाहनों की बिक्री निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में गुणवत्ता पूर्ण सर्विसिंग उपलब्ध कराने के लिए कंपनी प्रतिबद्ध है। पड़वा मोड़ झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उतर प्रदेश का संगम है। इस सेंटर के खुलने से इस इलाके अशोक लीलैंड के मालिकों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में कंपनी 50 किमी की दूरी पर सर्विसिंग सेंटर स्थापित है। झारखंड में भी कंपनी ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं।

मौके पर दिलीप कुमार दास, अमित कुमार, आशुतोष चटर्जी, विवेक पांडेय, निर्भय सिंह, जितेंद्र पांडेय, शशिकांत सिंह, मुन्ना पांडेय, जन्मेजय पांडेय, अभय मिश्रा, सुमंत पांडेय व कई लोग मौजूद थे।

**क्या बोले अपर समाहर्ता**

अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस सेंटर के खुलने इलाके के वाहन मालिकों को सर्विसिंग के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। एसी सुरजीत सिंह ने कहा कि इस तरह का सर्विसिंग सेंटर खुलना इस बात का संकेत है कि पलामू विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रसिद्ध मोटर्स के मालिक सह सर्विसिंग सेंटर के मालिक कुंदन पांडेय ने कहा कि इस सेंटर में काफी अनुभवी व लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जानकार कर्मी सर्विसिंग करेंगे।

# राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका : उप निदेशक जनसंपर्क

- समाज को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करने का सशक्त माध्यम है मीडिया
- राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर परिचर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** बेहतर एवं सुखी समाज के निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका है। वर्तमान में मीडिया सिर्फ सूचना प्रदाता नहीं, बल्कि यह जीवन को प्रभावित करने का कार्य कर रही है। देश दुनिया आज इससे प्रभावित है। सामाजिक जीवन में मूल्य आधारित पत्रकारिता को प्रकट करने का प्रयास किया जाता है। मीडिया/पत्रकारिता समाज को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से आने वाले संदेश का समाज पर व्यापक असर पड़ता है, जिसके जरिए मानवीय व्यवहार को नियंत्रित करते हुए सकारात्मक दिशा में रुख किया जाता है। यह बातें उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद ने कही। वे राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पलामू जिले के पुराना समाहरणालय भवन में अवस्थित संदर्भ वीथिका में 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषयक परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि सूचना तंत्र समृद्ध होने से पहले हम, पहले हम होने की परिपाटी और इसके लिए भागदौड़ और अधिक बढ़ी है। तुरत-फूरत समाचार प्रसारित करने के बावजूद इसकी विश्वसनीयता को कम नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की परंपरा रही है, जिसमें व्यक्ति समाज और राष्ट्र का कल्याण निहित है। मीडिया की बातों में लोक कल्याण का संदेश एवं सत्यता झलकती है। उप निदेशक जनसंपर्क आनंद ने परिचर्चा में उपस्थित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए परिचर्चा का विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी।

## मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया अघोर आश्रम मुहल्ला में जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** घर घर यात्रा के तहत मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का जनसंपर्क लगातार जारी है। इसी के तहत बुधवार को मनोज सिंह ने अघोर आश्रम मुहल्ले का भ्रमण किया। श्री सिंह जनसंपर्क के क्रम में इस दौरान वार्ड नंबर दो की समस्या से रुबरु हुए। वार्ड में सड़क, बिजली व पानी निकासी की समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने मुहल्ले वासियों को इन समस्याओं के निदान के लिए आश्वस्त किया। श्री सिंह ने कहा कि नगरनिगम इस क्षेत्र को उपेक्षित छोड़ दिया है। जबकि निगम से जुड़े नये क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देने की ज्रूरत थी क्योंकि ग्रामीण परिवेश और नये बसे हुए क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का भी काफी आभाव है। उन्होंने कहा कि वे निगम वासियों के हर सुख दुःख में साथ चलते हैं। मौके पर अमित सिंह, अमन सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, रौशन उपाध्याय, कुंदन कुमार, शनि वर्मा, बिट्टू वर्मा, गोलू मेहता व राहुल राज शामिल थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से बढ़ती है एकता और भाईचारगी : धर्मवीर

- गाड़ीखास गांव में भक्ति जागरण का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पड़वा पलामू।** प्रखंड के गाड़ीखास नवयुवक संघ ने छठ पूजा व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भक्ति जागरण का उद्घाटन उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु, मुखिया शंकर साव एवं कवि दिलीप मेहता ने किया। कार्यक्रम का संचालन मणीरत्नम ने किया। उपप्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को युवाओं को आत्मसात करने की जरूरत है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से एकता व भाईचारा बढ़ती है। मुखिया शंकर साव ने इसके लिए आयोजकों को बधाई दी। कवि दिलीप मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। भोजपुरी कलाकार राकेश बाबु एवं सुजीत ने श्रोताओं को रात भर झुमाया। मौके पर मुकेश मेहता, सत्येंद्र ठाकुर, ललन मेहता, रजनीकांत सिंह, मुन्ना सिंह, मणीरत्नम, अजीत मेहता, संतोष मेहता, राजकिशोर मेहता, दिलीप मेहता, विवेक, राजेंद्र विक्की मौजूद थे।

### भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष ने आत्मदाह की घोषणा की

**पड़वा पलामू।** भाजपा युवा मोर्चा के पड़वा मंडल अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने गुरुवार को पड़वा प्रखंड कार्यालय के समक्ष सुबह 11 बजे आत्मदाह करने की घोषणा की है। मुन्ना ने बताया कि वर्ष 2020-21 में विधायक निधि से पीसीसी पथ का निर्माण कराया था। जिसमें कुछ पैसे के भुगतान पर रोक लगा दी गयी थी। डीडीसी के निर्देश के आलोक में पड़वा बीडीओ ने पथ की जांच करायी थी। मुन्ना ने आरोप लगाया है कि जांच के नाम पर उसे बेवजह परेशान किया जा रहा है। भुगतान नहीं होने से वह मानसिक रूप से परेशान हैं। बाध्य होकर उन्होंने गुरुवार को आत्मदाह करने का निर्णय लिया है।

### समृद्धि की पाठशाला में मना राज्य स्थापना दिवस



**मेदिनीनगर।** निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा में धूमधाम से झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। बच्चे इन बातों से बिलकुल अनभिज्ञ थे। उनके बीच प्रो सरिता कुमारी, प्रो वंदना श्रीवास्तव, रंजीता, बैजंती गुप्ता ने अपनी बातों को बड़े ही मनोरंजक रूप से रखा तथा झारखंड राज्या का 22वां स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। बच्चे खेल-खेल में गाना गाते हुए आनंद उठाया। सच तो यह है कि पहली बार कचरवा टोला के बच्चे और उन बच्चों के कुछ अभिभावकों ने भी इसका आनंद उठाया।

### प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण



**मेदिनीनगर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के पोखराहा खुर्द स्थित नवनिर्मित भवन में चल रहे 10 -दिवसीय गाय पालन एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन समारोह में उपस्थित निदेशक ब्रह्मा नंद साह, आरसेटी के वरीय संकाय जितेंद्र मेहता तथा संकाय जयंत चक्रवर्ती ने सभी 33 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा प्रतिनियुक्त अस्सेसर पुलिन मित्रा व अरुण कुमार ने किया। छतरपुर प्रखंड के 33 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर संस्थान के वरीय संकाय जितेन्द्र मेहता ने कहा कि संस्थान बेरोजगार लोगों का पहचान कर उनके इच्छा के अनुसार चयनित विषय पर निःशुल्क प्रशिक्षण देती है। मौके पर संस्थान के संकाय सदस्य जयन्त चक्रवर्ती, सहायक मणिकांत दुबे, सुमित आनंद, मनोज चौधरी, संजय राम सहित कुल 33 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### सुशील अध्यक्ष, विक्रांत बने मंत्री



- अभाविप एनपीयू इकाई ने किया स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय में नये इकाई की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नीलांबर पीतांबर विवि इकाई ने स्नातकोत्तर में विवि में नयी इकाई की घोषणा की। जिसमें सुशील कुमार सिंह को अध्यक्ष, विक्रांत सागर को विवि मंत्री, तनु जयसवाल, अंकित तिवारी, प्रभाकर दुबे और सिंपी कुमारी को उपाध्यक्ष, खुश सिंह, अमित कुमार, राहुल पासवान और रूबी कुमारी को सह मंत्री, सौरव वर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, कायसा कुमारी को एमबीए डिपार्टमेंट प्रमुख, संजय सिंह को एमकॉम डिपार्टमेंट प्रमुख और गुड्डू उराव शंकर सिंह और रमेश को विवि कार्यकारिणी में स्थान दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया किशोर, मौत

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के रांची-मेदनीनगर मुख्य मार्ग एनएच 75 पर जोड़ा यात्री शेड के समीप बुधवार को सड़क हादसे में एक अज्ञात किशोर (15) की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के समय सड़क पर सन्नाटा था, जिससे उसपर किसी की नजर नहीं पड़ी। पांच मिनट बाद सड़क पर पेट के बल लेटे अवस्था में किशोर का शव देखा गया। सिर फटा हुआ और मांस का लोथड़ा सड़क पर बिखरा पड़ा था। पुलिस ने शव को सतबरवा थाना ले गयी। शव की पहचान का प्रयास जारी है। बताया जाता है कि घटना करीब 2:45 बजे अपराह्न की है।

### सभी बच्चे हमेशा सकारात्मक दिशा में करें प्रयास : डीएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चेड़ाबार स्थित भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल युफोरिया 21 सेंचुरी स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डीएसपी सुरजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कहा कि छात्रों को हमेशा सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए क्योंकि हम प्रकृति से जैसा चाहते हैं हमें प्रकृति भी वैसा ही देती है। कार्यक्रम आये सभी अतिथियों को शॉल और माला देकर स्वागत किया गया। चैनपुर थाना प्रभारी उदय गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्कूल खुलना, कम समय में इतनी अच्छी सुविधा देना और छात्रों की संख्या बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

# समुदाय स्तरीय हितग्राहियों का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जल जीवन मिशन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत समुदाय स्तरीय हितग्राहियों का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पेयजल स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर एवं भारत सरकार द्वारा चयनित एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट रांची के सहयोग से होटल ब्लू ब्लॉक में आयोजित किया गया।



दीप जलाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार, केआरसी प्रशिक्षक सीपी कुंभट, रश्मि कुमारी एवं जिला समन्यक अश्वनी कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यपालक अभियंता ने सभी प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही जल जीवन मिशन में जल सहिया मुखिया एवं समुदाय के लोगों की भूमिका के बारे में बताया।

साथ ही योजनाओं को अपनाने में एवं रखरखाव तथा संचालन में उनकी महत्वपूर्ण योगदान पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन क्या है, क्यों आवश्यक है, जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है एवं जल जीवन मिशन में महिलाओं की भूमिका क्या है। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, विभिन्न प्रखंड की प्रखंड समन्वयक, सोशल मोबिलाइजर, जल सहिया, मुखिया प्रखंड मोबलाइजर, आईएसए के प्रतिनिधि तथा एसीइ के प्रभात कुमार झा, मुकेश कुमार दिनेश, कुमार प्रवेश कुमार उपस्थित थे।

# डालटनगंज नगरपालिका के प्रथम अध्यक्ष और अन्य अध्यक्ष को सम्मान देने की मांग

- कायस्थ महासभा ने नगर निगम के मेयर एवं आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के महासचिव लाल बहादुर सिन्हा के नेतृत्व में नगर निगम के महापौर एवं आयुक्त को मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि देश आजादी के पूर्व डालटनगंज नगर पालिका की स्थापना 1 जुलाई 1888 को अंग्रेज शासन के द्वारा किया गया था। उस समय एसडीओ नगर पालिका के अध्यक्ष हुआ करते थे। जो कि वर्ष 1940 में स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद नगर पालिका के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने। इनके बाद द्वितीय अध्यक्ष स्वर्गीय हरखचंद जैन तथा तृतीय अध्यक्ष चित्रांश उमाकांत प्रसाद बने। इन तीनों अध्यक्षों को आज नगर निगम में कोई नाम लेने वाला नहीं है। जो कि बड़ी विडंबना की बात है।

**चौथे अध्यक्ष के नाम से प्रतिमा लगाने की घोषणा**



इस संबंध में लाल बहादुर सिन्हा ने कहा कि देश आजादी के पूर्व जिन अध्यक्षों ने नगरपालिका के पद को सुशोभित किया। आज नगर निगम उन्हें भूल कर चौथे नगरपालिका अध्यक्ष के नाम से प्रतिमा लगाने की घोषणा की, जो कि स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि देश गुलामी के समय में जिन अध्यक्षों ने नगरपालिका के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया, उन्हें नगर निगम न भूले। इन तीन विभूतियों के नाम से सम्मानजनक डालटनगंज शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रतिमा लगायी जाये, जो कि आने वाले पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक होगा। ज्ञापन देने वालों में स्नेहल रंजन श्रीवास्तव, संजय राज, कमल किशोर, प्रसून कुमार, शरद शरण व अन्य शामिल थे।

# बस स्टैंड निर्माण का प्रस्ताव अधर में

## फुसरो में बस स्टैंड की कमी लोगों को खल रही है, सवारियों को ठंड, बारिश व धूप में सिर छिपाने को जगह नहीं रहती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** फुसरो नगर के विकास के साथ यातायात साधनों में भी वृद्धि हुई है। नगर से विभिन्न शहरों और दूसरे राज्य तक पहुंचने के लिए करीब एक दर्जनों बसो का संचालन होता है, जिनसे प्रतिदिन सैकड़ों यात्री यात्रा करते है, लेकिन यात्रियों को स्थानीय बस स्टैंड पर असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

नगर में 3 वर्षों से सुविधायुक्त व स्थाई बस स्टैंड का अभाव बना हुआ है। नगर परिषद द्वारा सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण करने की योजना प्रस्तावित तो है, लेकिन अभी तक इसको लेकर कोई कार्य प्रारंभ नही हो सका है। फुसरो में अस्थायी रूप से रेफरल अस्पताल फुसरो व चंद्रपुरा रोड के किनारे मे बस स्टैंड 3 वर्षों से संचालित होता आ रहा है। नगर परिषद नए बस स्टैंड का निर्माण को लेकर गंभीर दिखाई नही दिखाई रही है। बस स्टैंड के निर्माण से वर्तमान व्यवस्थाओं मे सुधार हो सकेगा। बस स्टैंड के लिए नगर परिषद के पास स्थान सीमित है, लेकिन नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड के निर्माण के लिए प्रारंभिक रूप से पर्याप्त भी माना जा रहा है। बस स्टैंड में बसों के आवागमन, खड़े होने व अन्य व्यवस्था भी व्यवस्थित रूप से की जाएगी। फुसरो से दर्जनो बसों का प्रतिदिन आवागमन होता है, यहां से दूरदराज शहरों, जिलों सहित दर्जनों बसों का आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन होता है। बस स्टैंड के बाजू मे फुसरो,चंद्रपुरा और बोकारो रेल्वे स्टेशन होने की वजह से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को बसों व बस से आने वाले यात्रियों को ट्रेनों से दूसरी अन्य यात्राएं करने के लिए सुविधाएं प्राप्त होती है।

कोरोना काल में सब्जी मार्केट को बस स्टैंड में शिफ्ट कर दिया गया है। वर्तमान में बस स्टैंड पर कई असुविधाओं का सामना यात्रियों को करना पड़ता है, लेकिन बस स्टैंड के क्रियान्वयन के बाद यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है, जिसका इंतजार यात्रियों को है। नए बस स्टैंड में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं में फिल्टर युक्त पेयजल मिलेगा। शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। वहीं बसों के इंतजार करने के लिए व्यवस्थित यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण होगा। जिसमें स्टील की कुर्सियां लगाई जाएगी। इसके अलावा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। बसों के आने-जाने का समय, किराया सूची व अन्य यात्रियों की सुविधाओं के लिए बस स्टैंड से संबंधित व्यवस्था की जाएगी। ऐसे में नागरिकों को शीघ्र ही स्वीकृति का इंतजार है, ताकि बस स्टैंड का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो सके।

# कोहरा को देखते हुए एक दर्जन ट्रेन रद्द करने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** ठंड के मौसम में कोहरे का असर दिखने लगा है। जिसके मद्देनजर पूर्व रेलवे ने ट्रेनों के परिचालन में बदलाव करने का निर्णय लिया है। पूर्व रेलवे हावड़ा द्वारा जारी सूचना के तहत एक दर्जन ट्रेनों को रद करने का निर्णय लिया गया है। वहीं आठ ट्रेनों का फेरा घटाते हुए चार ट्रेनों की दूरी को कम किया है। जारी सूचना के तहत शुक्रवार को चलने वाली झांसी-कोलकाता एक्सप्रेस और रविवार को चलने वाली कोलकाता झांसी एक्सप्रेस दिसंबर, जनवरी व फरवरी माह में रद रहेगी। इसी अवधि में रविवार व गुरुवार को चलने वाली नई दिल्ली मालदा टाउन, मंगलवार व शनिवार को चलने वाली मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस, मंगलवार व शनिवार को चलने वाली कोलकाता अमृतसर एक्सप्रेस, गुरुवार व सोमवार को चलने वाली अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस को रद किया गया है। बुधवार और रविवार को चलने वाली कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस, शुक्रवार व मंगलवार को चलने वाली अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस, सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार को चलने वाली हावड़ा-देहरादुन एक्सप्रेस, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार, रविवार व सोमवार को चलने वाली देहरादुन-हावड़ा एक्सप्रेस, सोमवार को चलने वाली कामख्या-गया एक्सप्रेस, मंगलवार को चलने वाली गया-कामख्या एक्सप्रेस को भी दिसंबर से लेकर फरवरी के दौरान रद कर दिया गया है। अजमेर से सियालदह व सियालदह से अजमेर के बीच हर दिन चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन दिसंबर, जनवरी व फरवरी के माह में सिर्फ मंगलवार, गुरुवार व शनिवार, व वापसी में बुधवार, शुक्रवार व रविवार को चलेगी। वहीं सप्ताह में तीन दिन चलने वाली आनंद विहार-भागलपुर एक्सप्रेस सिर्फ बुधवार को, भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस सिर्फ गुरुवार को, भागलपुर से आनंद-विहार रोज चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन सफि मंगलवार व गुरुवार को, आनंद विहार से भागलपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस इस दौरान सिर्फ बुधवार व शुक्रवार को चलेगी।

# हल्दिया से वाराणसी जाने के दौरान क्रूज से राजमहल पहुंचे विदेशी पर्यटक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राजमहल (साहिबगंज)।** नदी मार्ग से हल्दिया से वाराणसी जा रहे देशी-विदेशी पर्यटकों का दल बुधवार की शाम राजमहल पहुंचा। दल ने संगी दलान गंगा सहित गंगा के तटीय क्षेत्र का भ्रमण किया। राजमहल क्रूज के गाईड अर्णव चक्रवर्ती ने बताया कि सप्ताह भर के इस टूर में देसी और विदेशी सैलानी शामिल है। पर्यटकों में यूएसए, यूके, आयरलैंड सहित अन्य देशों के लोग शामिल हैं। फाइव स्टार जैसी सुविधा वाले 22 कमरे, सलून, डायनिंग हॉल सहित अन्य सभी सुख-सुविधाओं से लैस क्रूज में एक पर्यटक का किराया लगभग 1500 अमेरिकी डालर यानी एक लाख 20 हजार रुपये से भी अधिक बताया गया। पर्यटकों में अमेरिका के माइकल गेरी मलाघन, टोमोको वेटेनम्ब मलाघन, पोह चु ली, कोक वोई, आयरलैंड के जेम्स पेट्रीक हेमिस, इंग्लैंड के पॉलिन क्लेयर एडगर एवं दल के अन्य सदस्यों ने राजमहल के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों मसलन संगीदलान, जामा मस्जिद, बारादरी, अकबरी मस्जिद, चाइना क्ले खदान, बालू प्लॉट, राजमहल रेलवे स्टेशन को देखा एवं खूबसूरत तस्वीरें अपने कैमरे में कैद किया।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का केन्द्रीय अधिवेशन 20 नवंबर को

# अधिवेशन के बाद यूनियन का विस्तार होगा: रौशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो /फुसरो।** अखिल झारखंड श्रमिक संघ का केंद्रीय अधिवेशन को लेकर बुधवार को केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में सांसद आवास मकोली में बैठक किया गया. इसमें 20 नवंबर को बेरमो कोयलांचल में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया. यहां रोशन लाल चौधरी ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले अधिवेशन ऐतिहासिक होगा. कहा कि यह अधिवेशन राज्यस्तरीय होगा तथा अधिवेशन को नंबर वन अधिवेशन बनाया जाएगा. इसमें सभी जिलों के श्रमिक प्रतिनिधि भाग लेंगे. इस अधिवेशन में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित राज्य के सभी जिलों के श्रमिक संघ के प्रतिनिधि सहित बड़े बडे नेता भाग लेंगे. कहा कि पूरे अधिवेशन में झारखंड के संगठित ओर असंगठित मजदूरों के शोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए मंथन किया जाएगा ओर श्रमिकों के हित में निर्णय लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि पूरे सीसीएल में संगठित क्षेत्र में हमारे यूनियन की संख्या 4000 से ज्यादा है दूसरे नेशनल यूनियन की संख्या 1000 से 2000 में सिमट गया है. कहा कि आने वाले समय में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और अखिल झारखंड श्रमिक कोयला संघ संगठित ओर असंगठित दोनों क्षेत्रों में यूनियन नंबर वन होगा. अधिवेशन के बाद यूनियन का विस्तार होगा. मौके पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो, केंद्रीय सचिव संतोष महतो, नवीन महतो, यूनियन के ढोरी अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, सचिन कुमार, युवा नेता दीपक महतो, सुरेश महतो, नरेश महतो, महेश देशमुख, सौरव दत्ता, यशवंत कुमार, शंकर गिरी, पप्पू कुमार, रोहित चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

# आयुष्मान के मरीजों को बढ़ सकती है परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आने वाले आयुष्मान के मरीजों को दवा लेने में परेशानी हो सकती है। आयुष्मान के तहत दवा आपूर्ति कराने वाली तिरुपति इंटरप्राइजेज एजेंसी ने दवा देने से अब हाथ खड़ी कर रही है। एजेंसी ने आयुष्मान भारत के तहत 1.30 करोड़ रुपए का अब तक दवा देने का सरकार को क्लेम किया है। पैसे का भुगतान नहीं होने पर एजेंसी ने अब आगे की दवा देने से इनकार कर दिया है।

अब एजेंसी के रुख को देखते हुए अस्पताल में आने वाले आयुष्मान के मरीजों को कठिनाई हो सकती है। इधर मामले को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना राज्य आरोग्य सोसाइटी को दी है। अस्पताल में हड्डी रोग विभाग और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आयुष्मान भारत के तहत आ रहे हैं। अब तक 1 करोड़ रुपए रुपए का क्लेम हड्डी रोग विभाग से किया गया है। दरअसल अस्पताल में हड्डी रोग विभाग में आने वाले मरीजों के लिए अलग से कोई दवा और प्लेट का इंतजाम नहीं है। ऐसे में सामान्य मरीजों को जहां 4 हजार से 5000 में दवा खरीदनी पड़ती है। आयुष्मान भारत के तहत यह दवा निशुल्क मिलते हैं । लेकिन अब आपूर्ति करने वाले एजेंसी के रुख से मरीजों को परेशानी हो रही है। अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत तिरुपति इंटरप्राइजेज नामक दवा एजेंसी से करार किया गया है। तिरुपति इंटरप्राइजेज पर इससे पहले अस्पताल प्रबंधन ने कई गड़बड़ियां पकड़ी है। मरीजों के दवा के बिल में कई वित्तीय अनियमितता पाई गई। हालांकि एक मात्र एजेंसी से करार होने के कारण मजबूरी में प्रबंधन को दवा खरीदनी पड़ रही है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ अरुण कुमार वर्णवाल ने बताया कि एजेंसी के बकाया भुगतान को लेकर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया है। दवा एजेंसी दवा देने से रोक नहीं सकता है। उन्होंने बताया कि दवा के कुछ गड़बड़ी थी, इसके खिलाफ एक्शन लिया गया है।

# साहिबगंज के बोरियो में बनेगा एयरपोर्ट, भूमि देखने पहुंची अधिकारियों की टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** बोरियो अंचल के देवपहाड़ में प्रस्तावित एयरपोर्ट के लिए भूमि का जायजा लेने के लिए बुधवार को उच्चस्तरीय टीम यहां पहुंची। इसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पदाधिकारी, झारखंड सरकार के नागर विमानन विभाग के निदेशक कैप्टन एसके सिन्हा, मुख्यमंत्री के सलाहकार कैप्टन अजय श्रीवास्तव आदि शामिल थे। सभी अधिकारी रात यहां पहुंचे। सुबह में कलेक्ट्रेट में उपायुक्त रामनिवास यादव के साथ बैठक की और चिह्नित जमीन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उपायुक्त रामनिवास यादव के साथ सभी अधिकारी देवपहाड़ पहुंचे। डीसी के साथ डीएफओ मनीष तिवारी, अपर समाहर्ता डा. विनय मिश्रा, एसडीओ राहुल जी आनंद जी, एसडीपीओ राजेंद्र दुबे आदि थे। टीम तेतरिया, जबरदहा, गबईभिट्टा एवं सिमलजोरी मौजा में गयी और उसे देखा। टीम अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को देगी जिसके बाद एयरपोर्ट निर्माण पर निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध की आशंका को देखते हुए देवपहाड़ व उसके आसपास सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। वज्र वाहन व दंगा निरोधी दस्ता को भी तैयार रखा गया था। बोरियो के अलावा बरहेट थाना व जिरवाबाड़ी ओपी के पुलिस पदाधिकारी भी वहां मौजूद थे। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहिबगंज में एयरपोर्ट निर्माण कराने की घोषणा की थी। योजना के तहत जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी बाकी व्यवस्था केंद्र सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने को कहा था। अधिकारियों ने बोरियो अंचल के आठ मौजा की करीब 139 एकड़ जमीन चिह्नित कर सरकार को भेज दिया था। इसी क्रम में इसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पदाधिकारी यहां जमीन देखने पहुंचे। यह जमीन साहिबगंज-गोविंदपुर मुख्यपथ के किनारे है। साहिबगंज से इसकी दूरी करीब 11 किलोमीटर है।

# हाथियों का आगमन होने से दहशत

## खेतको व चलकरी में उत्पात मचाकर हाथियों का झुंड पहुंचा अंगवाली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /फुसरो।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित ढामोदर नदी के किनारे जगंल में जंगली हाथियों का समूह कथारा रेलवे कालोनी, केबी कॉलेज कथारा की जंगल सहित असनापानी झिरकी में देखे जाने के बाद मगंलवार की रात से ही उक्त स्थान पर डेरा जमाये है। बुधवार की अहले सुबह से क्षेत्रिय लोगो की नजर गजराजो पर पडी। अंगवाली के जंगल में अचानक जंगली हाथियों का समूह देखे जाने के बाद सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग वहां जुट गए। साथ ही इससे क्षेत्र के लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इसे लेकर वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में आकर जायजा लिया. बताया जाता है कि झुंड में 38 हाथी व 4 छोटे बच्चे भी हैं। इससे पूर्व जगली हाथियों के समूह कथारा रेलवे कॉलोनी स्थित दामोदर नदी पर जमकर बवाल काटा था। वही कई स्थानो को तहस नहस भी किया हैं। जिसके कारण दिनभर संशय की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि कई लोग अपनी जान की परवाह किए बिना जंगल में ऊंची स्थान पर चढ़कर हाथियों को भगाते देखे गए। ऐसे में कोई बड़ा हादसा होना संभव था। क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने हाथियों से लोगों की दूरी बनाए रखने की अपील किया जाता रहा। बावजूद इसके कोई मानने को तैयार नहीं थे।

# जलकुंभी तैरेगी, डूब जायेगी निर्धनता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जल जमाव और दलदलीय इलाका किसानों के लिए जी का जंजाल बन चुकी जलकुंभी अब रोजगार सृजन का साधन बनेगी। यह किसानों और युवाओं की निर्धनता दूर करेगी। साहिबगंज जिला प्रशासन ने इसकी पहल शुरू कर दी है। 120 किसानों को जलकुंभी से चटाई, थैला समेत अन्य उपयोगी सामग्री बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रशिक्षण पर करीब 50 लाख रुपये खर्च होंगे। नीति आयोग इसके लिए राशि उपलब्ध कराएगी। प्रशासन ने डीपीआर तैयार कर ली है। जल्द ही आयोग को भेज दिया जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। जिला प्रशासन ने नीति आयोग को अपने खर्च पर इसका प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन आयोग राजी नहीं हुआ। केवल प्रशिक्षण खर्च देने को तैयार हुआ। इसलिए फिलहाल संबंधित कंपनी अपना सामान लेकर आएगी और प्रशिक्षण देने के बाद लौट जाएगी। बाद में इच्छुक लोगों को झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें ऋण भी दिलाया जाएगा। वाटर हाइसिंथ प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षण मिलेगा। जमा पानी में यह अपने आप उग जाती है। इसे किसी प्रकार की खाद की जरूरत नहीं पड़ती। इसका उन्मूलन काफी कठिन है। यह जलीय जीव और पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। जिस पोखर में जलकुंभी हो जाती है वहां की मछलियां मर जाती हैं। साहिबगंज से गंगा नदी बहती है और प्रत्येक बाढ़ आती है। पानी आसपास के नालों व निचले इलाकों में जमा हो जाता है। यहां जलकुंभी आसानी से उग आती है। जलकुंभी एक एक बीजपत्री, सपुष्पक जलीय पौधा है। जल की सतह पर तैरने वाले इस पौधे की प्रत्येक पत्ती का वृत्त फूला और स्पंजी होता है। इसमें पर्वसंधियों से झुंड में रेशेदार जड़ें लगी रहती हैं।

# गोमिया प्रखंड के बिरहोर गांव में दो माह से बिजली गुल

## गोमिया के पूर्व विधायक सह मंत्री पहुचे बिरहोरो के गांव, सुनी उनकी व्यथा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो /गोमिया।** बिरहोर के गांव में 2 माह से बिजली नहीं है। यह गांव बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड की अति उग्रवाद प्रभावित बड़की सिधावारा पंचायत में है। यहां के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ग्रामीणों से मिलने और उनकी व्यथा सुनने राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को बिरहोर टंडा गांव पहुंची। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों के बीच मिठाई और बिस्कुट का वितरण किया। चतरो चटी के सिधावरा में बिरहोर परिवार के लोगों ने पूर्व मंत्री से कहा कि पिछले लगभग 2 माह से बिजली पूरे गांव में नहीं है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। इससे काफी परेशानी हो रही है ग्रामीणों ने जनवितरण प्रणाली द्वारा संचालित दुकानदारों पर भी कम अनाज देने का आरोप लगाया।

कहा कि 35 किलो अनाज नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इससे वे खेती भी नहीं कर पा रहे हैं। बिरहोरो ने बताया कि गांव के कई बड़े बुजुर्ग और जरूरतमंदों को पेंशन स्कीम का लाभ भी नहीं मिल रहा है। कई अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल रहा है।

पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि बिरहोर परिवार के कल्याण और उत्थान के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। हालांकि अधिकारियों की लापरवाही से जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बात कर जांच टीम भेजूंगा। जल्द समस्या दूर होगी।

# बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की अहम बैठक संपन्न

## 6 दिसंबर को तेनुघाट मे आयोजित होगा समिति का स्वर्ण जयंती समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ लाइब्रेरी में बुधवार को दोपहर बेरमो जिला बनाने संघर्ष समिति की एक अहम बैठक संध के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस बैठक का संचालन समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक द्वारा किया गया ।इस बैठक में 6 दिसंबर को बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह बनाने एंव उसे सफल बनाने की रणनीति पर घंटो चर्चा हुई। जिसके अनुसार इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए इस समारोह में क्षेत्र के समाजसेवियों, गणमान्य व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, तमाम पंचायत प्रतिनिधियों, तथा वर्तमान एंव पुर्व विधायक और सांसदो को भी आमंत्रित किया जाना है। हालांकि इस कार्यक्रम के स्थान का चयन सुनिश्चित नही किया गया है मगर इस भव्य आयोजन को तेनुघाट मुख्यालय में ही सम्पन्न होगा। मौके पर अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि यह हम लोगो का सौभाग्य है कि समिति के इतने भव्य कार्यक्रम व स्वर्ण जयंती मनाने का मौका मिला है जबकि समिति के संयोजक श्री नायक ने कहा कि बेरमो को अनुमंडल बने लगभग 50 वर्ष होने को है जबकि यह अनुमंडल जिला बनाने की सारी अहर्ताए पुरी करता है फिर भी इसे जिला का दर्जा नही मिलना कई प्रश्न खड़े करता है। जबकि संध के महासचिव सह समिति के सह संयोजक वकील प्रसाद महतो ने कहा कि इस भव्य आयोजन के माध्यम से अनुमंडल वासियों के बीच संदेश देने का काम किया जायेगा ताकि जिला बनाने की लड़ाई को मंजील मिल सकेगा और जिला बनाने के आंदोलन सफल हो सके। इस बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावे डॉ सुरेंद्र राज, कुलदीप प्रजापति, सुभाष कटरियार, बैजनाथ शर्मा, संजय कश्यप, जीवन सागर, अनील ठाकुर, अशोक कुमार यादव, धर्मवीर जायसवाल, निरंजन महतो आदि के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति के लिए 30 नवंबर तक जमा कर सकते हैं फार्म

# 9वीं से 12वीं के 1959 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये मिलेगी मेधा छात्रवृत्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** राज्य के 1959 विद्यार्थियों को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए की दर से राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति मिलेगी। आवेदन 30 नवंबर तक जमा कर सकते हैं। फीस जमा होने के बाद आवेदन का प्रिंट निकालकर अपने विद्यालय प्रधान के पास जमा करेंगे। विद्यालय प्रधान भरे हुए आवेदन को अभिप्रमाणित कर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्राप्त आवेदनों को अप्रूव या रिजेक्ट करेंगे। इसकी अंतिम तिथि तीन दिसंबर तक है। इसके लिए परीक्षा का आयोजन 22 जनवरी 2023 को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में 55% अंकों के साथ सातवीं क्लास पास कर सत्र 2022-23 में आठवीं में पढ़ रहे हों। इस पर अंकों में एससी व एसटी को 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं छात्र के माता-पिता या अभिभावक की वार्षिक आय 3.5 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। आरक्षण का लाभ लेने के लिए आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति व आय प्रमाण पत्र, दिव्यांग अभ्यर्थियों को सिविल सर्जन की ओर से जारी प्रमाण पत्र देना होगा।

## कैसी सुगमता?

देश में सैटेलाइट चैनलों की अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग से जुड़े उसके नए दिश ानिर्देश जिन्हें 11 वर्ष के बाद संशोधित किया गया है, उनके जरिये लाइसेंस धारकों के लिए अनुपालन की सहजता और कारोबारी सुगमता में इजाफा हुआ है। उदाहरण के लिए नए दिशानिदेर्शों में आयोजनों के सीधे प्रसारण के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता को समाप्त किया गया है हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार का आयोजनों के पूर्व पंजीयन से क्या तात्पर्य है। सरकार ने कुछ अन्य पूर्व अनुमतियों की आवश्यकता को समाप्त किया है तथा कुछ मंजूरियों के लिए जरूरी अवधि को बढ़ाया है। परंतु ये तमाम लाभ उस अनिवार्यता के समक्ष फीके पड़ जाएंगे जिसमें कहा गया है कि सभी चैनलों को रोज 30 मिनट तक राष्ट्रीय महत्त्व और सामाजिक प्रासंगिकता की थीम पर सामग्री प्रसारित करनी होगी। मदद के रूप में इन दिशानिदेर्शों में आठ ऐसी थीम भी तय की गई हैं जिन पर आधारित कार्यक्रम ये सैटेलाइट चैनल प्रसारित कर सकते हैं। इन विषयों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, महिला कल्याण, पर्यावरण, समाज के कमजोर वर्गों का संरक्षण आदि शामिल हैं। इनमें से अंतिम थीम हैः राष्ट्रीय एकीकरण जिसे संक्षेप में समझा पाना मुश्किल है। आखिर निजी प्रसारक (केवल खेल प्रसारकों को छूट है) हर रोज आधे घंटे का राजस्व राष्ट्रीय महत्त्व की थीम को कवर करने में क्यों गंवाएं जबकि यह काम करने के लिए सरकार के पास खुद एक बड़ा प्रसारक है। सरकार के पास दूरदर्शन तो है ही, साथ ही क्षेत्रीय चैनल भी हैं जो लगभग पूरे देश में अपना प्रसारण करते हैं। ऐसे में अगर सरकार को लगता है कि उसे स्वास्थ्य, ?शिक्षा आदि जैसे सामाजिक विषयों पर संदेश प्रसारित करने की आवश्यकता है तो उसके पास निजी चैनलों की तुलना में बेहतर नेटवर्क मौजूद हैं।

## निगेटिव रेटिंग

साख निर्धारित करने वाली रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को 2023 के लिये वैश्विक स्तर पर भारत का रेटिंग निगेटिव किया है। मूडीज के अनुसार खाद्य पदार्थों और ऊर्जा के दाम बढ़ने से आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी और सामाजिक तनाव बढ़ेगा। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, वित्तीय स्थिति तंग होने और आर्थिक झटकों से हुए नुकसान से कुछ कर्ज का बोझ बढ़ेगा और प्रबंधन योग्य स्तर पर नहीं होगा। मूडीज के अनुसार, भारत समेत 13 देशों को अगले साल अपने सरकारी राजस्व का 20 प्रतिशत से अधिक कर्ज की अदायगी के लिये खर्च करना होगा। इसका कारण सरकार को ब्याज भुगतान के लिये अपने बढ़ते राजस्व का हिस्से का उपयोग करना होगा। मूडीज ने कहा, वर्ष 2023 के लिये सरकारी साख को लेकर हमारा परिदृश्य नकारात्मक है। हालांकि, मुद्रास्फीति में गिरावट आनी शुरू होगी, पर खाने के सामान और ऊर्जा के दाम ऊंचे होंगे। इससे आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी और सामाजिक तनाव बढ़ेगा। वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2023 में धीमी पड़कर 1.7 प्रतिशत होने का अनुमान है जो 2022 में तीन प्रतिशत रहेगी। उच्च कीमत और तंग मौद्रिक नीति से ग्राहकों के खर्च, निवेश और आर्थिक धारणा प्रभावित होती है। मूडीज के अनुसार, एशिया का प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों से बेहतर होगा। भारत जैसे बड़े एशियाई देशों की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत से अधिक होगी क्योंकि घरेलू खपत, निवेश और पर्यटन सामान्य स्तर पर लौट रहा है। रेटिंग एजेंसी ने पिछले सप्ताह 2023-24 के लिये वैश्विक वृहत आर्थिक परिदृश्य में कहा था कि वैश्विक वृद्धि 2023 में धीमी पड़ेगी और 2024 में भी इसमें सुस्ती रह सकती है। निश्चित तौर वैश्विक प्रतिदृश्य इसी प्रकार के संकेत दे रहें हैं लेकिन भारत कई बार इस प्रकार के भविष्यवाणी को गलत साबित कर चुका है।

# बिरसा का जीवनदान और झारखंड का नवनिर्माण

**आज** से ठीक 120 साल पहले पच्चीस साल के बिरसा मुंडा रांची जेल में शहीद हो गए थे। आदिवासियों के ज्यादातर संघर्ष आजादी की लड़ाई की कहानियों से बाहर रखे जाते हैं लेकिन तथ्य यह है कि अंग्रेजों के कब्जे के बाद से ही भारत में उनकी लूट के खिलाफ लगातार छोटे-बड़े स्थानीय संघर्ष होते रहे हैं. चाहे 1798 का चुआड़ विद्रोह हो या 1800 का चेरो विद्रोह या फिर 1818 का भील विद्रोह, 1820 का हो विद्रोह,1829 का खसिया विद्रोह, 1831 का कोल विद्रोह,1833 का गोंड विद्रोह, 1839 का कोली विद्रोह या फिर 1855 का संथाल विद्रोह, ये सब भारतीय मुक्ति संग्राम का सुनहरा अध्याय हैं. जिसे हमारे इतिहासकार के द्वारा देश के स्वंतत्रता आंदोलन में प्राथमिकता नही दिया गया।



1899 में शुरू हुए बिरसा विद्रोह को आज याद करना अपने समय को समझने के लिए बेहद जरूरी है। 1857 के महान भारतीय विद्रोह को कुचल देने के बाद अंग्रेज और उनके पिछलग्गूओं ने इस देश के मूलनिवासियों से जमीन कब्जे की पहली बड़ी मुहिम शुरू की। इसी के तहत रांची के आसपास जमींदारों ने छलपूर्वक मुण्डा अंचल के भोले-भाले आदिवासियों की जमीनें बड़ी मात्रा में कब्जा कर लीं। पंद्रह साल तक मुंडा आदिवासी सरकारी तरीके से लड़ते रहे। उनका कहना था कि हम जमींदारों को लगान नहीं देंगे, चूंकि जमीन हमारी है तो हम सीधे अंग्रेज सरकार को लगान देंगे। राँची से लेकर सिंहभूम तक मुंडा कबीलों के सरदारों के नेतृत्व में चली इस लड़ाई को सरदारी लड़ाई कहते हैं।



\- **राहुल कुमार दूबे**

> जेल से छूटने के बाद नवम्बर, 1897 में बिरसा ने आन्दोलन को फिर से शुरू किया। 28 जनवरी को रांची के पास चुटिया के एक मंदिर में उन्होंने कब्जा कर मूर्तियाँ उखाड़ फेंकी, जो परम्परा में मुंडा लोगों का था और बाहरी लोगों ने कब्जा कर लिया था। इस पर फिर से उनकी गिरफ़्तारी का हुक्म जारी हुआ, लेकिन बिरसा अब गोरिल्ला तरीके से लड़ रहे थे।

राँची जिले के तमार थाने के दक्षिण की पहाड़ियों में स्थिर एक छोटे से गाँव चलकद में जन्मे बिरसा मुंडा चाईबासा के जर्मन स्कूल में पढ़ते हुए ईसाई बन गए थे और उन्हें डेविड के नाम से पुकारा जाता था। लेकिन जल्द ही वे ईसाई धर्म से निराश हो फिर से मुंडा बन गए और 1895 में खुद को भगवान का अवतार घोषित कर मुण्डों की मुक्ति की लड़ाई का आह्वान किया। भारत का मुक्ति संग्राम में अयोध्या सिंह कहते हैं संभवतः मुण्डों को जगाने और जमींदारों तथा अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्हें यही उपाय सूझा, उन्होंने प्रचार किया कि जो मुण्डा उनके साथ नहीं आएगा उसका नाश हो जाएगा। बिरसा ने खुली घोषणा किया कि अंग्रेजी राज खत्म हो गया है और मुंडा राज की स्थापना हो गई है और अंग्रेजों या जमींदारों को कोई भी टैक्स देने पर पाबंदी लगा दी। 16 अगस्त 1895 को जब बिरसा को गिरफ़्तार करने अंग्रेजी पुलिस उनके गाँव चलकद पहुंची तो गाँववालों ने भगा दिया लेकिन आठ दिन बाद उन्हें सोते हुए घर से पंद्रह और साथियों के साथ गिरफ़्तार कर लिया।

**बिरसा का उलगुलान**

जेल से छूटने के बाद नवम्बर, 1897 में बिरसा ने आन्दोलन को फिर से शुरू किया। 28 जनवरी को रांची के पास चुटिया के एक मंदिर में उन्होंने कब्जा कर मूर्तियाँ उखाड़ फेंकी, जो परम्परा में मुंडा लोगों का था और बाहरी लोगों ने कब्जा कर लिया था। इस पर फिर से उनकी गिरफ़्तारी का हुक्म जारी हुआ, लेकिन बिरसा अब गोरिल्ला तरीके से लड़ रहे थे। जगन्नाथपुर जाकर उन्होंने बुजुर्ग मुण्डों से आशीर्वाद लिया और जगह-जगह घूमकर मुण्डों को एकताबद्ध करने लगे।

वह और उनके साथी लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ संगठित करते और कोई टैक्स न देने को कहते। 1899 में क्रिसमस के दिन उनके लोगों ने खुन्ती तमार, बसिया और रांची के कई इलाकों में ईसाई बन गए मुण्डों पर हमला किया जिसमें कई लोग मारे गए। लेकिन 5 जनवरी 1899 को उन्होंने घोषणा की कि उनके असली दुश्मन साहब लोग और अंग्रेज सरकार हैं इसलिए चाहे ईसाई भी बन गया हो लेकिन किसी मुंडा पर कोई हमला न किया जाए। अब सारे मुण्डा अंचल में विद्रोह फैल गया। 9 जनवरी को डेढ़ सौ पुलिसवालों से डुमरी पहाड़ी में उनकी मुठभेड़ हुई. पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिए कहा तो बिरसा ने घृणापूर्वक ठुकरा दिया। गोलीबारी में दस मुंडा विद्रोही मारे गए और सात घायल हुए। इसके बावजूद बिरसा संघर्ष चलाते रहे लेकिन 3 फरवरी को उन्हें सिंहभूम में गिरफ़्तार कर लिया गया। उन पर, उनकी पत्नी मनकी और 482 साथियों पर मुकदमा चला लेकिन 9 जून 1900 को बिरसा ने जेल के अन्दर ही आखिरी साँस ली। अंग्रेजों का कहना था कि वह हैजे के चलते मरे हैं हालाँकि काफी लोग मानते हैं कि उन्हें धीमा जहर देकर मार दिया गया। इस मुकदमे में 3 बिरसापंथियों को फाँसी की सजा और 47 को कालापानी की सजा हुई। इस आन्दोलन ने पूरे देश में चेतना की लहर पैदा की और कोलकाता में सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी ने वहाँ के प्रमुख समाचारपत्र -बंगाली- में उनके बारे में लिखा था।

22 साल बाद भी आज तक यहाँ के युवाओ को रोजगार नही मिला क्योंकि पजामे के तरह यहाँ सिर्फ मुख्यमंत्री तो बदल गए पर आज तक एक अच्छी रोजगार नीति नही बन पाई। 21 साल होने पर भी आज तक खढरउ सिर्फ 6 बार हुआ जिसमें भी घोटाले का हमेशा बु आती रही। शिक्षा में झारखण्ड की दयनीय हालत है यहां आज भी सरकारें उच्च शिक्षा के लिए एक अच्छा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संघर्ष कर रही है।

5 विश्वविद्यालय अभी भी जीर्णोद्धार के लिए तरस रहे है क्योंकि शिक्षा का नीति और परीक्षा समय पर नही होता। जिसके कारण झारखण्ड के युवा की दशा का शिक्षा, रोजगार और नोकरी की स्तिथि नाजुक है और संसाधनों के राज्य में भीख मांगने पर विवश है इन्ही सब स्थिति को देखते हुए झारखण्ड के प्रख्यात कवि नीलोत्पल मृणाल जिसने 3 पुस्तके लिखी है जिसने 2 बेस्ट सेलर रही है जिसका नाम डार्क हार्स और औघड़ है। तीसरी पुस्तक यार जादूगर भी बहुत अच्छी है। वे झारखण्ड के 22 साल के स्थापना दिवस पर कविता से अपनी बार लिखी 21 साल का दर्द सांझा करते है। और कहते है-

राज मिला,खुशी मनाईये।  
क्या मिला? ये भी बताईये!  
हई मिला,हऊ मिला,,,ई मिला उ मिला..  
सीधी सी बात कोइतना मत घुमाईये।  
क्या मिला?  
ये तो बताईये!

## खास बात
### भारत पर दायित्व

**आरके सिन्हा**

भारत को जी-20 देशों के समूह की सांकेतिक रूप से अध्यक्षता आगामी 16 नवंबर को ही मिल जाएगी जब इंडोनेशिया के शहर बाली में चल रहा जी-20 शिखर सम्मेलन समाप्त होगा। हां, भारत विधिवत रूप से जी-20 की अध्यक्षता अगले माह 1 दिसंबर से संभालेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने का और अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का । जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75 प्रतिशत व्यापार का भी प्रतिनिधित्व करता है और भारत अब इसी जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में जी-20 का लोगो (प्रतीक चिह्न) वसुधैव कुटुम्बकम को जारी करते हुए कहा कि यह केवल एक प्रतीक चिह्न ही नहीं है। यह एक गहरा संदेश है, एक भावना है, जो हमारी रगों में बसता है। यह एक ऐसा संकल्प है जो हमारी सोच में शामिल रहा है। इस लोगो और थीम के जरिए भारत ने विश्व को फिर एक संदेश दिया है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई भी फर्स्ट वर्ल्ड या थर्ड वर्ल्ड न हो, बल्कि केवल वन वर्ल्ड हो। भारत ने वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड के मंत्र के साथ विश्व में अक्षय ऊर्जा क्रांति का आह्वान भी किया है।

राजधानी नई दिल्ली में अगले साल 9-10 सितंबर, 2023 में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, रूस के राष्ट्रपति पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत दुनिया के शिखर नेता भाग लेंगे। उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी जी-20 के नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। शी चिनफिंग के साथ सीमा विवाद को हल करने पर भी बात हो सकती है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद बना हुआ है। भारत जी-20 सम्मेलन में ब्रिटेन के भारतीय मूल के हिन्दू प्रधानमंत्री सुनक का खासतौर पर स्वागत करना चाहेगा।

# व्यवहार और नीति

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**चित्रकूट** में राजा जनक ने नीति बताते हुए कहा कि यहां जंगल में पहले से श्रीराम रह रहें हैं, भरत जी बाद में जंगल में आये हैं। इसलिए राम का यह फर्ज बनता है कि वे भरतजी से जाकर पूछें कि मैं आपके लिये क्या कर सकता हूं। वसिष्ठजी यह सुनकर अतिप्रसन्न हुए और कहा कि रास्ता मिला।

इस तरह जनक जी और वसिष्ठ जी दोनों कुछ दूरी पर स्थित श्री रामके झोपड़ी तक गये। श्री राम ने जैसे देखा कि दो महानुभाव मेरे पास आ रहे हैं तो वे उठ खडें हो गये।तब वसिष्ठ जी ने कहा राम आपका दायित्व है कि आप भरत जी से पूछे कि आने का कारण क्या है और मैं आपके लिये क्या कर सकता हूं। श्रीराम ने कहा प्रभु मैं ऐसा ही करूंगा। थोड़े देर के उपरांत श्रीराम वसिष्ठ और जनकजी के साि भरतजी की झोपड़ी तक पहुंचे। भरत जी ने देखा किस सभी बड़ें महानुभाव मेरे झोपड़ी की ओर आ रहें हैं तब वे उठकर हाथ जोड़कर खडें हो गये। आते ही राम जी ने कहा भईया भरत मैं क्या करूं? आगे क्या होना चाहिए? बोलिए आपके अंदर जो बात है उसे रखिये। इतना सुनते ही भरत करूणा विह्वल हो गये। उन्होंने कहा कि मैं क्या करूं? ये दुर्भाग्य मेरा पीछा नहीं छोड़ रहा है। अयोध्या मे जो कुछ हुआ वह मेरे कारण हुआ। यहां जब मेरे गुरु महाराज जी हैं जब पिता तुल्य ज्ञानी राजा जनक जी यहां हैं और मेरे स्वामी आप यहां है। आप तीनों के रहते मुझसे कारण पूछा जा रहा है कि आगे क्या होना चाहिए?


(ब्रह्म विद्यायल सह आश्रम)

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,  
और शोहरत की कमाई क्या है,  
इस बुलंदी पे आ के जाना है,  
अच्छा होने में बुराई क्या है..!

**– कुमार विश्वास, कवि**

## आपके ट्वीट

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल हुआ। अमर वीर शहीदों और क्रांतिकारियों के अथक संघर्ष और बलिदान की बदौलत हमें झारखण्ड मिला। सभी वीर सपूतों को शत-शत नमन। **–हेमंत सोरेन**





**महंगाई** देशभक्ति है? बेरोजगारी देशभक्ति है?गलत जीएसटी देशभक्ति है? चीन पर झूठ बोलना देशभक्ति है?देश तोड़ना देशभक्ति नहीं, देश जोड़ना देशभक्ति है।

**– राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

# जनजाति समाज के लिए आर्थिक विकास योजनाएं

**प्रहलाद सबनानी**

## गौरव सप्ताह

**जनजाति** समाज बहुत ही कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए देश में दूरदराज इलाकों के सघन जंगलों के बीच वनों में रहता है। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज के सदस्यों को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में शामिल किए जाने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं एवं इस समाज के कई प्रतिभाशाली सदस्य तो कई बार केंद्र सरकार के मंत्री, राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के पदों तक पहुंचे हैं। केंद्र सरकार द्वारा जनजाति समाज को केंद्र में रखकर उनके लाभार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष पोर्टल का निर्माण किया है। जनजाति समाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दो प्रकार से चलाया जा रहा है। कई योजनाओं का सीधा लाभ जनजाति समाज के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनुदान प्रदान किया जाता है और इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। जैसे, जनजातीय उप-योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जनजातीय विकास हेतु किए गए प्रयासों को पूरा करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का मूल प्रयोजन पारिवारिक आय सृजन की निम्न योजनाओं जैसे कृषि, बागवानी, लघु सिंचाई, मृदा संरक्षण, पशुपालन, वन, शिक्षा, सहकारिता, मत्स्य पालन, गांव, लघु उद्योगों तथा न्यूनतम आवश्यकता संबंधी कार्यक्रमों से है। जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु भी उक्त निधियों के कुछ हिस्से का प्रयोग किया जाता है।

राज्य सरकारों को वित्त उपलब्ध कराने सम्बंधी उक्त दो योजनाओं का केवल उदाहरण के लिए वर्णन किया गया है, अन्यथा इसी प्रकार की कई योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में जनजाति समाज के सदस्यों को सीधे ही लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से भी केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं- (1) आदिवासी उत्पादों और उत्पादन विपणन विकास की योजना (2) एमएसपी योजना की मूल्य श्रृंखला के विकास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के माध्यम से लघु वनोपज के विपणन हेतु योजना (3) आदिवासी उत्पादों या निर्माण योजना के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहयोग की योजना (4) आदिवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना (5) जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की योजना (6) जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के लिए अनुदान योजना (7) उत्कृष्ट केन्द्रों के समर्थन के लिए वित्तीय सहायता योजना जिसका लाभ जनजातीय विकास और अनुसंधान क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों और संस्थानों को दिया जाता है। इन अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा आदिवासी समुदायों पर गुणात्मक, क्रियान्मुख और नीति अनुसंधान का संचालन किया जा सके (8) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) और राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एसटीएफडीसी) को न्यायसम्य (इक्विटी) सहायता प्रदान करने की योजना। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और आदिवासी मामले मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।

### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

### चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है हमें सावधान रहने की जरूरत है।

**–अवंतिका राज, लोहरदगा**

# 2050 में वैश्विक जनसंख्या के लिए भोजन का संकट होगा

**डॉ. वीर सिंह**

## समस्या

**खाद्य** सुरक्षा की प्राकृतिक, स्थायी और गहरी जड़ें धरती के पारिस्थितिकी तंत्रों में हैं और विश्व की सारी मानव सभ्यता को उसकी छतरी के नीचे लाने के लिए पारिस्थितिक, आर्थिक और राजनीतिक उपाय हैं। अनाज फसलों और उनमें से भी केवल तीन फसलों झ्र गेहूं, चावल और मक्का के वर्चस्व वाली खेती टिकाऊ नहीं है। यह प्रदूषण, रोग और जलवायु परिवर्तन पैदा करने वाली खेती है। यह जैव विविधता का हरण करने वाली खेती है। इस पर टिकी खाद्य सुरक्षा अस्थायी है और पर्यावरण विनाश की और ले जाती है। इसके विपरीत वृक्षों से जितने प्रकार के खाद्य पदार्थ मिलते हैं, उतने अनाज फसलों से नहीं।

प्राचीन काल से हम हजारों प्रकार के पौधों से अपना भोजन चुनते थे और पर्यावरण संतुलन जैसे मुद्दे कभी नहीं उठते थे। यह सही है कि हम पुनः अरण्य से प्राप्त खाद्य पदार्थों वाली व्यवस्था रातों-रात तैयार नहीं कर सकते। अभी वर्तमान कृषि प्रणाली की ही आवश्यकता होगी, मगर हम धीरे धीरे पर्यावरण संरक्षण-केंद्रित वृक्ष खेती की और बढ़ सकते हैं और इसका श्रीगणेश कृषि वानिकी प्रणाली विकसित कर किया जा सकता है। कृषि वानिकी (एग्रोफोरेस्ट्री) पहले से ही अस्तित्व में है, लेकिन उसे विश्वव्यापी विस्तार देने की आवश्यकता है। इसमें समय लगना स्वाभाविक है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ ए ओ) के अनुसार 2050 तक विश्व की जनसंख्या 9.7 बिलियन हो जाएगी जिसे खिलाने के लिए 70 प्रतिशत अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता होगी। उस समय गेहूं, चावल और मक्का के वर्चस्व वाली खेती विश्व भर की भोजन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके, संभव-सा नहीं लगता। इस शताब्दी के अंत तक धरती पर 12.2 बिलियन लोगों का वास होगा। तब भी सुदृढ़ कृषि वानिकी सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होगी। कृषि वानिकी से मिट्टी, जल और जैव विविधता का संरक्षण होगा और साथ में वे सभी भोज्य पदार्थ मिलते रहेंगे जो चलताऊ कृषि तंत्र से भी मिलते हैं, और नाना प्रकार के भोज्य पदार्थ देने वाले वृक्षों का चयन किया जाए तो आज के दैनंदिन भोजन से कहीं अधिक प्रचुर मात्रा में और कहीं बहुत पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा और समाज की खाद्य सुरक्षा का स्तर बढ़ेगा।

भूतल पर रहने वाले सभी जंतुओं और अधिकांश जलचरों का भोजन जिस प्रक्रिया से बनता है उसे प्रकाश संश्लेषण कहते हैं। मनुष्य और अन्य जंतुओं की खाद्य सुरक्षा का आधार प्रकाश संश्लेषण ही है। हरितपर्ण वाले पौधे अपना भोजन सीधे-सीधे प्रकाश संश्लेषण के बल पर लेते हैं, और हम सब उस भोजन पर निर्भर हैं और हमारी खाद्य सुरक्षा भी उस भोजन पर निर्भर है जो पौधे अपने लिए बनाते हैं। इस प्रकार जितनी विराटता प्रकाश संश्लेषण की होगी, उतना ही ऊंचा स्तर हमारी खाद्य सुरक्षा का होगा। दउथली जड़ों वाली और मिट्टी- जल-जैव विविधता का क्षरण करने वाली आधुनिक कृषि भी प्रकश संश्लेषण के माध्यम से ही खाद्योत्पादन करती है। लेकिन कृषि फसलों की प्रकाश संश्लेषण की क्षमताएं प्राकृतिक वनों की अपेक्षा काफी कम है और फसल पकने से समाप्त हुए पर्णहरित के कारण और फसल कटाई के बाद प्रकाश संश्लेषण शून्य हो जाता है।


संस्थापक  
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए  
मुद्रक, प्रकाशक  
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक  
अविनाश ठाकुर*  
फोन : 94313-55233  
पिनः -834006

e-mail  
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.  
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# समावेशी शिक्षा के तहत दी जा रही है धार्मिक शिक्षा, इसमें क्या बुराई: विभागाध्यक्ष

## धार्मिक पुस्तक पढ़ाये जाने को लेकर छात्रों ने किया हंगामा

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** संत कोलम्बा कॉलेज में बीएड विभाग के छात्रों ने विभागाध्यक्ष पर धार्मिक पुस्तक पढ़ाये जाने आरोप लगाते हुए बुधवार को हंगामा किया। छात्रों का कहना था कि विभागाध्यक्ष द्वारा छात्रों को जबरन धार्मिक पुस्तक पढ़ाई जा रही है जबकि ये सिलेबस में नहीं है। कहा कि ऐसा नहीं करने पर छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर उनका शोषण किया जाता है। आवाज उठाने वाले छात्रों को ऑब्जरवेशन के दौरान दूर के स्कूलों में भेज दिया जाता है।



हंगामा करते छात्र

गुस्साए छात्रों ने कहा कि विभागाध्यक्ष के रवैये को लेकर उनलोगो ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया है। हमलोगो का समय पढ़ाई में कम और प्रदर्शन में जाया हो रहा है। यूनिवर्सिटी प्रशासन से हमारी मांग है कि विभागाध्यक्ष अपने रवैये में परिवर्तन करे या फिर प्रशासन छात्रों की भलाई को देखते हुवे उन्हें यहां से कहीं और स्थानांतरित कर दे।

### क्या कहते हैं विभागाध्यक्ष




इस मामले पर विभागाध्यक्ष डॉ. शेलोंट रेजिना जॉन ने कहा कि छात्रों के द्वारा लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। समावेशी शिक्षा के तहत 1, 2 और 4 के सिलेबस में धार्मिक पढ़ाई कराई जा रही है। बच्चे अपने अपने धर्म के बारे में जानकारी रखे इसमें क्या बुराई है। प्रताड़ना के आरोप पर कहा कि ये सारी बातें बेबुनियाद है। ऑब्जरवेशन सेडुल में सारे छात्र अपने घर के नजदीक के स्कूल जाना चाहते है। अब सबको घर के समीप का स्कूल तो मिल नहीं सकता, इस बात को लेकर वो नाराज हो जाते हैं। एक और भी बात है कि छात्र चिड्रेन्स डे मनाना चाहते थे जो उनके मन के अनुरूप हो नहीं सका। शायद इसका भी विरोध हो क्योकि छात्रों के साथ मेरा व्यक्तिगत सम्बन्ध बहुत ही अच्छा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में अंजुमन और मदरसा कमेटी की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में अंजुमन और मदरसा कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 25 नवंबर की रात्रि 8 बजे से जामा मस्जिद प्रांगण में जलसा-ए-दस्तारबंदी करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि जलसा में मौलाना मुफ्ती शहरयार खान, शायर-ए-इस्लाम दिलबर शाही, जमजम फतेहपुरी, कबीर नूरी, मनौव्वर सैफी समेत कई उलेमा शिरकत करेंगे। जलसा में हाफिज बनने वाले छह हाफिज मो.दिलखुश रजा, गुलाम मुस्तफा, शाकिब जमाली, फैयाज आलम, मकसूद आलम, मो साहिल कुरैशी की दस्तारबंदी की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मो. रुस्तम अली ने की। मौके पर अंजुमन अध्यक्ष मो.हलीम, सचिव सफदर मो अनवर, शमशुल अंसारी, कारी सरफुद्दीन, मुफ्ती मकसूद आलम आदि मौजूद थें।

### अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम द्वारा मांडू थाना अंतर्गत धवइयाडीह क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 900 किलोग्राम जावा महुआ व 25 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त कर नष्ट किया गया वहीं इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राज्य सभा सदस्य खीरू महतो से मिलकर सौंपा मांग पत्र

**कुजू।** ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर एंड ऑफिशियल एसोसिएशन सीसीएल प्रक्षेत्र के महासचिव निशांत सिंह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो से मिलकर मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में उन्होंने कोयला अधिकारियों की तर्ज पर एसोसिएशन सदस्यों को भी पूरे नौकरी के दौरान तीन के बजाय 9 प्रोन्नति देने, ओवरमैन और सर्वेयर के पदनाम को रेलवे और एनटीपीसी के तर्ज पर जूनियर इंजीनियर पद देने की मांग रखी। मांग पत्र में श्री सिंह ने कहा है कि एआईडीइओए को 9 प्रमोशन नहीं मिलना भारतीय संविधान में समानता के अधिकार का हनन है। श्री सिंह ने बताया कि इस दौरान राज्यसभा सदस्य सह कोयला मंत्रालय सलाहकार समिति सदस्य खीरू महतो ने उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## भगवान बिरसा के अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी: अंबा

खबर मंत्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** हरिहरपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम नेतुआ मे बिरसा मुंडा ग्रीन टापू (आईलैंड) में भगवान बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर की। साथ ही भगवान बिरसा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से ढोल मांदर की थाप पर आदिवासी नृत्य करते हुए विधायक अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी, जनजातीय समुदाय को एकजुट किया, यहां की संसति का



भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण करती विधायक अंबा प्रसाद व अन्य

पुनर्जागरण किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के सर्वोत्तम योगदान के लिए उनकी जयंती के ही दिन वर्ष 2000 में झारखंड आधिकारिक तौर पर राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। विधायक ने कहा कि भगवान वीर बिरसा मुंडा जल-जंगल, जमीन की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहें। उन्होंने जनजातीय संसति व परंपराओं की रक्षा के लिए अपने जीवन का हर क्षण अर्पित कर दिया। आज झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर उनके और झारखंड के सभी क्रांतिकारियों और आंदोलनकारियों के दिखाये रास्ते का पूरी निष्ठा के साथ अनुसरण करने का हम प्रण लेते हैं। मौके पर प्रमुख कौशल्या देवी, कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उराव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सुरेंद्र मुंडा, अध्यक्ष सुदर्शन मुंडा, सचिव अर्जुन मुंडा, कोषाध्यक्ष सविता देवी, मुख्य सचेतक भोला मुंडा, प्रदीप महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एनएच 100 पर आलू लदे पिकअप वाहन की हुई लूट

खबर मंत्र संवाददाता

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि 10 बजे आलू लदे पिकअप वाहन को चार लोगों ने मिलकर लूट लिया जिसके बाद दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ने त्वरित करवाई करते हुए वाहन को इचाक थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। वाहन लूटेरे वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहे। इस बारे में थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को आलू लदा सफेद रंग के पिकअप वाहन संख्या बीआर 53 जी 2426 करियातपुर इचाक से झुमरा के रास्ते से लखीसराय जाने को निकला। इस दौरान बीडीजेजे इंटर कॉलेज और हरली के बीच सफेद रंग की स्विफ्ट में सवार चार लोगों ने मिलकर जबरजस्ती वाहन को रुकवा लिया। वाहन के रुकने के बाद दो लोग पिकअप में सवार हो गए जबकि पिकअप चालक को अपने साथ स्विफ्ट गाड़ी में जबरजस्ती बैठा लिया। पिकअप वाहन को हजारीबाग की ओर ले जाने लगे तभी करीब 100 मीटर दूर जाने के बाद पिकअप वाहन के चालक को झुमरा से पहले उतार कर आगे चले गए। लूटेरों ने वाहन को झुमरा के रास्ते इचाक की तरफ ले गए इसी बीच पिकअप का चालक दारू थाना पहुंचकर थाना प्रभारी अमित कुमार को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने घटना की सूचना जिले के एसपी को दी और उनके निर्देश पर त्वरित करवाई करते हुए कोर्रा थाना, मुफ्फसिल थाना, इचाक थाना, टाटीझरिया थाना को सूचना दी और खुद भी इचाक की ओर चले गए। घटना के बाद दारू थाना पुलिस वाहन को जप्त कर थाने ले आई। वाहन चालक अनिल कुमार लखीसराय निवासी के लिखित आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 65/22 में लूटपाट का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में दारू थाना पुलिस की त्वरित करवाई से क्षेत्र के लोग काफी खुश नजर आए।

## विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने भुरकुंडा प्रबंधन को सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले भुरकुंडा सीसीएल परियोजना अंतर्गत राजस्व ग्राम के विस्थापित-प्रभावित रैयतों ने बुधवार को भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि पिछले वर्ष पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई में राजस्व ग्राम के विस्थापितों द्वारा प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया था। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयले का 30 प्रतिशत कोयला राजस्व ग्राम के विस्थापित-प्रभावित रैयतों को रोजगार हेतु लोकल सेल में देने का वादा प्रबंधन ने किया था, लेकिन यह भी मांग पूरी नहीं की गई। भुरकुंडा कोलियरी से उत्खनन प्रक्रिया से राजस्व गांव के शेष भूमि जल, जंगल एवं पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। प्रबंधन 10 दिनों के अंदर ग्रामीण विस्थापित-प्रभावित रैयतों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करे। सौंपे गये मांग-पत्र में राजस्व ग्राम के विस्थापित-प्रभावित रैयतों को नौकरी देने, भुरकुंडा कोलियरी के अंतर्गत पुराना रोड सेल समिति को भंग कर राजस्व ग्राम के विस्थापित रैयत ग्रामीणों के लिए न्यू रोड सेल की शत प्रतिशत व्यवस्था कर भुरकुंडा कोलियरी से उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत कोयला रोड सेल में देने सहित 12 सूत्री मांगे शामिल है। मांग-पत्र सौंपने वालो में जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, देवरिया मुखिया विकास नायक, प्रदीप मांझी, बिरेंद्र यादव, सामू बेदिया, राजकुमार प्रसाद, अनिल बेदिया, हरिचरण करमाली आदि शामिल है।

## मांगें नहीं मानी गयीं तो चक्का जाम के साथ उत्पादन भी ठप किया जायेगा: प्रदीप कुमार

खबर मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित महाप्रबंधक कार्यालय गेट के समक्ष सीसीएल रजरप्पा वाशरी परियोजना में कार्यरत ठेका मजदूरों के 12 सूत्री व सीसीएल कर्मचारियों के 31 सूत्री मांगो को लेकर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के द्वारा चल रही तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। बताते चले कि कई दिनों पूर्व यूनियन ने महाप्रबंधक को 31 सूत्री मांगपत्र सौंपा था। लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नही हुई. जिसको लेकर यूनियन ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम



धरने को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार

आयोजित किया. धरने के अंतिम दिन क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं सचिव रमेश विश्वकर्मा ने कहा कि मांगे नही मानी जाती है तो आने वाले दिनों में चक्का जाम के साथ उत्पादन भी ठप किया जायेगा. धरना-प्रदर्शन को अवधेश प्रसाद सिंह, कृष्णा मुरारी सहित कई नेताओ ने भी संबोधित किया। मौके पर धनीराम महतो, श्याम बिहारी महतो, भुनेश्वर महतो, बैजनाथ राम, रामधनी शर्मा, नरेश कुमार, धर्मनाथ महतो, गीता कुमारी, अबास अंसारी, शंकर मांझी सहित 121 मजदूर धरना कार्यक्रम में मौजूद थे।

## ई पोस्ट मशीन में खराबी को लेकर डीलर संघ ने दिया बीडीओ के नाम आवेदन

बड़कागांव। ई- पोस्ट मशीन का इंटरनेट सर्वर लगातार तकनीकी खराबी आने के कारण डीलरों को अनाज वितरण में काफी कठिनाई हो रही है। तकनीकी खराबी की समस्या को लेकर बड़कागांव डीलर संघ द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में 3 सूत्री मांग शामिल है जिसमें कहा गया है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में इंटरनेट सर्वर लगातार नहीं रहने से माह दिसंबर से माह नवंबर तक का वितरण प्रभावित हो रहा है। वेट मशीन में वजन कभी कम कभी ज्यादा दिखता है एवं सभी विक्रेताओं के इ- पोस्ट मशीन का बैटरी बैकअप खत्म हो गया है जिस कारण बिजली रहने पर ही वितरण संभव हो पाता है। उक्त समस्या की समाधान जल्द से जल्द करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग की गई है। आवेदन में डीलर संघ के अध्यक्ष जगरनाथ साव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, सचिव बालेश्वर कुमार, बुद्धिनाथ साव, रामेश्वर राम, सहादत हुसैन,रामचंद्र पासवान,गोपाल तुरी, एतवा तुरी, टुकेश्वर कुमार,राजेंद्र प्रसाद इत्यादि डीलरों का हस्ताक्षर शामिल है।

## एक नजर में

### कोरटेवा एग्रीसाइंस कंपनी ने फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया


**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत बेलतू गांव में पायनियर बीज कंपनी के द्वारा विशाल फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पायनियर हाइब्रिड धान 27ढ37 के विशेषता के बारे में किसानों को बताया गया मौके पर मौजूद हजारीबाग के मैनेजर समित कुमार एवं एमडीआर सुनील कुमार एवम शंकर कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि पायनियर 27 37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है जिसकी वाली अन्य धान के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होती है तथा ये हर मौसम में किसी दूसरे धान से जायदा उपज देती है जिससे किसानों को अत्यधिक पैदावार मिलता है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त होता है इसका चावल खाने में काफी अच्छा होता है। साथ ही किसानों को धान एवम सब्जी के फसल में लगने वाले बीमारियों और किट संबंधित जानकारी भी दिया गया।

### बड़कागांव में विकास सेवा समिति का मनाया गया स्थापना दिवस



**बड़कागांव।** बड़कागांव- टंडवा रोड स्थित विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का 16 वां स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन में समिति अध्यक्ष दशरथ कुमार,सचिव बुद्धिनाथ महतो, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार,पूर्व सचिव धनुषधारी महतो, ज्ञानोदय विकास विद्यालय अध्यक्ष प्रवीण कुमार,सिकंदर सोनी,ज्ञानी कुमार,राजू कुमार,विशुन रजक,सब्या भवानी,राधा देवी ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ कुमार संचालन बुद्धिनाथ महतो, सीकेन्द्र सोनी ने सयुक्त रूप से किया। मौके पर अध्यक्ष दशरथ कुमार ने कहा कि विकास सेवा समिति सदस्यों के उत्कृष्ट सेवा एवं कार्य के बलबूते आज सफलता की ओर है। हमें उम्मीद है कि आप निरंतर यही मेहनत करते रहेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया गया। जिनमें से प्रथम पुरस्कार उमेश प्रसाद,द्वितीय सिकंदर कुमार,तृतीय लखन महतो,राधा देवी,सपना कुमारी, मौजूद थे।

### स्थापना दिवस के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन




बरही। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक शैलेश कुमार ने विद्यालय परिवार सहित बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस स्वर्णिम अवसर में निदेशक शैलेश कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सबोथित कर कहा कि 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य की स्थापना हुई थी। आज ही के दिन बिहार से अलग होकर एक अलग राज्य के रूप में झारखंड अस्तित्व में आया था। उन्होंने बिरसा मुंडा की जयंती पर बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने बतायबकी कठिन परिस्थितियों के बावजूद भगवान बिरसा मुंडा ने स्थानीय लोगों के लिए अंग्रेजों से जान की परवाह किये बगैर अंग्रेज अधिकारियों की नीतियों का विरोध किया। कार्यक्रम के दौरान आईलेक्स विद्यालय परिसर में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था झारखण्ड : कल ( अतीत ) आज और कल ( भविष्य )। जिसमें कक्षा नवम और कक्षा दशम के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों को उनकी इच्छा के अनुसार तीन ग्रुप में बांटा गया।

### लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाता रहेगा लायंस क्लब : राजेंद्र महतो



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में पिछले 12 नंबर से निःशुल्क ब्लड शुगर जांच शिविर लगाया गया है, तो 20 नवंबर तक चलेगा। इसी कड़ी में बुधवार को भी दर्जनों लोगों ने शिविर में पहुंच ब्लड शुगर जांच कराया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष एमजीएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा व प्रोजेक्ट चेयरमैन माला शर्मा ने बताया कि क्लब का उद्देश्य ही समाजसेवा है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा।

### पत्रकारों का सम्मान जीवन का एक सौभाग्यशाली क्षण : राजेन्द्र



**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रखंड भवन सभागार में उत्कृष्ट लेखन के लिए पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार की मौजूदगी में दर्जनों पत्रकारों ने उनके सम्मान देने पर आभार जताया। मौके पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पत्रकारों के बीच संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों की जीवनशैली एक कठिन रास्ते से गुजरता है। कई भीषण परिस्थितियों के बावजूद पत्रकार समाचार संकलन में कोताही नही करते है।उन्होंने आज के पत्रकारिता पर गंभीर होते हुए अफसोस भी जाहिर करते हुए कहा कि आज पैसों के लिए कई पत्रकारगण स्वयं की गरिमा को पहचान करने में नाकाम साबित हो रहे है। उन्होंने पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डायरी एवं कलम उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया।

# देश के विकास और समाज को आगे ले जाने में पत्रकारों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण: उपायुक्त

खबर मंत्र संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में द रोल ऑफ मीडिया इन नेशन डेवलपमेंट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी के दौरान उपायुक्त माध्यम मिश्रा ने जिले के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया प्रतिनिधियों/पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने एवं देश की आजादी के उपरांत देश को आगे ले जाने में जिस प्रकार से पत्रकारों ने अपना योगदान दिया है वह सराहनीय है। कहा कि राजा राममोहन राय सहित कई अन्य स्वतंत्रता सेनानी थे जो पूर्व में पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए थे।



कार्यक्रम में शामिल उपायुक्त व अन्य

आज के दौर में जब लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न साधन उपलब्ध हैं ऐसे में आप सभी पत्रकारों का दायित्व और भी बड़ा हो जाता है कि किस प्रकार से किसी खबर को इस तरह से प्रस्तुत किया जाए कि वह समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे सके। चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ आप सभी स्वतंत्रता से अपने कार्यों को करते हैं इसलिए यह और भी जरूरी है कि खबरों को पारदर्शी तरीके से तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया जाए। मौके पर उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को देश के प्रसिद्ध पत्रकारों का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका




**हजारीबाग।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को स्थानीय नीलांबर पीतांबर चौक स्थित होटल वैली व्यू में जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। आज आयोजित हुए कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर परिचर्चा की गई। सेमिनार का उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय,डीपीआरओ पंचानन उरांव, अभिजीत सेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आप सब पत्रकार है मैं भी पत्रकार परिवार से आती हूं इसलिए मै पत्रकार के समस्याओं और चुनौतियों से भली भांति परिचित हूं। उन्होने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का सशक्त प्रहरी है। न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के बाद मीडिया को चौथा स्तंभ के रूप में जाना जाता है। मीडिया लोकतंत्र व लोगों के बीच सेतु का काम करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लेखनी के माध्यम से समाज को न केवल दिशा देते हैं बल्कि समस्याओं व गड़बड़ियों को उजागर भी करते है। जिला प्रशासन हमेशा पत्रकारो की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं के निदान के लिए आगे रहेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने भी मिडिया को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के निर्माण में मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका है इस नाते पत्रकारों के ऊपर समाज के प्रति जिम्मेवारी बढ़ जाती है। उन्होनें विशेष रुप मिडिया को सही तथ्यों के साथ सूचना को प्रसारित करने की अपील की। उन्होनें अपने विद्यार्थी जीवन में समाचार पत्र की भूमिका की भी चर्चा की।

## देश के विकास एवं समाज को आगे ले जाने में पत्रकारों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण: उपायुक्त

**रामगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में द रोल ऑफ मीडिया इन नेशन डेवलपमेंट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी के दौरान उपायुक्त माध्यम मिश्रा ने जिले के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया प्रतिनिधियों/पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने एवं देश की आजादी के उपरांत देश को आगे ले जाने में जिस प्रकार से पत्रकारों ने अपना योगदान दिया है वह सराहनीय है। कहा कि राजा राममोहन राय सहित कई अन्य स्वतंत्रता सेनानी थे जो पूर्व में पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए थे। आज के दौर में जब लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न साधन उपलब्ध हैं ऐसे में आप सभी पत्रकारों का दायित्व और भी बड़ा हो जाता है कि किस प्रकार से किसी खबर को इस तरह से प्रस्तुत किया जाए कि वह समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे सके। चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ आप सभी स्वतंत्रता से अपने कार्यों को करते हैं इसलिए यह और भी जरूरी है कि खबरों को पारदर्शी तरीके से तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया जाए। मौके पर उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को देश के प्रसिद्ध पत्रकारों का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।

स्पीड न्यूज

## श्री सत्यचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



घाघरा। सेहल गांव में 9 कुंडीय श्री सत्यचंडी महायज्ञ की तैयारी को लेकर गांव के ग्रामीण यज्ञशाला बनाने में जुटे हुए हैं। इस आशय की जानकारी बुधवार को देते हुए यज्ञ संचालन समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि इस महायज्ञ की शुरूआत आगामी 27 नवंबर 2022 से होगी जिसका समापन आगामी 6 दिसंबर को होगी । 27 नवंबर को कलश यात्रा, 28 नवंबर से पंचांग पूजा मंडप प्रवेश की जाएगी। यज्ञ को संपन्न कराने के लिए चित्रकूट से मुख्य आचार्य हीरामणि, दूसरा प्रयागराज से एवं तीसरा अचार्य बनारस से आएंगे। मौके पर उपस्थित कल्याण बाबा ,मुख्य संरक्षक अशोक उराव, अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरबिंद पाठक, बिनु महतो, प्रेमदीप साहू, रामजी प्रजापति, राजेश साहू, रामलाल महतो, दिलीप साय सहित कई सदस्य शामिल थे।

## गुमला में जेएनडी का कन्वेंशन 22 को

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) का जिला स्तरीय कैडर कन्वेंशन 22 नवंबर को गुमला में होगा। यह कन्वेंशन झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति द्वारा बीते 15 नवंबर को रांची में संपन्न कैडर कन्वेंशन में तय कार्यक्रम को जिला व गांव स्तर पर ले जाने के लिए बुलाई गई है। विदित हो कि लूटखंड बनी झारखंड को बचाने तथा हमारे पूर्वजों व शहीदों के सपनों का खुशहाल झारखंड बनाने जैसे राज्यहित के मुद्दों को लेकर 28 फरवरी को रांची में विशाल महापंचायत झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति द्वारा बुलाई गई है।

## महिला ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण आज

गुमला। स्कील इंडिया मिशन व विकास भारती विशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर को संकुल विकास परियोजना अंतर्गत जनजातीय महिला ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से पलायन रोकने व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्ण देवी, सांसद समीर उरांव, वी सतीश, शिव शंकर उरांव आदि शामिल होंगे। यह जानकारी अटल तिवारी ने दी है।

## श्रद्धांजलि दिवस 18 को

गुमला। अहीर यादव उत्थान समिति गुमला के द्वारा 18 नवंबर को रेंजांगला शौर्य दिवस पर शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में श्रद्धांजलि दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी समाज के शिवदयाल गोप ने देते हुए बताया कि 18 नवंबर की सुबह बाईक रैली निकाली जाएगी।

## प्रवासियों को मिलेगा एसआइएस में जॉब

गुमला। सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा गुमला जिला में 17 से 23 नवंबर तक एसआईएस भर्ती शिविर लगेगा।शिविर में 750 सुरक्षा जवान एवं 250 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को ट्रेनिंग सेंटर, ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा । सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए जवान की उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष , ऊंचाई 168 सेंटीमीटर वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए।

## दो बाइकों की भिडंत में चार लोग घायल

डुमरी। जैरागी पथ पर दो बाइकों के बीच हुए भिडंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। अनिल लकड़ा जो रजावल चर्च का मुंशी है वह चर्च से अपने बाइक में घर लौट रहा था। इसी क्रम में एक बाइक में तीन लोग सवार होकर जैरागी बाजार की ओर तेज रफ्तार से आ रहे थे। अचानक से लकड़ा के घर से महज सौ गज की दूरी में दोनों बाईकों में भिडंत हो गई। जिसमें चारों लोग रोड पर गिरकर घायल पड़े थे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सीएचसी डुमरी में भर्ती कराया।

# पीएलएफआई उग्रवादी सुलतान ने की थी युवक की हत्या

### मृतक की मां के बयान पर तीन पर मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



कुडू लोहरदगा। पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुलतान ने एक सहयोगी के मदद से कुडू के लक्ष्मीनगर में हत्या की घटना को अंजाम दिया है। मृतक की मां के बयान पर कृष्णा यादव सहित तीन पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की दो टीम कृष्णा को पकड़ने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। घायल दोनों का रिम्स में इलाज चल रहा है। मंगलवार देर रात घटना में दोनों को गोली लगी थी। राजेश को कमर के उपर लगे गोली को निकाल लिया गया है, जबकि प्रतिमा देवी के सीने में लगी गोली को निकालने के लिए रिम्स के आपरेशन थियेटर में आपरेशन चल रहा है। घटना की सूचना के बाद देर शाम पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, कैरो थाना प्रभारी शंखनाद उरांव ,कुडू थाना प्रभारी अभिनव कुमार मौके पर पहुंचे तथा पूरे मामले की जानकारी ली । मृतक के परिजनों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि रविवार शाम एक युवक एक महिला को लेकर घर के बगल आम पेड़ के पास संदिग्ध हालात में खड़ा था। इसे देखकर विकास साहू ने दोनों से पूछा कि रात को यहां क्या कर रहे हो। इसी बात को लेकर विकास तथा युवक के बीच विवाद हो गया तथा हाथापाई भी हुई। इसके बाद विकास के परिजन मौके पर पहुंचे तथा विकास को वापस घर ले गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुलतान की भाभी कुडू में रहती है। उसी से मिलने शाम में कृष्णा आया था और कृष्णा के साथ ही विकास का विवाद हुआ था । मंगलवार शाम को कृष्णा एक सहयोगी के साथ पहुंचा तथा विकास को मारने के लिए उसके घर पहुंच गया । शाम छह बजे विकास भाई राजेश के घर पर था जब हत्यारे कृष्णा यादव विकास के घर पहुंचकर विकास की पत्नी को कहा कि विकास को बुला दीजिए लकड़ी का आर्डर देना है। जैसे ही विकास पैदल अपने घर के समीप पहुंचा कृष्णा ने यह कहते हुए गोली चला दिया कि यही विकास है । लगातार चार गोली विकास को लक्ष्य कर दागी इसमें तीन गोली विकास को लगी और एक गोली मिसफायर हो गई। गोली की आवाज सुनकर विकास की पत्नी प्रतिमा देवी दौड़ी तो उग्रवादियों ने पत्नी पर गोली चला दिया इससे प्रतिमा के सीने में एक गोली लगी इससे वह जमीन पर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर भाई राजेश साहू मौके पर पहुंचा। उस पर भी उग्रवादियों ने गोली चला दिया जबकि दूसरे उग्रवादी ने चाकू से हमला करते हुए राजेश को घायल कर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे तथा तीनों को कुडू सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी तथा भाई को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है ।

**ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

इस हत्या के विरोध में बुधवार सुबह 6 बजे कुडू चंदवा रोड स्थित बस स्टैंड सड़क को एक घंटे जाम कर दिया गया । पुलिस द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद जाम हटाया गया। फिर घटना में पीएलएफआई के उग्रवादी के शामिल होने की खबर फैलते ही फिर से थाना चौक को सुबह 8:30 बजे से सड़क जाम कर दिया गया।जाम कर रहे है लोगों की मांग थी कि मृतक के परिवार को 5 लाख का मुआवजा,पत्नी को नौकरी साथ ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर सख्त सजा देने की मांग शामिल थी। जाम की सूचना पर सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगो को सभी मांग पूरी करने का आश्वासन पर लगभग 11 बजे जाम हटा।इस दौरान सड़क के दोनो तरफ काफी दूर तक गाड़ी फंसे हुए थे।

## एक नजर में

### लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अहम : डीसी



लोहरदगा। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वहीं लोकतंत्र को संवारने में मीडिया की भूमिका अहम है। इतिहास रहा है कि जब-जब समाज में सुधार की जरूरत हुई है तब-तब मीडिया ने अपना कार्य किया है। देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी समय-समय पर अखबार निकाला और ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका। महात्मा गांधी ने हरिजन, सरदार भगत सिंह ने कीर्ति, बाल गंगाधर तिलक ने केसरी पत्रिका/अखबारों से अपनी बातें लोगों तक पहुंचायी। देश की आजादी के आंदोलन को एक नया आयाम दिया। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना, भवन लोहरदगा में आयोजित सेमिनार/संगोष्ठी के विषय वर्तमान समय में मीडिया की चुनौतियां एवं अवसर में बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया की भूमिका समाज सुधार में आगे भी रहेगी। आज खबरें अखबारों में लिखी जाती, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समाचारों में प्रसारित होती हैं, उसे मीडियाकर्मी फैक्ट चेक कर मीडिया में देते हैं। जो खबरें पढ़ी जाती हैं या देखी जाती है उसमें मीडिया का कर्तव्य है कि वही खबर लिखे। समाज में सही खबरें जाएं, इसमें मीडिया का सहयोग जरूरी है।

**स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए कार्य करें :एसपी-** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। आप मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य की चिंता किये बगैर कार्य करते रहते हैं। स्वस्थ रहें और अपना कार्य करते रहें। समाज निर्माण में आपकी भूमिका अहम है।

## सीओ से जमीन अतिक्रमण की शिकायत

भंडरा । थाना क्षेत्र के तेतरपोका गांव में गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा गांव के गोनिया टंगरा के गैरमजरूआ जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। इस बाबत ग्रामीणों ने सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता को आवेदन देकर गैरमजरूआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।आवदेन में ग्रामीण जाफिर,परवेज मिरदाहा,इरफान खान,अमन मीरदाहा,अब्दुल रऊफ,सुहेल अमीन सहित तीन दर्जन ग्रामीणों ने कहा है कि गांव स्थित खाता 146 एवं खसरा 403 की जमीन गैरमजरूआ सरकारी जमीन है। उक्त जमीन को गांव के ही नजमा बीबी पति नसीम मिरदाहा द्वारा प्रधानमंत्री आवास बनाया जा रहा है। उस जमीन से होकर आने जाने का मुख्य रास्ता है। अतिक्रमण से मना करने पर जान से मार देने की धमकी देते हैं। गावं के ही गेयास मिरदाहा द्वारा भी गोनिया टंगरा मे छरदिवारी बना कर अतिक्रमण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सीओ से सरकारी गैरमजरूआ जमीन को अतिक्रमण से बचाने की गुहार लगाई है। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि तेतरपोका गांव में सरकारी जमीन अतिक्रमण का मामला संज्ञान में आया है। गांव के एक पक्ष द्वारा एक-दूसरे पर गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाया है। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

## सहायक अभियंता को जिप सदस्य ने किया सम्मानित



लोहरदगा। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियंता नियुक्ति परीक्षा में सफल आसिफ नैयर को किस्को के जिला परिषद् सदस्य संदीप कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। किस्को प्रखंड के नारी नवाडीह गांव के शिक्षक मोहम्मद मुस्ताक अहमद एवं शिक्षिका अंजुम आरा के पुत्र आसिफ नैयर ने झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियन्ता नियुक्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने गाँव नारी नवाडीह एवं पूरे प्रखड समेत लोहरदगा जिला का नाम रोशन किया। जिप सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि नैयर के इस सफलता पर शिक्षक समाज आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इनके - 'चाचा' इम्तियाज अहमद भी झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इनके दादा भी शिक्षक पद को सुशोभित कर सेवानिवृत हुए। इन्होने पूरी शिक्षा सरकारी विद्यालय एवं सरकारी कॉलेज से प्राप्त किया। इनके सफलता से भविष्य में और भी ग्रामीण छात्र-छात्राओ को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में रह कर भी सफलता प्राप्त किया जा सकता है।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेंगे डॉक्टर गणेश

लोहरदगा । आईएमए के जिला अध्यक्ष सह बैडमिंटन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद गोवा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय डॉक्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। श्री प्रसाद ने बताया कि गोवा में 17 नवंबर से 20 नवंबर तक राष्ट्रीय डॉक्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में वे बोकारो के डॉ कुंदन के साथ युगल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन आईएमए द्वारा किया गया है। डॉक्टर प्रसाद ओपन फॉरआल 2.35+ युगल और 50+ एकल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## लोहरा समाज के केंद्र अध्यक्ष बालकुंद समेत दो दर्जन लोगों ने थामा जेएमएम का दामन



लोहरदगा। जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में जिला कार्यालय में लोहरा समाज की केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा ने अन्य पार्टी के कार्यकताओं के साथ झामुमो का दामन थामा।मौके पर जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि भाजपा लाख कोशिश कर ले लेकिन अपने नापाक मंसूबे में कभी कामयाब होने वाली नहीं है। जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को सवारने में लगे हैं और झारखंड के विकास की गति को तेज बढ़ा रहे हैं ।लोग दिन-ब-दिन झामुमो में शामिल हो रहे हैं।इसी को देखते हुए भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने हेमंत सोरेन को तरह तरह के इल्जाम लगाकर बदनाम करने का काम कर रहे हैं। जो कभी कामयाब नही होगा। बालमुकुंद लोहरा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा की बालमुकुंद लोहरा ने कहा जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के कुशल नेतृत्व एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में महेश लोहरा,विजय बहादुर लोहरा, शंकर लोहरा, राजेश लोहरा, बीनू लोहरा, सुरेश उरावं , बंधन उरावं , चंदर लोहरा, संतराम लोहरा,अर्जुन लोहरा, भूषण लोहरा,विजय लोहरा, परमेश्वर लोहरा ,श्याम लोहरा, महिंद्र लोहरा, दिनेश लोहार, पंचम लोहरा, रमेश लोहरा ,अरुण लोहरा, श्यामलाल लोहरा, अजय लोहरा, कुलदीप लोहरा, सचिन लोहरा, मोहन लोहरा, ललुआ लोहरा, जितेंद्र लोहरा, विमला देवी ,राजमणि लोहरा, राजकुमारी लोहरा, शुकरमनी लोहरा, कलावती लोहरा, बसंत लोहरा , प्रमोद लोहरा ,बंगाली लोहरा ,सरवन लोहरा ,रामजन्म लोहरा, सीताराम लोहरा, संतोषी लोहरा, मुनि लोहरा ,लाली लोहरा, फुलमनी लोहरा, प्रेम लोहरा, नीमा लोहरा, रतनग लोहरा, हीरालाल लोहरा आदि सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव , उपाध्यक्ष ,मुकेश साहू, तिवारी उरावं, केंद्रीय सदस्य सरीता भगत, समीद अंसारी, अख्तर अंसारी, अजय उरांव, विष्णु साहू ,सहदेव उरावं ,परवेज अंसारी ,जय उरावं ,शंकर उरावं सहित कई लोग मौजूद थे।

## मीडिया में ऐसी खबरें छपें जो पढ़ने के बाद लोगों में उत्साह का संचार करें : उपायुक्त

गुमला। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर बुधवार को जिला जन संपर्क विभाग गुमला के द्वारा जनसंपर्क कार्यालय सभागार में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर संगोष्ठी हुआ। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का आईना है। मीडिया ऐसे विषयों को उठाये जो समाज हित में है और उसको प्रशासन के समक्ष लायें ताकि लोगों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि मीडिया को बार-बार ऐसे तथ्यों को उठाना चाहिए जब तक उसपर एक्शन न हो। श्री गौरव ने कहा कि मीडिया में ऐसी खबरें आयें कि लोग अखबार पड़े तो उसमें उर्जा का संचार हो और उसमें छपे आईडिया का इंपटीलेशन कराया जा सके। उपायुक्त ने मीडिया कर्मियों की समस्या भी जानी। वहीं जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने कार्यक्रम में विषय वस्तु रखा और कहा कि मीडिया एक नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करें ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम को जिला प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरनाथ कश्यिप, महासचिव दुर्जय पासवान, वरिष्ठ पत्रकार बलदेव शर्मा, हरिओम सुधांशु ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में रणधीर निधि,संतोष कुमार, दीपक राम काजू, प्रमोद दास, मुकेश सोनी, अनिल सागर सिंह, आफताब अंजुम, उपेश कुमार पांडेय, सुशील कुमार, हेमंत दूबे, अनंत कुमार, निर्मल सिंह, रूपेश भगत, जगन्नाथ पासवान, अंकित चौरसिया, आरीफ अख्तर, जौली विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए योजना बनाएं बीडीओ : उपायुक्त

### जिला समन्वयक समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। जिला समन्वयक समिति की बैठक बुधवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागवार विकासकारी योजनाओं की समीक्षा की गई है। समीक्षा के क्रम में सभी बीडीओ को जिला के कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम लोगो को इससे लाभान्वित करने हेतु योजना बना कर कार्य करने का निर्देश दिया।

नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में विभिन्न नीलाम पत्र पदाधिकारियों द्वारा नीलाम पत्र वादों में निर्गत वारंट के विरुद्ध डिफॉल्टर वारंट को गिरफ्तारी के क्रम में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी को 26 जनवरी को पुरस्कृत करने की बात कही। उपायुक्त ने गुमला जिले से पशु एवं बालू तस्करी की रोकथाम हेतु सभी अंचल अधिकारियों को विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिया गया साथ ही विशेषकर चैनपुर डुमरी एवं जारी की ओर से पशुओं की होने वाली तस्करी पर कड़ी निगरानी बरतने की आवश्यकता बताई गई। इस हेतु चिन्हित स्थानों पुलिस की टीम तैनात करने एवं चेकिंग बढ़ाने की बात कही इस हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को नियमित रूप से थाना प्रभारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए तस्करी के रोकथाम हेतु कार्य करने का निर्देश दिया ।

पीएचडी विभाग की समीक्षा के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ घोषित पंचायतवार ग्रामों को 1 स्टार बनाने हेतु सोक पिट निर्माण एवं वेस्ट मैनेजमेंट पर कार्य करने हेतु युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। बिल्डिंग विभाग को समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की वितरित जानकारी लेते हुए चैनपुर में 50 बेड के अस्पताल हेतु अंचल अधिकारी चैनपुर से समन्वय स्थापित करते हुए स्थान का चयन करते हुए कार्य प्रारंभ जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बिल्डिंग विभाग द्वारा चैनपुर तथा गुमला अनुमंडल कार्यालय के बचे हुए कार्यों को 15 जनवरी से पुर्व पूरा करने का निर्देश दिया ,26 जनवरी को झंडोतलन नए अनुमंडल कार्यालय में किए जाने की बात कही। ईवीएम वेयर हाउस हेतु स्थान के विषय में भी चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया । जेएसएलपीएस के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस से जुड़ी सभी महिलाओं को सरकार के सभी कल्याण कारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया । बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी आवासीय विद्यालय में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया । जिन विभाग के कार्यालयों द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके बिजली काटने एवं विभाग पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त ने कृषि विभाग , जिला समाज कल्याण विभाग , आपूर्ति कार्यालय, नियोजन , कल्याण विभाग आदि सभी विभागों की विकासकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया।

## नेशनल स्किल टेस्ट में डीएवी स्कूल का छात्र हर्ष सेमीफाइनल में पहुंचा



गुमला। नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया जो कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर का इकाई है। प्रतिवर्ष नेशनल अन्वेषिका एक्सपेरिमेंटल स्किल टेस्ट ( एनएइएसटी) आयोजित किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य नवीन प्रयोगों को बढ़ावा देना है। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विज्ञान शिक्षक श्री जीवन कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में कक्षा दशम के हर्ष झा ने एनएइएसटी में भाग लिया और स्क्रीनिंग, प्रीलिम्स आदि चरणों को पार कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। जिसमें उसे प्रख्यात भौतिक शास्त्री पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। पटना अन्वेषीका प्रिलिम्स में हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और एक हजार रूपए का कैश रिवॉर्ड जीतने के बाद 5-7 नवम्बर तक सोपान आश्रम आईआईटी कानपुर में आयोजित सेमीफाइनल राउंड में भाग लिया। उसे तीन एक्सपेरिमेंट दिए गए-स्टीफन्स ला, कपल्ड पेंडुलम और इलुमिनेन्स फ्रॉम लीईडी। तीन दिन की इस शिविर में कई प्रयोग दिखाए गए। हर्ष झा ने कहा कि यह स्वप्न सच होने जैसा अनुभव था और इसने मुझे एहसास दिलाया कि विज्ञान कल्पना, लॉजिक और गणना के अतिरिक्त भी कुछ और है। जीवन पांडेय ने जो खुद भी पूर्व में प्रोफेसर एचसी वर्मा की कार्यशाला में शामिल हो चुके हैं , कहा कि जब विद्यार्थियों के अंदर खुद सीखने की ललक एवं जिज्ञासा उत्पन्न होती है। तब टीचिंग शिक्षा में तब्दील हो जाती है। स्कूल के प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने दोनों को हमारे विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में भविष्य में कई उपलब्धियां प्राप्त करेंगे।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता व उप विजेता हुए सम्मानित



गुमला। जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजेता व उप विजेता रहे जिले के विभिन्न क्षेत्रों के बच्चों की हौसला अफजाई के लिए उन्हें सम्मानित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव, उप मुखिया गंदौरी देवी, वार्ड सदस्य मनिता देवी, भाजपा कार्य समिति सदस्य भुपन साहु, आजसू के अजय भगत मोती, आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा के द्वारा बैडमिंटन टूनामेंट के विजेता व उप विजेता रहे बच्चों को ट्राफी, जीके बुक व कोर्क, राकेट वगैरह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बच्चों में पुजा, तनुश्री भगत, अमित उरांव, रानी प्रिया, मोहित उरांव, रामानंद साहु, प्रियांशु तिर्की, हर्षित राज, अंजनी कुमारी, ओम नारायण दास, आस्तिका सिंह, शिवम साहु, शिखा उरांव आदि के नाम शामिल है।

## नशापान से दूर रहें मुंडा समाज : वासुदेव



चैनपुर। सिविल गांव में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भव्य कार्यक्रम भारत मुंडा समाज ने किया, जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुंडा समाज के अध्यक्ष वासुदेव मुंडा ने की। वहीं देर संध्या रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा हुआ। वासुदेव मुंडा ने कहा कि हमारे समाज के लोग नशा अंधविश्वास जैसी कई कुरीतियों से जकड़े हुए हैं। इस सुदूर क्षेत्र के लोगों को संगठित कर शिक्षित बनाना है युवाओं को नशा पान से दूर होकर समाज को आगे ले जाना है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में निवास करने वाले लोग अंधविश्वास के चक्कर में आकर कई तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं इस क्षेत्र को अंधविश्वास मुक्त समाज बनाकर क्षेत्र में विकास करना है।

मौके पर उपस्थित झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। युवा समाज अपने जल जंगल जमीन को छोड़कर पलायन कर रहे हैं। दूसरे राज्यों में जाकर कड़ी परिश्रम कर अपना खून पसीना बहा रहे हैं। संगठित होकर युवाओं को अपने गांव अपने प्रदेश में ही रहना होगा तब कहीं जाकर हमारा गांव विकास की ओर अग्रसर होगा। क्षेत्र के युवा नशापान से दूर होकर शिक्षक बने अंधविश्वास के जाल में ना फंसे। मौके पर मुख्य रुप से सचिव गंगा मुंडा, उपाध्यक्ष संजय मुंडा, चैनपुर प्रखंड कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र मुंडा, सचिव दिलीप मुंडा , ग्राम सिविल के अध्यक्ष मलेश्वर मुंडा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, बरडीहा पंचायत मुखिया ईश्वर खेस, पंचायत समिति सदस्य मैक्सिमा केरकेट्टा, बांमदा पंचायत मुखिया सीता राम मुंडा , कमल केरकेट्टा ,दीपक खलखो सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेटों ने बनाया 75 ग्रीटिंग कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। विश्व का यह सबसे बड़ा स्वैच्छिक संगठन एनसीसी अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। एनसीसी स्थापना दिवस के अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला की ट्रूप संख्या 18 डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कैडेटों ने पचहत्तर ग्रीटिंग कार्ड्स के माध्यम से एनसीसी के प्रति अपने प्रेम को प्रकट किया है। आपको मालूम हो कि एनसीसी सन 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस के तौर पर था। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालय के कैडेटों ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कैडेटों को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। एनसीसी के प्रति अपना उदगार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि

**कैडेटों को धर्मनिरपेक्षता, उत्तम चरित्र, नेतृत्व की भावना का सिखाया जाता है गुरः रमाकांत**

एनसीसी कैडेट्स को धर्मनिरपेक्षता, उत्तम चरित्र, नेतृत्व की भावना व मिल जुल कर कार्य करना सिखाया जाता है। इसलिए समाज के हर वर्ग में एनसीसी कैडेट्स सफल साबित होते हैं। एनसीसी कैडेट्स न सिर्फ रक्षा सेवा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में बढ़चढ़कर भाग लेते हैं। सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा ने कहा कि एनसीसी दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर महीने के चौथे रविवार को मनाया जाता है। एनसीसी का गठन 16 जुलाई 1948 को हुआ था। लेकिन इसके नवंबर के चौथे रविवार को मनाए जाने के पीछे का कारण 1947 में इस दिन एनसीसी की पहली इकाई की स्थापना है। एनसीसी दिवस को यादगार बनाने के लिए यह सभी कार्ड महानिदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर को भेजे जा रहे हैं। कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार एवं कर्नल सुदीप सिन्हा तथा स्केचपेंट एक्सप्रेस फार इंडिया के बिजय कुमार ने कैडेटों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्पीड न्यूज

## 110 जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण



**केतार।** पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में बुधवार को मुखिया प्रमोद कुमार ने 110 वृद्ध, असहाय, दिव्यांगों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि मानवता सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करने का काम किया हूं। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए कपड़े नहीं रहते हैं। यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाये है। मुखिया ने कहा कि गरीबो की सेवा करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। मौके पर उपमुखिया संजय पाल, पंचायत सचिव महावीर महतो, वार्ड शिवदत्त मेहता आदि उपस्थित थे।

## कुआं में गिरने से अधेड़ की मौत



मेराल। प्रखंड मुख्यालय के खरवार टोला निवासी स्व. जग्गू उरांव के पुत्र दीपक उरांव (30) की मौत कुआं में गिरकर हो गई। दीपक को मंगलवार की देर शाम में शराब की नशे में देखा गया था। बताया जाता है कि शराब की नशे में वह रात्रि में कुआं में गिर गया और उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह उसकी लाश कुआं में तैरता पाया गया। सूचना मिलने पर मेराल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो सहित कई लोगों ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## सेल के खाली जमीन में उद्योग लगाने की मांग



भवनाथपुर। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर भवनाथपुर के हजारों बेरोजगारों, व्यवसायों एवं प्रखण्ड वासियो के हित में प्रखण्ड के टाउनशिप में सेल के 4500 एकड़ खाली जमीन में कोई उद्योग लगाने की मांग की है। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि भवनाथपुर प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र के लाखो बेरोजगार रोजगार की तलाश में अपने परिवार एवं बाल बच्चों का पेट पालने के लिए दूसरे राज्य में जाकर विभिन्न कारखानों में कार्य करने को मजबूर हैं। उन्होंने लिखा कि भवनाथपुर में सेल द्वारा एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट लगवाया गया था। जो वर्ष 1985 में बंद हो गया है। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से भवनाथपुर में सेल के खाली जमीन में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर या कोई उद्योग लगने का मांग की है। ताकि प्रखण्ड के बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

## फ्री राशन नहीं देने पर लाभुकों ने किया हंगामा



भवनाथपुर। केंद्र सरकार गरीबों को राहत देने के उद्देश्य से हर महीने राशन के अलावे अतिरिक्त मुफ्त राशन दे रही है। लेकिन अधिकारी एवं डीलर की मिलीभगत से गरीबों को मिलने वाले राशन पर सबकी गिद्ध दृष्टि है। चपरी के ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के कार्डधारियों ने डीलर द्वारा दो माह का फ्री का राशन नहीं देने पर जमकर हंगामा किया। लाभुक वीरू बैठा, हनीफ मियां, हामिद मियां, असगर अंसारी, बनारसी साह, इसहाक अंसारी, नाजिम हुसैन प्रदर्शन में शामिल थे।

# समस्या व समाधान के बीच पत्रकार सेतु के रूप में करते हैं काम : डॉ. नीरा

**कोरोना काल में समाज तक सूचनाएं पहुंचाने में प्रेस की अहम भूमिका: उपायुक्त**

**सोशल मीडिया के दौर में गलत जानकारी प्रसारित होने से समाज पर बुरा प्रभाव: एसपी**



कोडरमा। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान कोडरमा में प्रेस क्लब कोडरमा के द्वारा कोरोना काल में पत्रकारों की चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन, एसपी कुमार गौरव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पॉलिटेक्निक संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार, एपीआरओ अविनाश मेहता, झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, प्रदेश सचिव कैलाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह संरक्षक मंडल के सदस्य विनोद विश्वकर्मा, संरक्षक मंडली के सदस्य सह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, कुमार रामेशम, मनोज कुमार झुन्नू, क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार एवं महासचिव गौतम राणा मौजूद थे। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राओं के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के द्वारा पत्रकारों के लिए मोबाइल के माध्यम से शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया। अध्यक्षीय भाषण में क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार ने लोगों को प्रेस क्लब के क्रियाकलापों एवं पत्रकारों के लिए चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि कोरोना काल को हम सभी को एक बुरा सपना मान कर भूलने का प्रयास करना चाहिए और हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में इस प्रकार का कोई भी आपदा नहीं आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान पत्रकारों ने जान हथेली पर रखकर न्यूज संकलन करने का काम किया। पत्रकारों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि समाज में पत्रकार समस्या और समाधान के बीच सेतु का काम करते हैं। क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखकर पत्रकारों के द्वारा हमारा एवं प्रशासन का आधा काम कर दिया जाता है। पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इसकी अनुशंसा पत्र विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार, प्रेस क्लब कोडरमा के अजीत कुमार, आत्माराम शर्मा, राजेश कुमार, गजेंद्र बिहारी सिन्हा, उमा शंकर, संजय साजन, भोला शंकर सिंह, कुमार अमित, विजय शर्मा, जितेंद्र गिरी, ओमप्रकाश, पियूष सिंह, कुंतलेश पांडेय, लखन सिंह, रितेश लोहानी, विक्की केसरी, राजेश सिंह, रवि विश्वास, मुन्ना यादव, सुधीर सिंह, विकास पांडेय, विपिन सिंह, मो. शाहिद, दानिश कमल हसन, अयूब खान, मुकेश बर्णवाल, अनिल पाण्डेय, दीपक कुमार, शब्बीर आलम समेत प्रेस क्लब के अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी से मिली ग्रिजली स्कूल में पढ़ाई की अनुमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी से ग्रिजली विद्यालय में अध्ययन केंद्र की अनुमति प्रदान की गयी है। विद्यालय के अध्ययन केंद्र में झारखण्ड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी से ग्यारह प्रोग्राम की मान्यता प्रदान की गयी है।

प्राप्त प्रोग्राम के तहत छह माह के सर्टिफिकेट कोर्स में सर्टिफिकेट इन मीडिया मैनेजमेंट, 12 माह के डिप्लोमा कोर्स में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड इंस्युरेन्स, डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग, डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन योगा, जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट है एवं 18 माह के पीजी डिप्लोमा कोर्स में पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स, पीजी डिप्लोमा इन आईटी, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्स जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण है। गौरतलब हो की झारखण्ड राज्य ओपन विश्वविद्यालय में फिलहाल छह माह के छह सर्टिफिकेट कोर्स, 12 माह के 16 डिप्लोमा एवं 18 माह के पांच पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किये गये है। स्नातक एवं स्नात्तकोतर के कोर्स यूजीसी से स्वीकृति मिलते ही शुरू किये जायेंगे। उक्त कोर्स में नामांकन लेने के लिए कोई भी व्यक्ति (विद्यार्थी, कामकाजी पुरुष-महिला, गृहणी) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कोर्स के लिए नजदीक के केंद्र से संपर्क कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय में मनपसंद कोर्स में नामांकन के लिए 30 नवंबर तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदन प्राप्त होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा स्क्रूटनी कर चयनित विद्यार्थियों की सूचि जारी की जायेगी। नामांकित विद्यार्थी ऑनलाइन पढाई कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पठन सामग्री भी उपलब्ध करायी जायेगी। ग्रिजली विद्यालय में अध्ययन केंद्र की अनुमति प्रदान होने पर विद्यालय के निदेशक द्वय, मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता प्राचार्य बी.के झा ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टीएन साहू एवं रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम प्रसाद सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की विद्यालय में केंद्र मिलने से आस पास के क्षेत्रों के अनेकों छात्र-छात्राओं को पढाई करने का अवसर मिलेगा तथा वैसे छात्र-छात्राएं जो किन्ही कारणवश अपनी पढाई पूरी नहीं कर पाए वो भी इन कोर्सेस के माध्यम से पढ़ाई करके सफल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र पर संपर्क किया जा सकता है।

## असिस्टेंट इंजीनियर की परीक्षा में पवन सफल

कोडरमा। झुमरीतिलैया नगर निवासी पवन कुमार पिता प्रकाश यादव ने जे.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित असिस्टेंट इंजिनीयर की परीक्षा पास कर झुमरीतिलैया सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया है। वे 46वां रैंक हासिल कर पथ निर्माण विभाग में एसडीओ के पद पर चयनित हुए हैं। बता दें कि पवन ने अपनी बारहवीं की शिक्षा कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर से पास की, उसके बाद बी.टेक. बीआईटी सिंदरी से पूरी की, इसके बाद ये कम्पटीशन की तैयारी करने लगे। वहीं जेपीएससी में चयन से पूर्व एसएससी में मेस डिपार्टमेंट में जेई के पद पर भी चयन हुआ था। वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र को प्रयास करते रहना चाहिए और हार नही माननी चाहिए। कठिन परिश्रम, बड़ों का आशीर्वाद, और सही निर्देशन से कठिन रास्ते भी आसान हो जाते हैं। पवन ने सफलता का श्रेय पिता प्रकाश यादव, माता कंचन देवी को दिया।

# नवोदय के दस विद्यार्थियों का नेशनल खेल के लिए चयन



**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के दस खिलाड़ियों का चयन नेशनल खेल के लिए किया गया है। दस खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह आयोजित कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। स्कूल के प्राचार्य पी मिश्रा ने कहा कि नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग की ओर से संभागीय स्पोर्ट्स मीट आयोजित किया। जिसमें वालीबॉल का आयोजन भोजपुर में, एथलेटिक्स का आयोजन किशनगंज में, कबड्डी का आयोजन हजारीबाग में, टेबल टेनिस का आयोजन मुजफ़्फ़रपुर और क्रिकेट का आयोजन सहरसा में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता के आधार पर स्कूल के दस खिलाड़ी का चयन नेशनल खेल के लिए किया गया है, यह स्कूल के लिए बढ़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स में रितेश कुमार, मयंक राज, क्रिकेट में अंकित कुमार, अमरजीत कुमार, कबड्डी में झिलमिल कुमारी, टेबल टेनिस में अनूप कुमार, रौशन कुमार, वॉलीबॉल में आशुतोष कुमार, कुंदन कुमार, दिव्या कुमारी का नाम शामिल है। मौके पर शारीरिक शिक्षक सुधीर कुमार, शालिनी सिंह, आरके प्रजापति, अजीत कुमार, मनोज कुमार, सुरभि ठाकुर, राहुल चैधरी, विनय यादव, गणेश पांडेय, विवेक पटेल आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा डीएवी मॉडल के विद्यार्थियों ने किया देव, बोधगया, राजगीर सहित अन्य स्थानों का भ्रमण



गढ़वा। बाल दिवस के अवसर पर शहर के डीएवी मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निदेशक सुशील केषरी के नेतृत्व में देव, बोधगया, गया, राजगीर, नालंदा, पावापुरी आदि स्थानों का भ्रमण किया। सर्वप्रथम गढ़वा से सुरक्षित वाहन से देव के सूर्य मंदिर का दर्शन किया गया। इस मंदिर की स्थापत्य कला देखते ही बनती है। कहा जाता है कि छठ पर्व की शुरूआत इसी स्थान से हुई थी।

तत्पश्चात बच्चों ने बोधगया के महाबोधि मंदिर का दर्शन किया। तत्पश्चात बोधगया के चाइना मंदिर, वियतनाम टेंपल, भूटान टेंपल, जापानी टेंपल, 80 फीट ऊंचे बुद्ध की प्रतिमा को देखा तथा महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित बातों को सुना। तत्पश्चात गया पहुंचकर बच्चों ने विष्णुपद मंदिर का दर्शन किया। साथ-साथ फल्गु नदी और उसके घाट को भी देखा। तत्पश्चात अगले दिन राजगीर के लिए प्रस्थान किया। जहां पहुंचकर बच्चों ने शिक्षकों के साथ ब्रह्मकुंड में स्नान किया। तत्पश्चात पूरे दिन वेणुवन, सोन भंडार, मनियार मठ, सप्तपर्णी गुफा, बिंबिसार जेल, जरासंध का अखाड़ा घूमते हुए रोपवे से विश्व शांति स्तूप देखने गए।

बच्चों ने राजगीर में टमटम की सवारी का भी आनंद लिया। शाम के समय जापानी मंदिर और नौलखा मंदिर देखकर बच्चे भाव विह्वल हो उठे। रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन पुनः राजगीर के गर्म कुंड में स्नान करके बच्चे अपने शिक्षक के साथ नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष देखने निकल पड़े। जहां पहुंचकर बच्चों ने नालंदा विश्वविद्यालय की ऐतिहासिकता को जाना और समझा। तत्पश्चात नालंदा स्थित संग्रहालय में खुदाई से प्राप्त वस्तुओं को बच्चों ने देखा और उसके विषय में जाना। इसके बाद बच्चे जैन धर्म से संबंधित पावापुरी जल मंदिर का दर्शन किया। इस यात्रा में बच्चों ने बौद्ध और जैन धर्म के साथ-साथ हिंदू धर्म और सनातन धर्म के विषय में विशेष रुप से जाना। बच्चों को शिक्षक अंजनी सिंह, विरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, पूनम देवी, पिंगला देवी, रेखा देवी ने बहुत सारी बातें बताई। इस शैक्षिक भ्रमण से एक ओर बच्चों का मनोरंजन हुआ तो दूसरी ओर उनके मानसिक विकास में भी मदद मिली।

# पर्यटन स्थलों से संबंधित कार्यों में लाएं तेजी: डीसी



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संर्वधन परिषद (समिति) के कार्यकारिणी निकाय की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी तुषार राय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2021-22 में ली गई पर्यटन मद अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं विभाग द्वारा अधिसूचित पर्यटक स्थलों के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2019-20 में कुल 06 एवं 2021-22 में 01 योजनाएं पर्यटन मद अन्तर्गत लिया गया। कुल 07 योजनाओं में से 04 योजनाएँ पूर्ण हैं एवं 03 का कार्य प्रगति पर हैं की जानकारी दी गई। इस संदर्भ में उपायुक्त महोदय द्वारा जिला अभियंता जिला परिषद, चतरा को शेष कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निदेश दिया। वहीं जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी तुषार राय के द्वारा बताया गया कि नए पर्यटक स्थल/क्षेत्र अधिसूचित करने हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा जिला से अनुशंसीत स्थलों की सूची प्राप्त हुई है जिसमें लेम्बोईया मंदिर पत्थलगड़ा, मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर नावाडीह पत्थलगड़ा, महादेव मठ पुराना राजा का किला कुंदा, फॉसी तालाब चतरा, लक्ष्मणपुर डेम (भेड़ी फार्म) चतरा को समिति से सर्वसम्मति से पारित करते हुए राज्य को भेजने हेतु अनुषंसा किया गया। आगे उन्होने बताया गया कि राजकीय महोत्सव घोषित करने हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा जिला से अनुशंसीत स्थलों कुन्दा महादेव मठ महाशिव रात्री के शुभ अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता हैं एवं हंटरगंज चैत्र नवरात्र के अवसर पर मेला एवं कौलेश्वरी महोत्सव तिन दिवसीय आयोजित किया जाता हैं। जिसे समिति से सर्वसम्मति से पारित करते हुए राज्य को भेजने हेतु अनुशंसा किया गया।

एक नजर में

## श्राद्ध में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी



**इटखोरी।** चौपारण थाना क्षेत्र के बौंगा निवासी डीएसपी केदार राम के बड़े भाई स्वर्गीय राम नारायण राम और इटखोरी निवासी भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष श्रीराम चौरसिया के पिता स्वर्गीय बुधन चौरसिया के श्राद्ध कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं जनप्रतिनिधि ने स्व. राम नारायण राम और स्वर्गीय बुधन चौरसिया के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। राम नारायण राम और बुधन चौरसिया के परिजनों ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री सतीश सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, आजसू किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, विकास सिन्हा, इन्दु भूषण बैठा, सुरेंद्र बैठा, रंजय भारती, संतोष सहाय आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन सट्टे में दो अभियुक्तों को जेल



**कोडरमा।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह व महेशपुर से थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के नेतृत्व में ऑनलाइन सट्टेबाजी खेलने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं राजू कुमार पिता शिबू मेहता महेशपुर निवासी व नीतीश कुमार पिता सच्चितानंद मेहता मसनोडीह निवासी के नाम शामिल हैं। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि सट्टेबाजी में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय हो कि सट्टेबाजी में संलिप्त अभियुक्तों का पता तब चला जब मसनोडीह निवासी लखनलाल मेहता ने अपने घर से 9 लाख 45 हजार रुपये की चोरी होने का आवेदन डोमचांच थाने को दी, तब डोमचांच थाना प्रभारी द्वारा गहन जांच करते हुए मामले को उजागर किया। जिसमें पता चला कि पैसे को लखन लाल मेहता के बेटे द्वारा लिया गया था, जो वह सट्टेबाजी में हार गया था। जिसके बाद एसपी के निर्देशानुसार डोमचांच थाना प्रभारी ने टेक्निकल सेल के माध्यम से छान-बीन की तो उक्त दोनों अभियुक्त के नाम सट्टेबाजी में सामने आया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अभी भी अन्य सट्टेबाजों की तलाश जारी है। सूत्रों की माने तो डोमचांच सहित अन्य क्षेत्र इन दिनों सट्टे का बाजार बन गया है, जहां रोज लाखों के सट्टे लगाए जाते हैं। जिसमें किसी की जेब गर्म होती है तो किसी की जेब ठंडी रह जाती है। बताया जा रहा है कि इस ऑनलाइन सट्टेबाजी का तार बंगाल से जुड़ा है, जहां से कुछ लोग जुड़कर स्थानीय लोगों को ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत लगा चुके हैं। बताया जाता है कि अन्य किसी राज्य से विदेशी आईडी मंगाकर सट्टेबाज आईडी को मंहगे दामों में बेचते हैं, फिर उसपर मोबाइल रिचार्ज की तरह रिचार्ज किया जाता है और उसी पैसे से सट्टे का बाजार गर्म होता है। हालांकि खबर मंत्र ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े तथ्यों की पुष्टि नही करता। वहीं दूसरी ओर एक अन्य मामले में कांड संख्या 133/22 के प्राथमिकी अभियुक्त आनंद मेहता पिता स्व. विजय मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विदित हो कि उक्त युवक अवैध ढिबरा कारोबार में संलिप्त था।

## गरीबों के लिए खरीदे गए 25,858 कंबल

कोडरमा। जिले में गरीबों के अलावा अनाथ एवं बेसहारे को ठंड से बचाव को लेकर निःशुल्क कंबल उपलब्ध कराने के लिए इस बार सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से कुल 25,858 कंबल की खरीदारी निविदा के माध्यम से की गई है। कंबल की आपूर्ति हजारीबाग के एस.ए इंटरप्राइजेज की ओर से प्रति कंबल 29,850 रुपए की दर से की गई है। कंबल की खरीदारी को लेकर निविदा में निर्धारित शर्तों के अनुरूप इसकी वजह धोने के बाद प्रति कंबल 2 केजी निर्धारित की गई है। इसके अलावा कंबल की लंबाई 90 सेंटीमीटर एवं चैड़ाई 60 सेंटीमीटर रखी गई है। कंबल की खरीदारी को लेकर प्रथम फेज में निकाली गई निविदा में मात्र दो ही आपूर्तिकर्ता के भाग लेने के कारण इसे रद्द कर दिया गया था। वहीं दूसरी बार निकाली गई निविदा में चार आपूर्तिकताओं ने भाग लिया था। जिसमें दो ने निर्धारित शर्तों के अनुरूप निविदा को क्वालीफाई किया। जिसमें सबसे कम दर डालने वाले एस.के इंटरप्राइजेज को कंबल आपूर्ति का ऑर्डर दिया गया।

सभी प्रखंडों में की गई है कंबल की आपूर्ति : जिला स्तर से निविदा के माध्यम से कंबल की खरीदारी की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद चयनित आपूर्तिकर्ता की ओर से कंबलों की आपूर्ति प्रखंड स्तर पर कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा प्रखंड के 18 पंचायतों के लिए कुल 3327, मरकच्चो के 16 पंचायतों के लिए 3369, सतगावां के 14 पंचायतों के लिए 2659, जयनगर के 23 पंचायतों के लिए 4684, चंदवारा के 15 पंचायतों के लिए 3034, डोमचांच के 20 पंचायतों के लिए 3910 के अलावा झुमरीतिलैया शहर के 28 वार्डों के लिए 3136, कोडरमा नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए 879 एवं डोमचांच के 14 वार्डों के लिए 564 कंबल की आपूर्ति की गई है। इसके अलावा तीन सौ कंबल सामाजिक सुरक्षा कोषांग में सुरक्षित रखा गया है। इधर आपूर्ति किए गए कंबलों की कुछ प्रखंडों में गरीबों एवं बेसहारों के बीच वितरण भी शुरू कर दी गई है। वितरण का कार्य वहां के पंचायत प्रतिनिधियों के देखरेख में कराए जाने की जानकारी मिली है।

## अभद्र व्यवहार के आरोपी की अनुसंशा सतगावां मगर स्थानांतरण डोमचांच

**कोडरमा।** सदर अस्पताल के रसोईया पुरनानन्द पाण्डेय को अस्पताल में रात्रि डयूटि के दौरान चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ अन्य विभिन्न प्रकार के नियमविरूद्ध कार्य किये जाने को लेकर इनका स्थानान्तरण सिविल सर्जन कोडरमा द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से रेफरल अस्पताल डोमचांच में रिक्त पड़े रसोईया के पद पर करते हुए पदस्थापित किया गया है। उल्लेखनीय हो कि पुरनानन्द पाण्डेय के द्वारा आवेदन देकर उक्त अभद्रता के लिए क्षमा मांगा गया था। जिसपर सीएस डॉ. अनिल कुमार ने इसे क्षमा योग्य कृत्य नही समझकर अग्रेत्तर कार्यवाई करते हुए इनका स्थानांतरण सतगावां कर दिया गया। जो आवेदन पर लिखकर साइन किया हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार के द्वारा बाद में उसका स्थानांतरण डोमचांच रेफरल अस्पताल कर दिया गया। इससे कहीं न कहीं इसमें भ्रष्टाचार की बू आती है। आखिर पहले सीएस के द्वारा श्री पांडेय को सतगावां स्थानान्तरण का आदेश दिया गया फिर आदेश पत्र डोमचांच के नाम से निकलना मानवीय भूल को नही दशार्ता, बल्कि लिपिक और सीएस की मिलीभगत को दशार्ता है। वहीं इस सम्बंध में सीएस डॉ. अनिल कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पुरनानन्द पाण्डेय का घर डोमचांच से निकट है, जिससे उसको ड्यूटी करने में सुविधा मिलेगी, ~~जिसके कारण~~ उसे डोमचांच स्थानान्तरित किया गया।

# स्पीड न्यूज

## विधायक बैद्यनाथ राम की माता का देहांत, मातृ शोक

**लातेहार।** झामुमों विधायक वैद्यनाथ राम की माता नागो कुंवर का देहांत बुधवार अपराह्न तकरीबन तीन बजे अपने आवासीय परिसर लातेहार में हो गया। स्व. कुंवर 97 वर्ष की थी। वह अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 17 नवंबर को पूर्वाह्न 10 बजे औरंगा नदी मुक्ति धाम में किया जाएगा। विधायक श्री राम ने बताया कि वे रांची में बैठक में शामिल होने आए थे। इसी दौरान मुझे जानकारी मिली की मेरी माता जी का देहांत हो गया है जिसके बाद मै वापस लौट गया। वहीं आवास परिसर में शो प्रकट करने वाला का तांता लगा रहा। मौके पर काफी संख्या में प्रबुद्धजन, समाजसेवी समेत सभी राजनीतिक दल के लोग मौजूद थे।

## चकला में पीएम आवास के लाभुकों का कराया गया गृह प्रवेश

**चंदवा।** धरती आबा भगवान बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना के उपलक्ष में चंदवा प्रखण्ड के चकला पंचायत अंतर्गत चकला एवं नगर ग्राम में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के कई लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। विधिवत पूजन के बतौर मुख्य अतिथि मुखिया रंजीता एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर ग्राम प्रधान भुनेश्वर गंझू, फूलदेव मुंडा, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी, पंचायत सेवक अजीत रंजन, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुश ध्वज, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य विलचेन मींज, अनुज मुंडा स्वयंसेवक मंटू राम, तेजस्विनी परियोजना ऑर्डिनेटर मंजू देवी दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## उपप्रमुख ने कोल माइंस में स्ट्रीट लाइट लगाने की रखी मांग

**चंदवा।** उपप्रमुख आश्वनी मिश्रा ने चकला कोल माइंस के सीएसआर हेड को पत्र लिखकर चंदवा शहर में स्ट्रीट लाइट लगवाने को कहा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि चंदवा में रात्रि बस सेवा के अलावा रेल से भी यात्री काफी संख्या में यात्रा करते हैं। शहर में स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण यात्रियों समेत आम जनता को भारी परेशानी का सामना प्रतिदिन करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में सीएसआर हेड से अपने मद से 50 अदद स्ट्रीट लाइट इंदिरा गांधी चौक से मेन रोड होते हुए स्टेशन तक के चौक चौराहों पर जरूरत के अनुसार लगाने का आग्रह किया है।

## युवा कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव ने जन सूचना पदाधिकारी से मांगी सूचना

**बारियातू।** प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अधयक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव ने प्रखंड जन सूचना पदाधिकारी से जन सूचना अधिकार के अंतर्गत प्रखंड में लगाये गए जलमीनार की जानकारी आवेदन के माध्यम से मांगी है। प्रखंड युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्री शाहदेव ने बताया कि प्रखंड में आये दिन जलमीनार की गुणवत्ता अत्यंत निम्न होने के कारण खराब होने की शिकायत मिल रही थी। जिसे देखते हुए बीते दस वर्षों में कौन कौन विभाग से कौन कौन संवेदक कहां कहां जलमीनार लगाया गया है, एक जलमीनार की प्राक्कलित राशि क्या है, वर्तमान में किस स्थिति में है, देखरेख कितने वर्षों तक कौन करता है सहित अन्य विस्तृत जानकारी मांगी गई है।

## सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन

**हेरहंज।** हेरहंज थाना परिसर में सीआरपीएफ के द्वारा सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाहनी कमांडेंट वेदप्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेरहंज मुखिया प्रीति कुजुर उपस्थित रही। वहीं मंच का संचालन इंस्पेक्टर उमेश चंद्र ने किया। वहीं लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बटालियन द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रोग्राम के तहत गरीबो के बीच समान वितरण किया जा रहा है बच्ची को सिलाई कढ़ाई एवं बच्चे को पठन पाठन एवं वयस्क बच्चों को मोटर ड्राईविंग भी सिखाई जाती है एवं अन्य प्रकार के आयोजन किए जाते है। सिविक एक्सन का मुख्य उद्देश्य आम जनता के सेवा सहयोग एवं सुरक्षा करना है एवं सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने एवं पुलिस के प्रति विश्वास बनाने के उद्देश्य से इस वाहनी के द्वारा आयोजन किया जाता है। हमारी कंपनी आप लोगों की सेवा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर मुकेश चौधरी थाना प्रभारी, चिरु मुखिया हीरा मणि लकड़ा, पुरनी हेरहंज सेविका मीरा कुमारी एवं मीडिया बन्धु हेरहंज के शिक्षकगण एवं दर्जनों ग्रामीणों मौजूद रहे।

## शिव संघ किसान कमेटी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** शिव संघ किसान कमेटी आन चंदवा के तत्वाधान में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर लिट्टी चोखा का लंगर चलाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग पहुंच कर लिट्टी चोखा का लुफ्त उठाया। मौके पर संदीप कुमार साहू अध्यक्ष, संतोष यादव सचिव, राजू प्रसाद साहू कोषाध्यक्ष, शुभम प्र. भगत, एवं सदस्य संजिव प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, शम्भू प्रसाद, लक्ष्मण यादव, प्रकाश यादव, राजेश भुईंया, उमेश भुईंया, शिपूजन उरांव, अमृत यदव, मन्टु भुईंया, लवकूश भुईंया, दिलेश्वर उरांव, धर्मू भुईंया, मुकेश भुईंया, पंकज यादव, मनोज प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र भुईंया, मनोज भुईंया, समेत कई लोग मौजूद थे।

# लातेहार के थाना प्रभारी बने चंद्रशेखर चौधरी, कई थाना प्रभारी का हुआ तबादला

खबर मन्त्र संवाददाता



अमित कुमार गुप्ता। चंद्रशेखर चौधरी। शुभम कुमार। मुकेश चौधरी। राणा भानु प्रताप सिंह।

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित सात थाना प्रभारी समेंत कुल 27 पुलिस अधिकारी व आरक्षियों का सामुहिक तबादला किया है। लातेहार सदर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को चंदवा का थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। जबकि बरवाडीह पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी को लातेहार सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को बरियातू थाना प्रभारी, मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार को हेरहंज थाना प्रभारी, हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को बारियातू थाना प्रभारी, पुअनि विश्वजीत कुमार तिवारी को छिपादोहर से हेरहंज थाना प्रभारी बनाया गया है। पुअनि राणा भानु प्रताप सिंह को मनिका थाना प्रभारी, चंदवा थाना प्रभारी मदन शर्मा को अभियोजन कोषांग, सदर कोर्ट लातेहार, एवं प्रभारी हिंदी शाखा में पदस्थापित किया गया है। पुअनि अनिल उरांव को बरवाडीह पुलिस अंचल निरीक्षक एवं पुअनि आशुतोष कुमार को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा नेतरहाट थाना दिवाकर दुबे को लातेहार थाना, पुअनि बंधन भगत को गारू से हेरंहज थाना, पुअनि दीप नारायण सिंह को लातेहार से बारियातू थाना, पुअनि रवि कुमार को बालुमाथ से बारियातू थाना, दुति कृष्ण महतो को बालुमाथ से बरवाडीह थाना, पुअनि बिंदेश्वर महतो को हेरहंज से बारियातू थाना, सअनि द्वारिकानाथ को लातेहार से बारियातू, सअनि बालेश्वर गंझू को लातेहार से बारियातू, सअनि कमलेश कुमार राय को चंदवा से बरवाडीह, सअनि मुख्तार अंसारी को बालूमाथ से बारियातू, सअनि धमेंद्र कुमार को गारू से बारेसांढ़, सअनि मिथिलेश कुमार सिंह को हेरहंज से बारियातू, सअनि नंदजी राय को बारेसांढ़ से लातेहार, सअनि नागेश्वर महतो को सिकनी पिकेट से लातेहार थाना एवं आरक्षी साधुचरण हेंब्रम को पुलिस केंद्र से सीसीटीएनएस आपरेटर बारियातू थाना में स्थानांतरित किया गया है।

# चकला प्लांट से जुड़े मैनपॉवर कर्मियों को सताने लगी है भविष्य की चिंता

### कर्मियों व रैयतों ने किया विरोध प्रदर्शन, समयावधि बीतने के बाद भी वार्ता नहीं होने से रोष

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध करते मैनपॉवर कर्मी व रैयत।

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड के चकला पंचायत अंतर्गत बाना चकला में लंबे समय से बंद पड़े प्लांट के अब परीसमापन प्रक्रिया में जाने के बाद प्लांट से जुड़े मैनपॉवर कर्मियों को अपने भविष्य व बकाये वेतन व पीएफ भुगतान की चिंता सताने की लगी है। मैनपॉवर कर्मियों ने बताया कि मांगों को लेकर उनलोगों के द्वारा लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है साथ ही बीते 10 नवंबर को जोरदार आंदोलन करते हुए प्लांट में हो रहे स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोटिंग कार्य को बंद करा दिया गया था। जिसके बाद प्रशासन व प्लांट प्रबंधन के द्वारा आंदोलनरत कर्मियों व रैयतों से 15 नवम्बर के बाद वार्ता का आश्वासन दिया गया था, कर्मियों का आरोप है कि समयावधि बीत जाने बाद भी कोई अधिकारी व प्लांट से जुड़े लोग वार्ता करने नही पहुंचे, जिस कारण कर्मियों में रोष है। बुधवार को सैकड़ो की संख्या में मैनपॉवर कर्मी व विस्थापित रैयत प्लांट प्रवेश द्वार के समक्ष जूटे व जमकर रोष प्रकट किया। उन्हें उम्मीद थी कि उनकी समस्या सुनने प्रशासन व प्रबंधन के लोग पहुंचेंगे, लेकिन कॉफी इंतजार के बाद भी कोई नही पहुंचा। संपर्क करने पर व्यस्तता के कारण नहो पहुंच पाने की बात कही गयी। इस दौरान आगे के आंदोलन की रणनीति भी तैयार की गई। कर्मियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मिली भगत कर कॉरपोरेट लूट को अंजाम दिया जा रहा है। आज स्थित यह है कि प्लांट से स्क्रैप के नाम पर कीमती संयंत्रों को कबाड़ के भाव मे ले जाया जा रहा है, जबकि संयंत्रों की कीमत करोड़ो में है। हम कर्मियों का मानदेय बकाया है। 10 वर्ष से पीएफ का भी भुगतान नही हुआ है, कई रैयतों का भी भुगतान बकाया है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। कर्मचारियों व रैयतों ने केंद्र व राज्य सरकार से मदद की गुहार लगायी है।

# अंतिम संस्कार के लिए नि:शुल्क लकड़ी उपलब्ध करायेगी नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी

➲ यह पुनीत कार्य जरूरतमंदो के लिए सहायक सिद्ध होगा: नसीम अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते मुखिया व गणमान्य लोग।

**बरवाडीह।** झारखंड की सेवाभावी संस्था नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी ने बरवाडीह के प्रमुख मुक्तिधाम पर आने वाले शवों के अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। यह व्यवस्था मुक्तिधाम पर की गई हैं। जिसका उदघाटन बुधवार को सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया कालो देवी और वरिष्ट नेता द्वारिका प्रसाद समेत कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी का यह पुनीत कार्य जरूरतमंदों, असहाय और निराश्रित लोगों के लिए सहायक सिद्ध होगा। वहीं मुखिया कालो देवी ने कहा कि दाह कर्म में उपयोग होने वाली लकड़ी के लिए अब बरवाडीह के लोगों को जुझना नहीं पड़ेगा। लकड़ी की सम्पूर्ण व्यवस्था मुक्तिधाम पर ही की गई है। नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने बताया कि झारखंड सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ सभी को मिलेगा। समाज कल्याण विभाग लातेहार के सौजन्य से आज बरवाडीह में इसका उद्‌घाटन किया गया है। मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कु.द्विवेदी, कांग्रेस नेता रंजित कु.राजू, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, अजीत गुप्ता, गोपाल राजवंशी, संजय यादव, हिमांशु गुप्ता, सुरेश मिश्रा, झारखंड आंदोलनकारी सुरेंद्र प्रसाद, दीनानाथ राम, नागेंद्र प्रसाद, व्यवसायी राजेंद्र अग्रवाल, रेलकर्मी अभिमान श्रीवास्तव, संजय कुमार, पंकज कुमार और उदय प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फलेरिया रोग की जांच व इलाज को लेकर बैठक हुई संपन्न

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय में दिन बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ फलेरिया रोग के रोकथाम के लिए बैठक किया गया।बैठक में फलेरिया रोग के मरीजों का 1 दिसंबर से जांच व इलाज कर दवा का वितरण करने पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टरों ने बताया कि 1 दिसंबर से फलेरिया रोग के मरीजों का जांच व इलाज कर जरूरत के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, कमलेश कुमार,विनीता कुमारी, बीइईओ अमरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस



**लातेहार।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उपायुक्त भोर सिंह यादव, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक व काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दृष्टिबाधित निशि रानी ने जीता प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन शहर के चंदनडीह मध्य विद्यालय परिसर में किया गया। इसका उदघाटन कार्यपालक दंडाधिकारी प्रीति सिन्हा, मनोहर मरांडी, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणुबाला व बीइओ राजश्री पूरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से छात्रों की छिपी प्रतिभा बाहर आती है। उन्होने छात्रों को शैक्षणिक व संगीत तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने की अपील की। मंच का संचालन एपीओ रोज मिंज ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दृष्टिबाधित निशि रानी के द्वारा गाये गये सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद जिले के कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने कई आकर्षक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शास्त्रीय संगीत की श्रेणी में निशि रानी व विजया अराधाना ने राग भैरवी पर आधारित गीत गाया। निशि रानी शास्त्रीय संगीत व लोक संगीत दोनो श्रेणी मे प्रथम पुरस्कार जीता। जबकि शास्त्रीय संगीत में दूसरा पुरस्कार विजया अराधना एवं तीसरा पुरस्कार अनिशा कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं लोक संगीत में दूसरा पुरस्कार अनिशा कुमारी व तीसरा पुरस्कार अंजोरो मिंज ने प्राप्त किया। दोनो विद्याओं में निर्णायक मंडली में स्वर संगम के आशीष, डीएवी स्कूल के संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा व स्नोतर उच्च विद्यालय पोचरा की संगीत शिक्षिका स्वाति मिश्रा शामिल थे। मौके पर शिक्षिका प्रीति भारती, तृप्ति भारती, आशीष पांडेय, नरेंद्र पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, नरेश लाल रवि, प्रमोद प्रसाद, अमेरिका प्रसाद समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस का आयोजन



नमन करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के करमाही धर्मकुड़िया भवन परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा लातेहार के तत्वाधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील उरांव व सुरेश उरांव ने संयुक्त रूप से किया। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के मुख्य अतिथि लातेहार के जिला अध्यक्ष अशोक उरांव सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों ने झारखंड सरकार हेमंत सोरेन को 1932 खतियान लागू करने के लिए धन्यवाद भी दिया गया। इसके ठीक पूर्व लातेहार जिला कमेटी के उपाध्यक्ष राजू उरांव, जलेसर उरांव, मुनिया उरांव, राजकुमार उरांव, सुरेश उरांव, मुनिया उरांव, कुलसरी उरांव, सुरेश उरांव बुधदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,पंचायत पंचायत समिति संतोष भगत, डाढा पंचायत उप मुखिया रेक्सोना उरांव का स्वागत माला पहना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयपाल उरांव, समलाल उरांव ,राजदेव उरांव, सचू उरांव, प्रभारी सुरेश उरांव, चंद्रदेव उरांव,चंदन उरांव, रामखेलावन उरांव, रामकलीया उरांव, संजय उरांव, मीना उरांव, मोहन उरांव, राजेश उरांव, कार्तिक उरांव, सुरेंद्र उरांव, बंधन उरांव, सीतामनी उरांव, पृथ्वी उरांव, सुशीला उरांव, सुनीता उरांव, हीरामणि उरांव सहित काफी संख्या में सरना धर्मावलंबी महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एक नजर में

## विधायक, डीसी व एसपी ने किया कैंटीन का उद्घाटन



उद्घाटन करते विधायक, डीसी व एसपी।

**लातेहार।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समाहरणालय परिसर में विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फूलों झानो दीदी कैंटीन का उद्घाटन किया गया। इस दीदी कैंटीन में चाय, नाश्ता एवं खाना उपलब्ध रहेगा। इनके द्वारा तैयार नाश्ता और भोजन यहां आने वाले ग्राहकों को परोसा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले के महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। कहा कि दीदी कैंटीन खोलने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आजीविका उपलब्ध कराते हुए साफ-सफाई के साथ लोगों को भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराना है। इस कार्य से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं काफी उत्साहित हैं।

## पांचों नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरफ्तार अपराधी।



**छिपादोहर।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह में बीते दिनों पांच नाबालिग लड़कियों को अपहरण कर बेचने के आरोपी को छिपादोहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि छिपादोहर थाना को कांति देवी ने एक लिखित आवेदन दिया था कि नावाडीह के ही कलीम अंसारी ने लड़कियों को अपहरण कर बेच दिया है, जिसमे लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर लड़कियों के बरामदगी के लिए छापेमारी दल का गठन किया था जिसमे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुप्त सूचना पर कलीम अंसारी को पांचों नाबालिग लड़कियों के साथ डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहरा, छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, सब इंस्पेक्टर रंजीत राम सहित जिला बल के जवान शामिल थे।

## मनिका प्रखंड के बालिका मध्य विद्यालय में कंप्यूटर सेंटर का किया गया उद्घाटन



कंप्यूटर क्लास का उद्घाटन करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित थाना के समीप बालिका मध्य विद्यालय में दिन बुधवार को विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्यामलाल पासवान,प्रधानाध्यापक नीरज कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार,समेत अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से कंप्यूटर क्लास रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने बताया कि विद्यालय में आज कंप्यूटर क्लास का उद्घाटन किया गया है। विद्यालय में कंप्यूटर क्लास की व्यवस्था होने से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों का कंप्यूटर शिक्षा बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगभग 14 से 15 कंप्यूटर उपलब्ध करवाई गई है। एक कंप्यूटर पर 2 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा लेंगे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर क्लास में एक साथ लगभग 40 से 45 विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिखाई जाएगी। वहीं विद्यालय में कंप्यूटर क्लास होने से विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर शिक्षिका कुमारी पूजा, संगीता कुमारी, ईफत सुल्तान, समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने नए जिला शिक्षा अधीक्षक से की शिष्टाचार मुलाकात



मुलाकात करते शिक्षक।

**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा जिला इकाई लातेहार का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में जिले के नए जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो का स्वागत बुके और डायरी देकर किया गया। इस दौरान मैडम द्वारा कहा गया की आपलोग बच्चो को ठीक से पढ़ाने का कार्य करते रहे साथ ही जो जबाबदेही मिली है उसका निर्वहन ईमानदारी से करते रहे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा की जिले के लगभग पंद्रह सौ सहायक अध्यापक प्रारंभ से अपना कार्य को ईमानदारी से करते आ रहे है और आगे भी करते रहेंगे। आपको कभी भी शिकायत का मौका नहीं देंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार, महासचिव अनूप कुमार, संयोजक पवन कुमार यादव, जिला कमिटी के प्रवीण सिंह, सतेंद्र यादव, चंदवा अध्यक्ष बेलाल अहमद, बालूमाथ अध्यक्ष उमेश साहू आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 21 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत

**कतरास।** धावाचिता पुल के पास नगड़ी कला निवासी अशोक कुमार महतो पिता किशुन महतो उम्र 21 वर्ष अज्ञात वाहन से सडक दुर्घटना मे मौत हो गई। मृतक अपने बाइक से घर जा रहा था। मौके पर नगरीकला पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया। राजगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा। बाघमारा सीओ कमल किशोर ने मुआवजा के एम लिए परिजनों को आशवासन दिया है। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

### सड़को पर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**झरिया।** झरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, धनबाद निर्माण, झरिया के सह संयोजक उपेंद्र गुप्ता, धनबाद जिला लघु उद्योग के अध्यक्ष शिवचरण शर्मा, चाकलेट नमकीन एवं पान मसाला विक्रेता संघ के संरक्षक श्रीकान्त अम्बष्ट, झरिया के अंचलाधिकारी से मिल कर झरिया बाजार क्षेत्र के बाटा मोड़ से लेकर चार नंबर, सब्जी पट्टी, कपड़ा पट्टी, गोल घर हड़िया पट्टी, मनिहारी पट्टी के सड़को पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की साथ ही बाटा मोड़ से मातृ सदन मोड़ तक अवैध ऑटो पड़ाव हटाने की मांग की। आवेदन की एक प्रतिलिपि झरिया थाना के आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी को दे कर झरिया के अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराया।

### पत्रकार का मातृ शोक

**धनबाद।** केंदुआ, लोयाबाद क्षेत्र के बिहार ऑब्जर्वर दैनिक अखवार के वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना तिवारी के मां अहिल्या देवी (78 उम्र) का देहांत हो गया है। वें लंबे समय से विमार थी। इनका अंतिम संस्कार मुनीडीह के कपाल घाट मै कल बृहस्पतिवार की सुबह किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन के पश्चिमी छोर पर वे ब्रीज के समिप बुधवार की दोपहर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कुमारधुबी जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि व्यक्ति का शव अप व डाउन रेल लाइन के बीच में पड़ा हुआ है।जीआरपी ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई है।

### शहीद नेपाल रवानी की मनाई गई जयंती

**धनबाद।** बुधवार को गोधर स्थित शहीद नेपाल रवानी मेमोरियल मिडिल हाई स्कूल में शहीद नेपाल रवानी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम शहीद पुत्र अजय रवानी ने अपने पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर के श्रद्धांजलि अर्पित किए। वही अतिथि के रूप में पहुंचे झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आकाश रवानी ने माल्यार्पण करके शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कि। आकाश रवानी ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद नेपाल बाबू झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे। झारखंड के लौह पुरुष के नाम से वे प्रसिद्ध है। हमेशा झारखंडीयों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित करते थे। उनका कहना था कि घर का पुरुष यदि शिक्षित होता है तो वह अपने जीवन काल को सार्थक बना लेता है लेकिन घर की महिलाएं अगर शिक्षित होती है तो आने वाले 7 नस्लों का विकास करती है।

### सीसीएल के आवासीय कॉलोनियों में पड़े हैं गंदगी का अंबार

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के पुराना माइनस और महावीर स्थान के सीसीएल आवासीय कालोनियों में काफी दिनों से जगह जगह कचरे का अंबार पड़ा हुआ है, और नालियों पर भी गंदगी जमा हो गई है, जिसके चलते आस पास के लोगों और आवागमन करने वाले राहगीरों के बीच संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

# सांसद व विधायक ने किया 4 करोड़ 52 लाख की योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो , जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कसमार प्रखंड के विभिन्न गांवों में सात योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें चौड़ा गांव में तेनुघाट से सप्लाई ईएसआर-9 जलापूर्ति पानी टंकी, बगदा गुजर मोड़ आरईओ से लेकर भवानीपुर तक सड़क मरम्मत-निर्माण, पीडब्ल्यूडी सड़क से धधकिया गांव तक सड़क मरम्मत, मोचरो गांव के निकट पीडब्ल्यूडी सड़क से निछानी गांव तक सड़क मरम्मत,पोंडा मोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी से पोण्डा गांव तक सड़क मरम्मत तथा बांधविंधवा से लेकर हसलता गांव तक आरईओ पथ निर्माण शामिल हैं।

सांसद श्री चौधरी, विधायक डॉ महतो, बबीता कुमारी व नियोति कुमारी ने कहा कि कसमार प्रखंड में प्राथमिकता के आधार पर विकास के काम किए जा रहे हैं। मौके पर कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज, खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, बगदा मुखिया गीता देवी ,पोंडा मुखिया हारू रजवार, पोंडा पंसस रवि कुमार, हेमंती देवी, पूर्व मुखिया विष्णुचरण महतो, धनेश्वर महतो, राजू महतो, जीवन जगन्नाथ, शिशुपाल महतो, मनोज कुमार महतो, अशोक सिंह,मंटू रजवार, शिशुपाल महतो, नेपाल करमाली, बानेश्वर महतो, महेन्द्र नाथ महतो, सूरज टुडू,गोपाल महतो, गुरमीत सिंह, बालेश्वर मांझी, गोपाल सिंह, जितलाल महतो, रमाशंकर पाण्डेय, संजय जायसवाल,आदि कई लोग उपस्थित थे।

## किशोर कुमार सिंह को गोमो मंडल यूथ फोर्स ने श्रद्धांजलि दी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** बुधवार को यूथ फोर्स गोमो मंडल द्वारा स्व किशोर कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा आयोजित किया। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। सभी कार्यकताओं ने स्व किशोर कुमार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।शोक सभा को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि स्व किशोर कुमार सिंह यूथ फोर्स के समर्पित कार्यकर्ता थे।वे हर हमेशा गांव -गरीब, मजदूर -किसान के लिए संघर्षरत रहे। इनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक सभा को जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडे, जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, प्रकाश मंडल, अकरम अंसारी, शिव लाल हेंब्रम, महेंद्र मोहली,विनय कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया।

## डीपीएस में बाल अधिकार सह विज्ञान पर तीन दिवसीय सम्मेलन हुआ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में विद्यालय के अश्वघोष कला भवन में विज्ञान सम्मेलन-सृजन 2022-23 का शुभारंभ हुआ। इसमें विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। अपने प्रदर्शों (मॉडल) के जरिए उन्होंने अपनी कुशल रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कुल चार समूहों में कक्षा छह से 12वीं तक के लगभग 100 प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन करते हुए उनकी सृजनशीलता को सराहा।श्री शेखावत ने कहा कि जनहित में अगर विज्ञान का प्रयोग हो, तो यह समाज, राष्ट्र और संपूर्ण मानवता के विकास में काफी सहायक सिद्ध हो सकता है।प्राचार्य एएस गंगवार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों की हर प्रतिभा निखारने को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। बाल अधिकार प्रोजेक्ट प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता के तहत बच्चों ने कोरोना के बाद बच्चों की सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक आवश्यकताओं के विषय पर अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। विज्ञान में बच्चों ने विभिन्न विधियों से कृषि, होलोग्राम तकनीक आधारित वर्चुअल रियलिटी आदि पर अपने प्रदर्श लिखित रिपोर्ट सहित प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडली में साइंस फॉर सोसाइटी के अध्यक्ष एमपी नायक,एनसीएससी, झारखंड प्रदेश के समन्वयक राजेंद्र कुमार, जिला समन्वयक एसके राय व स्टेट रिसोर्स पर्सन एसपी सिंह तथा साइंस फॉर सोसाइटी के उप महासचिव पीआरके वर्मा शामिल रहे।



### सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ दिल्ली संसद भवन पर प्रदर्शन को लेकर

# धनबाद कोयला क्षेत्र से कूच किये हजारों श्रमिक : रामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ, देश बचाओ को लेकर भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के नेतृत्व में 17 नवंबर को दिल्ली के संसद भवन पर रैली सह धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें देश की कोने-कोने से सार्वजनिक क्षेत्र से लाखों संगठित एवं असंगठित मजदूरो की भागीदारी होगी। उक्त बातें भा.म.संघ से सम्बद्ध धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य रामधारी ने बुधवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने के क्रम में कही। उन्होने कहा कि सरकार मंशा साफ नहीं है वर्तमान सरकार पूर्व की कांग्रेस की गठबंधन की सरकार की नक्से कदम पर चल रही है सरकार की नियत और नियती दोनों में खोट है केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को चलने नहीं देंगे,रामधारी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में निजीकरण, विनीवेशीकरण, आउटसोर्सिंग पर रोक, वेतन समझौता 11 को जल्द लागू करने, कोयला उद्योग में नई बहाली करने, ठेका श्रमिकों का 8 घंटा का काम के साथ भ्‍छ्‍ब का वेतन भुगतान करने, सी.पी.आर. एम.एस., चिकित्सा स्कीम को कैशलेस करने, सीएमपीएफ की समस्या सहित अन्य मांगों को लेकर 17 को लाखो श्रमिको का दिल्ली संसद भवन पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की जायेगी। उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में बी.सी.सी.एल से हजारो संगठित एवं असंगठित श्रमिक दिल्ली प्रदर्शन में भाग लेने हेतु ट्रेन के द्वारा आसनसोल, अदरा, धनबाद, गोमो, रॉची और गया से एक दिन पुर्व में भी ट्रेन एवं बस के द्वारा आदि से धनबाद से दिल्ली के लिए कुच कर गए हैं। मौके पर के. पी. गुप्ता जे.बी.सी.सी.आई.सदस्य,प्रेम शकर मंडल, उमेश कुमार सिंह, गंगा सागर राय रामरतन सिंह, जोगेन्द्र सिंह, लोकेश कुमार सिंह, मुरारी तॉती, रामकृष्ण यादव, नन्दु राम दुसाध, उत्तम कुमार पान्डेय, मंतोष तिवारी, सुरेश यादव, नवनित सिंह, अरविन्द कुमार, विनोद कुमार प्रजापति, प्रसान्त नियोगी सहित अन्य कार्यकताओं की इस कार्यक्रम में में भागीदारी हुई।

### नगर पालिका (आम) व चिरकुंडा नगर परिषद निर्वाचन

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी कोषांग की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नगर पालिका (आम) एवं चिरकुंडा नगर परिषद निर्वाचन को लेकर आज उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री संदीप सिंह ने समाहरणालय के सभागार में सभी कोषांग की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी अपने - अपने सहायक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कोषांग के दायित्व, निर्वाचन पूर्व की प्रक्रिया को समझे और उसे समय पर पूरा करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक, ईवीएम, परिवहन, प्रशिक्षण, सामग्री, व्यय, नियंत्रण कक्ष, सूचना तकनीकी, मीडिया सहित अन्य कोषांग की समीक्षा की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर रूट चार्ट की समीक्षा करने, मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करने, मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए मो मुमताज अली अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी श्री महेश भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री भूतनाथ रजवार, डीएसपी (मुख्यालय - 1) अमर कुमार पांडेय, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, डॉ प्रदीप कुमार, अंशु पांडेय, सभी अंचल अधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वांग उत्तरी पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा हुई।ग्राम सभा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जीपीडीपी योजना का प्रस्ताव दिया गया। ग्रामीणों द्वारा आपस में विचार-विमर्श कर छूटे हुए कई योजनाओं को रखा गया। मौके पर मुखिया विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायतों से दो बड़ी योजनाओं की मांग की गई है। जिसमें हमलोगों ने स्वांग उत्तरी पंचायत के जारंगडीह सीन में जर्जर पड़े लोहे की पूल का निमार्ण और चौड़ीकरण करने का प्रस्ताव भेजा है।

# भावी प्रत्याशी विजय झा ने वार्ड संख्या एक से फूंका चुनाव का बिगुल

### कहा, मैं धनबाद का चेहरा बदलने के लिए आया हूं अब धनबाद में अपराध की नहीं विकास की बातें होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** राज्य में निगम चुनाव घोषणा के पहले ही प्रत्याशियों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। निगम के प्रत्याशियों ने चुनाव को लेकर बिगुल फूंक ना शुरू कर दिया है। बुधवार को धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 कतरास की तिलाटांड कॉलोनी सामुदायिक भवन में धनबाद नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी विजय झा का अभिनंदन समारोह नागरिकों के द्वारा किया गया। भावी मेयर प्रत्याशी विजय झा के समर्थन में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और संकल्प लिया कि इस बार धनबाद नगर निगम का मेयर विजय झा को बनाना है।

मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए भावी मेयर प्रत्याशी विजय झा ने कहा कि मैं अपने शुभचिंतकों के दबाव पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया हूं। मैं धनबाद का चेहरा बदलने के लिए चुनाव के मैदान में आया हूं धनबाद का जो उधोग का पहचान था वह खो गया है अब अपराधिक पहचान बनता जा रहा है।

पिछले 22 वर्षों में धनबाद में कितने उद्योग लगे कितने निवेशक आए यह सोचने वाली बात है। धनबाद में रंगदारी के लिए फैक्ट्रियों का बंदी तोड़ दिया जा रहा है डीओ होल्डर को काम नहीं करने दिया जा रहा है ट्रक में कोयला का जगह पत्थर लोड करवा दिया जा रहा है। इसलिए मैं धनबाद का चेहरा बदलने के लिए आया हूं क्योंकि मेरे पास वीजन है आधारभूत संरचना के साथ काम करूंगा धनबाद का विकास होगा अपराध की चर्चा नहीं होगी।

अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से उदय सिंह उमाशंकर तिवारी रविंद्र नाथ पांडे मुरारी पांडे राजेंद्र प्रसाद राजा नकुल जी पीके पांडे राकेश रंजन यादव सिवानाथ प्रसाद परवेज इकबाल प्रदीप पांडे दिलीप जसवंती सोमनाथ चटर्जी अरविंद सिन्हा अजय बर्मन मुन्ना सिद्दीकी सुदाम गिरी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गौतम मंडल ने किया।

## संकल्प सभा का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना मोड़ के समीप चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व व प्रथम अध्यक्ष मुरली तुरी के द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। तुरी ने नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध स्वच्छ व सुंदर चिरकुंडा के नवनिर्माण के लिए संकल्प लेते हुए कहा कि जिस नप कार्यालय का निर्माण उनके द्वारा करवाया गया उस कार्यालय में भ्रष्टाचार पनप रहा है जिसकी कल्पना नहीं किया था। कहा कि वर्तमान अध्यक्ष सेवक के रूप में जीत कर आये और शाषक बनकर जनता का शोषण करने लगे हैं। कहा कि ठीकेदार को एटीएम समझा जा रहा है, इससे स्पष्ट होता है कि भ्ष्टार्चार कहां-कहां है। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना जो स्वयं लाभुक को बनाना है उसमें भी ठीकेदारी किया जा रहा है। नप में करोड़ों रुपए का घोटाला विकास योजनाओं में किया गया है। संकल्प सभा का संचालन चंदन बिहारी ने किया। मौके पर शांतनु तुरी,मनोज कुमार मालाकार,गोपाल तुरी, विश्वनाथ सिंह, शंकर अग्रवाल, मीनु विभोर, रमेश अग्रवाल, अमरजीत सिंह, रूपा देवी, शांता सिंह आदि थे।

## भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता : अंबा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** धरती आबा भगवान बिरसा जयंती पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने उन्हें याद किया। इस दौरान बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके अधूरे सपने को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, गौतम पात्रा, चंदन साव आदि मौजूद थें।

## आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने जीएम को सौंपा 11 सूत्री मांग-पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्थानीय आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने बुधवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को 11 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि बलकुदरा खदान से कोयला का उत्पादन कर कई लाख टन कोयला का वितरण व संचरण हो चुका है। लेकिन इस कार्य से स्थानीय आदिवासी मूलवासी विस्थापित रैयतों को कोई लाभ नहीं है। उलटे हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचा है। जिसका अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। रोजी-रोजगार में भी स्थानीय विस्थापित-रैयतों की कोई भागीदारी नहीं है। सीएसआर के तहत कोई विकास का कार्य भी नहीं हुआ है।

कई बार प्रबंधन से वार्ता हुई लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। सौंपे गये मांग-पत्र में बलकुदरा मदनाटांड़ में लोकल सेल खोल स्थानीय आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापितों को नियमानुसार 50 प्रतिशत कोयला देकर कार्य संचालित कराने, विभिन्न कार्यों सहित नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण देने, ट्रांसपोर्टिंग का कार्य आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ के देने सहित 11 मांगे शामिल हैं। कहा गया कि सात दिनों के अंदर सभी मांगों पर प्रबंधन सकारात्मक पहल करे, अन्यथा संघ जोरदार आंदोलन करेगा। मांग-पत्र सौंपने वालो में संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, सचिव संतोष प्रसाद, ललीत प्रसाद, शंकर कुमार मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, दिलीप प्रसाद, संतोष प्रसाद, प्रेम प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रोहित प्रसाद, रंजीत प्रसाद, मनोज प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, मंटू प्रसाद , मुन्न मुंडा, सुनील करमाली, रमेश प्रसाद, सूरज बाड़ा आदि शामिल थें।

## कोल इंडिया व केंद्र सरकार 11वां वेतन समझौता को जल्द नहीं करना चाहती है : सतीश सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर व संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने की। बैठक में संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा व उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद थें। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि 20 नवंबर को संघ का केंद्रीय सम्मेलन बेरमो में आयोजित है।

यह कोयला मजदूरों के भविष्य की रूप-रेखा तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया व केंद्र सरकार 11वां वेतन समझौता को जल्द नहीं करना चाहती है, इसके लिए मजदूरों को हड़ताल के लिए तैयार रहना होगा। कहा गया कि सम्मेलन में बरका-सयाल प्रक्षेत्र से सैंकड़ों लोग शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि दिसंबर माह में बरका-सयाल जीएम कार्यालय सहित सभी परियोजनाओं में धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर एसएस डे, विकास कांत सिन्हा, रामश्रृष्ठ, धर्मेंद्र मिश्रा, रंधीर साव, शंकर कुमार, विनोद, अंजन दास, दुधेश्वर दुसाध, कमलेश, शिवनंदन दास, देवकुमार बेदिया, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी : नारायण

**भदानीनगर (रामगढ़)।** लपंगा पंचायत के कोल कंपनी में फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, सांसद प्रतिनिधि सुमंत कुमार सिंह, भाजपा एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक व भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यापण कर की।

मौके पर श्री भौमिक ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। इसके पूर्व फ्रेंडस क्लब द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आकाश करमाली, दीपक करमाली, सूबेदार एचएन यादव, छोटू करमाली, अनिल वेदिया, लालजी पंडित? ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यनारायण साहू, विजय करमाली, ,बुद्धेश्वर करमाली, अमित कुजूर, राजा प्रजापति, रवि गिरी, अनूप क्षतरी, सुनील क्षेत्री, दीपक साहू, राहुल, छोटू, राजू करमाली, गणेश राम, शेरू नायक, आनंद कुजूर, अजय रविंद्र आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## 80 हजार रेलकर्मियों के लिए खुली पदोन्नति की राह



**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश में रेलवे के सुपरवाइजर स्तर के करीब 80 हजार कर्मचारियों की पदोन्नति की राह में बुधवार को सारी बाधाएं हटा दी और उन्हें प्रथम श्रेणी के अधिकारी यानी लेवल 9 तक पदोन्नति देने का फैसला किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि रेलवे में लेवल 7 के बाद पदोन्नति के अवसर नहीं होने के कारण इस लेवल के रेलवे कर्मचारियों का मनोबल कम हो जाता था और वर्षों तक एक ही लेवल पर काम करके वे सेवानिवृत्त हो जाते थे। वैष्णव ने कहा कि वास्तव में भारतीय रेलवे को संचालित करने वाले ये ही सुपरवाइजर स्तर के लेवल 7 के वरिष्ठ कर्मचारी ही हैं। लेवल 7 के बाद पदोन्नति की राह खोलने के फैसले से उनका मनोबल बढ़ेगा और रेलवे को भी अपने कर्मचारियों की प्रतिभा का बेहतर इस्तेमाल का अवसर मिलेगा।

यूक्रेन ने मार्शल लॉ, लामबंदी का किया विस्तार

**कीव।** यूक्रेन ने मार्शल लॉ और लामबंदी की अवधि 90 दिनों के लिए बढ़ाकर 19 फरवरी, 2023 कर दी है। यूक्रेनी सांसद यारोस्लाव जेलेज्न्याक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर कहा, 'वेरखोवना राडा (यूक्रेनी संसद) ने मार्शल लॉ और सामान्य लामबंदी की अवधि को 90 दिनों के लिए 19 फरवरी, 2023 तक बढ़ा दिया है।'

## बंगाल में टीएमसी सांसद की कार की चपेट में आया बच्चा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के एक सांसद की कार की चपेट में आन से चार साल के बच्चे की मौत हो गई। खास बात यह है कि कार के अंदर सांसद मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कार मुर्शिदाबाद के सांसद अबू ताहिर खान की है। जो टीएमसी से सांसद हैं। खान कथित तौर पर बच्चे को अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान 4 बच्चे की मौत हो गई। खान ने कहा कि बच्चा अचानक ही कार के सामने आ गया था।

## शेयर बाजार शिखर पर

**मुंबई।** बुधवार को संसेक्स 107.73 अंक मजबूत होकर 61980.72 अंक के शिखर पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी महज 6.25 अंक बढ़कर 18409.65 अंक पर रहा।

## जम्मू : दर्दनाक हादसा में आठ लोगों की मौत

**जम्मू।** किश्तवाड़ में बुधवार रात को एक हादसा पेश आया है जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अलसर मारवाह में एक दुर्घटना में करीब आठ लोगों की मौत हो गई है।

## डिम्पल यादव को जद यू का समर्थन

**नयी दिल्ली।** जनता दल यू ने उत्तर प्रदेश में मैनपुरी लोक-सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप-चुनाव में डिंपल यादव का समर्थन करने की घोषणा की है। सीएम नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता की मुहिम की मजबूती के लिए मैनपुरी सीट पर सपा उम्मीदवार डिंपल का समर्थन करने का यह निर्णय लिया है।

## एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में भारत ने जीते सभी स्वर्ण

**डेगू (दक्षिण कोरिया)।** भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई एयरगन चैंपियनशिप 2022 में बुधवार को लगातार दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीत लिये। रिदम सांग्वान ने भारत को दिन का पहला पदक दिलाते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल महिला प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रिदम ने इस साल का दूसरा स्वर्ण जीता है।

### भारत को जी-20 की कमान, समिट में गूंजा मोदी का संदेश

# आज का युग जंग का नहीं

**एजेंसी**

**बाली।** यूक्रेन व रूस के बीच संघर्ष के मद्देनजर बाली में हो रहे जी20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर में पुतिन के साथ बातचीत में जो संदेश दिया था उसकी प्रतिध्वनि जी20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में बुधवार को सुनाई दी।

घोषणापत्र में नेताओं ने यूक्रेन युद्ध को तत्काल खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि 'आज का युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए।' दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के अंत में एक विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और दुनिया के लिए इसके प्रभावों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया।

**जी20 घोषणापत्र पर क्या बोले मेजबान देश के राष्ट्राध्यक्ष**

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो का कहना है कि जी20 घोषणापत्र में रूस-यूक्रेन को लेकर गहन चर्चा हुई थी। जी20 बाली घोषणापत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर मतभेदों की बात स्वीकार करते हुए कहा गया कि अधिकांश



सदस्यों ने इसकी कड़ी निंदा की है। घोषणापत्र के मुताबिक, अधिकतर सदस्यों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध भारी मानवीय पीड़ा का कारण बना जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा कमजोरियों को बढ़ाया। अधिकांश सदस्यों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से विकास बाधित हुआ, मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और ऊर्जा व खाद्य असुरक्षा बढ़ी।

बाली घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय व्यवस्था को कायम रखना जरूरी है। इसमें सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान भी किया गया।

**इंडोनेशिया ने भारत को जी-20 समिट की अध्यक्षता सौंपी**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी20 की अध्यक्षता सौंपी। भारत एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा।

**स्वदेश रवाना हुए पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में जी20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद आज ही स्वदेश वापसी कर रहे हैं।

**जी-20 अध्यक्षता समावेशी निर्णायक और क्रिया-उन्मुख होगी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि भारत की जी-20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और क्रिया-उन्मुख होगी। हमारा प्रयत्न रहेगा की जी-20 नए विचारों की परिकल्पना और सामूहिक एक्शन को गति देने के लिए एक ग्लोबल प्राइम मूवर की तरह काम करेगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। हम अपने विभिन्न शहरों और राज्यों में बैठकें आयोजित करेंगे।

### चुनौतीपूर्ण समय में जी 20 का जिम्मा ले रहा भारत

पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 का जिम्मा भारत ऐसे समय ले रहा है जब विश्व जियो पॉलिटिकल तनावों, आर्थिक मंदी और ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतों और महामारी के दुष्प्रभावों से एक साथ जूझ रहा है। ऐसे समय विश्व जी-20 की तरफ आशा की नजर से देख रहा है।

## फ्लाइट में मास्क लगाना अब अनिवार्य नहीं

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हवाई यात्रा के दौरान मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है, लेकिन कोरोना के मामलों की घटती संख्या के बीच यात्रियों को प्राथमिकता के तौर पर मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। अभी तक फ्लाइट में सफर के दौरान मास्क या फेस कवर का इस्तेमाल अनिवार्य था। मंत्रालय ने अनुसूचित एयरलाइनों को भेजे पत्र में कहा कि नवीनतम निर्णय कोविड-19 प्रबंधन प्रतिक्रिया के लिए सरकार की क्रमिक दृष्टिकोण की नीति के अनुरूप लिया गया है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की घोषणा की

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने घोषणा करते हुए चुनाव आयोग कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिया है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं आज अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हूं।' उन्होंने कहा कि मैं 2024 का चुनाव ऐसा लड़ूगा जैसा किसी ने नहीं लड़ा होगा।

स्पोर्ट्स

## भारत-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज कल से हार्दिक पांड्या के सामने बड़ी चुनौती



**वेलिंगटन।** भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। दौरे की शुरूआत तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ होनी है जिसके लिए हार्दिक पंड्या को टीम का कप्तान बनाया गया है। इस सीरीज के लिए अधिकतर अनभुवी खिलाडियों को आराम दिया गया है और युवाओं को मौके मिले हैं। दौरे की शुरूआत 18 नवंबर को वेलिंगटन में टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से होगी, जिसके बाद टीमें 20 और 22 नवंबर को दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टौरंगा और नेपियर जाएंगी। वनडे सीरीज 25 नवंबर को ऑकलैंड में शुरू होगी, दूसरा मैच 27 नवंबर को हैमिल्टन में और आखिरी 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

**ओपनिंग जोड़ी चुनना मुश्किल :** भारत ने सीरीज के लिए जो टीम चुनी है उसमें ओपनिंग जोड़ी बनाना हार्दिक और कोच वीवीएस लक्ष्मण के लिए मुश्किल हो सकता है। इस सीरीज के लिए जो टीम चुनी गई है उसमें दो ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो टी20 में लगातार ओपनिंग करते आए हैं। ईशान किशन और शुभमन गिल के पास ओपनिंग का अच्छा अनुभव है, लेकिन गिल का डेब्यू होगा इस बात की कोई गारंटी नहीं है। इन बल्लेबाजों को छोड़ दें तो टीम में ओपनिंग का अच्छा अनुभव रखने वाले बल्लेबाजों की कमी है। दीपक हूडा और सूर्यकुमार कुछ मौकों पर ओपनिंग कर चुके हैं, लेकिन टीम इंडिया ऐसा कोई प्रयोग करना नहीं चाहेगी।

## कठुआ गैंगरेप : आरोपी पर नाबालिग नहीं बालिग के तौर पर चलेगा मुकदमा : एससी

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर कठुआ गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी शुभम सांगरा पर नाबालिग नहीं बल्कि बालिग के तौर पर मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें इसको जुवेनाइल बताया गया था. जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि किसी आरोपी की उम्र तय करने के लिए अगर कोई पुख्ता सबूत नहीं हैं तो ऐसी स्थिति में 'मेडिकल ओपिनियन' को ही सही तरीका माना जायेगा।

जस्टिस अजय रस्तोगी व जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की अपील पर फैसला सुनाया है। जस्टिस पारदीवाला ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मेडिकल साक्ष्य पर



भरोसा किया जा सकता है या नहीं, यह साक्ष्य के मूल्य पर निर्भर करता है। ऐसे में सीजेएम कठुआ द्वारा पारित आदेश को रद्द किया जाता है और ऐसी स्थिति में आरोपी को अपराध के समय किशोर नहीं माना जाता है।

अभियुक्त की आयु सीमा निर्धारित करने के लिए किसी अन्य निर्णायक सबूत के अभाव में उम्र के संबंध में चिकित्सा पर विचार किया जाता है, जो स्पष्ट है। आरोपी के खिलाफ बालिग के तौर पर मुकदमा चलाया जाए।

## पोलैंड और नाटो ने कहा- गलती से दागी गयी थी यूक्रेनी मिसाइल, रूस पर भी आरोपों से किया इनकार

**एजेंसी**

**वारसा।** पोलैंड और नाटो ने बुधवार को कहा कि देश में गिरने वाली मिसाइल यूक्रेन से गलती से दागी गई थी। उन्होंने कहा कि इसके पीछे रूस का हाथ नहीं है, ये यूक्रेनी वायु सेना द्वारा छोड़ी गई थी, जो भटककर गलती से पोलैंड में आ गिरी। नाटो के प्रमुख ने कहा कि इसके लिए यूक्रेन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मास्को द्वारा किए गए हमले से बचने के लिए यूक्रेन ने अपने बचाव में ये कदम उठाए हैं।

**घटना पर नाटो ने बुलाई थी बैठक**

नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा, 'यह यूक्रेन की गलती नहीं है। कहीं न कहीं रूस इसके लिए जिम्मेदार है,



क्योंकि वह यूक्रेन के खिलाफ अपना अवैध युद्ध जारी रखा है।' बता दें कि पोलैंड में मिसाइल गिरने के बाद, नाटो के राजदूत ने मंगलवार आपातकालीन बैठक बुलाई थी। पोलैंड में मिसाइल गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी। मालूम हो कि पोलैंड और यूक्रेन सीमा पास है, जिस वजह से गलती से यूक्रेनी मिसाइल वहां जा गिरी। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद, पहली बार किसी पश्चिमी सैन्य गठबंधन के क्षेत्र में इस तरह का हमला हुआ है।

**पोलैंड ने रूस पर आरोपों से किया इनकार :** पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा ने कहा कि मेरे और हमारे सहयोगियों के पास जो जानकारी है। उससे पता चलता है कि वह सोवियत संघ में बना एक एस-300 राकेट था। वह एक पुराना राकेट था और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इसे रूस द्वारा लांच किया गया था।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## हम सबके पूर्वज समान हैं : भागवत

**एजेंसी**

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हम सबके पूर्वज समान हैं। आज का विज्ञान डीएनए मैपिंग के बाद कहता है कि 40 हजार साल पहले से जो अखंड भारत था, काबुल के पश्चिम से छिंदविन नदी के पूर्व तक और चीन की तरफ की ढलान से श्रीलंका के दक्षिण तक,जो मानव समाज आज है, उन सबका डीएनए समान है। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भागवत ने व्यापक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमको वेदों ने भी यही सिखाया कि



अपनी-अपनी पूजा पर पक्के रहो। अपनी-अपनी भाषा है, उसे बोलो, उस भाषा का विकास करो। अपना-अपना खान-पान है, वो उस भौगोलिक क्षेत्र के लिए उचित है। उस पर भी पक्के रहो। देश में संघ को छोड़कर ऐसी कोई संस्था नहीं, जिसने देश को एक करने का इतना प्रयास किया हो।

**वसुधैव कुटुंबकम को मानने वाले लोग हैं हम :** भागवत ने कहा कि भारत में अलग-अलग देवी-देवताओं को मानने वाले लोग हैं, ऐसे लोग भी हैं जो किसी देवी देवता को नहीं मानते। मैं सभी से आव्हान करता हूं कि वे सभी का सम्मान करें। वेदों में भी लिखा है कि सबका सम्मान करो, हम वसुधैव कुटुंबकम को मानने वाले लोग हैं। विविधताओं के बावजूद हम एक देश हैं, राजा बदलते रहे, आक्रमणकारी आए उन्होंने राज किया, लेकिन हम आज भी वही भारत हैं, जो सनातन समय से चला आ रहा है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वैन पर हमला, छह पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सशस्त्र हमलावरों ने एक पुलिस वैन पर गोलीबारी की जिसमें छह पुलिसकर्मी मारे गए। पुलिस ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से सटे लक्की मरवत जिले में मोबाइल वैन को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि हमले में पुलिस चौकी के सहायक उप निरीक्षक इलुमदीन सहित छह कांस्टेबल मारे गए। पुलिस मौके पर पहुंचकर फरार हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है।

### रविकिशन के गाना गुजरात मा मोदी छे का पोस्टर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन के गाना गुजरात मा मोदी छे का पोस्टर रिलीज हो गया है। रवि किशन ने गुजरात चुनाव के लिए पहली बार गुजराती भोजपुरी का मिक्स रैप सांन्ग गाया है। इस गाने का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा दिख रही है। साथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात के वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की तस्वीर है।


धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



सोनू सिंह
युवा नेता सह समाज सेवी
बालूमाथ



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



रंजित यादव
युवा समाज सेवी






धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



नीलम देवी
भाजपा नेत्री
झारखंड प्रदेश मंत्री



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



हरेकृष्णा सिंह
लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनिका

